


मध्यप्रदेश का सबसे तेज बढ़ता सांध्य दैनिक

# अमृत दर्शन

भोपाल, नर्मदापुरम एवं रायसेन से एक साथ प्रकाशित

RNI NO. 50259/90
वर्ष : 37
अंक : 113
भोपाल, शुक्रवार
12 जून 2026
पृष्ठ : 8 मूल्य : 1रु.



03 मध्यप्रदेश समावेशी विकास, नवाचार और जनकल्याण के...



www.amritdarshan.com
Email : amritdarshan@yahoo.com



मालवा स्टैलियंस को आठ विकेट से रौंदा 06


## मध्य प्रदेश में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है और राज्य के कई हिस्सों में तापमान 45°C के पार पहुंच गया है। मौसम विभाग ने कई जिलों में हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। राज्य के कई शहरों में भीषण गर्मी पड़ रही है, जहाँ खजुराहो, नौगांव और खंडवा जैसे इलाकों में अधिकतम तापमान 45°Cसे 47°C के बीच दर्ज किया गया है। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर और जबलपुर जैसे बड़े शहरों में भी तापमान 44°Cसे 45°C के स्तर तक पहुंच गया है, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हुआ है।

**मौसम में बदलाव और बारिश:** तेज गर्मी के बीच, राज्य के कुछ हिस्सों (विशेषकर जबलपुर, ग्वालियर, और चंबल संभागों) में प्री-मानसून गतिविधियों के कारण तूफानी हवाओं और हल्की बारिश की भी खबरें आ रही हैं, लेकिन इससे गर्मी से पूरी राहत नहीं मिल पा रही है। मध्य प्रदेश में मानसून का इंतजार थोड़ा और लंबा हो सकता है। फिलहाल प्री-मानसून सिस्टम सक्रिय हैं, जिसके चलते कई जिलों में तेज आंधी, बारिश और ओलावृष्टि की स्थिति बन रही है।

### उड़ता तीर





### अंतर्मना उवाच

**जुनून और सुकून के बिना, कोई भी काम सफल नहीं होता..!**

*__एक धनपति__ तीर्थ यात्रा के लिए निकला। वह बहुत चुस्त-दुरुस्त, चतुर और होशियार व्यक्ति था। यात्रा के दौरान ट्रेन में उसकी सामने वाली बर्थ पर बैठे __एक यात्री__ से पहचान हुई। बातचीत में उस यात्री ने कहा – मैं भी पहली बार तीर्थ यात्रा पर निकला हूँ। फिर खुशी से बोला.. चलो, अब हम एक से दो हो गये। आपकी संगति से मेरी यात्रा भी सफल हो जायेगी। उसने आगे कहा.. यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की सेवा हो, तो अवश्य बताइयेगा। इस बहाने हमें भी सेवा करने का अवसर और तीर्थ का पुण्य मिल जायेगा।*

*__इस प्रकार यात्रा आगे बढ़ती रही।__ धनपति जब भी कुछ खाता-पीता या नाश्ता करता, उस व्यक्ति को भी साथ खिलाता-पिलाता। वह यात्री भीतर ही भीतर बहुत प्रसन्न था – __ऐसा मोका फिर कहाँ मिलेगा।__*

*दरअसल, __वह यात्री एक शातिर चोर था,__ जो धनपति के पीछे-पीछे केवल चोरी करने के उद्देश्य से चल रहा था। वह इसी फिराक में रहता कि आखिर धनपति अपना रुपयों से भरा बटुआ कहाँ रखता है। धनपति प्रतिदिन उसी के सामने बटुए से पैसे निकालकर पेमेंट करता था। जब भी धनपति स्नान या बाथरुम के लिए जाता, वह चोर उसका बटुआ ढूँढ़ने में लग जाता, परंतु उसे कभी सफलता नहीं मिली।*



मंगल विहार के दौरान विघालय प्रांगड़, जालिमपुरा, तह. सज्जनगढ, (बाँसवाडा)। 42डिग्री तापमान में, 60 मिनिट का उत्कृष्ट तप करते तपस्वी सम्राट अंतर्मना आचार्य श्री 108 प्रसन्न सागरजी महाराज

*यात्रा समाप्त होने पर वह व्यक्ति धनपति के चरणों में गिर पड़ा और बोला – __सेठ जी, मुझे क्षमा कर दीजिये। मैं एक चोर हूँ।__ आपका धन चुराने के लिए ही इस यात्रा में आपके साथ रहा, लेकिन हजार प्रयासों के बाद भी असफल रहा। कृपा करके यह तो बताइये कि आप अपना बटुआ कहाँ छिपाते थे..? धनपति ने हँसते मुस्कुराते हुये कहा – __मैं जब भी स्नान या बाथरुम करने जाता था, तब अपना बटुआ आपके तकिये के नीचे छिपा देता था।__ आप उसे बाहर हर जगह खोजते रहे, जबकि मेरा धन आपके ही पास सुरक्षित रखा रहता था।*

*__सच ही कहा गया है मित्रों – जितनी आकर्षक यह बाहरी दुनिया है, उससे कहीं अधिक अद्भुत और रोमांचक हमारी भीतरी दुनिया है।__ भीतर झाँकने के लिए मन की आँखों की आवश्यकता होती है। और यह तभी संभव है, जब मनुष्य विचारों के शोर से मुक्त होकर शांत चित्त से बैठना सीखता है।*

*हमारे भीतर बहुत कुछ छिपा है, जब वह उद्घाटित होता है तो हमें आश्चर्यचकित कर देता है। __जिस सुख, शांति, प्रेम और आनंद को हम बाहर खोजते फिरते हैं, उससे कहीं अधिक हमारे भीतर भरा पड़ा है। आवश्यकता उसे बाहर खोजने की नहीं, बल्कि भीतर खोदने की है...!!!__*

■ **अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज**

---

नटराजन को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं

# कांग्रेस को नहीं दिया राष्ट्रपति ने समय

भोपाल ■ अमृत दर्शन

सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश से कांग्रेस की राज्यसभा उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द होने के मामले में कोई भी अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया है। अदालत ने स्पष्ट किया है कि एक बार चुनावी प्रक्रिया शुरू हो जाने के बाद न्यायपालिका आमतौर पर उसमें हस्तक्षेप नहीं करती है।



### सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई के मुख्य बिंदु-

इस मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति ए.एस. चंदुरकर की पीठ द्वारा की गई। जिसमें अदालत ने चुनाव परिणाम की घोषणा या प्रक्रिया को रोकने की कांग्रेस की मांग को नामंजूर कर दिया।अदालत ने टिप्पणी की कि इस मामले में सही कानूनी उपाय चुनाव संपन्न होने के बाद 'चुनाव याचिका' दायर करना है।

### राष्ट्रपति ने नहीं दिया कांग्रेसी नेताओं को समय

वहीं इसी मामले में मध्य प्रदेश के कांग्रेसी विधायक और वरिष्ठ नेता भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू से मिलने के लिए दिल्ली गए हुए हैं, जहां उन्होंने राष्ट्रपति भवन में आवेदन देकर समय मांगा था, जिसे स्वीकार नहीं किया गया है । राष्ट्रपति की व्यस्तता को देखते हुए उन्हें समय नहीं दिया गया। इस तरह देखा जाए तो सुप्रीम कोर्ट और राष्ट्रपति दोनों तरफ से फिलहाल कांग्रेस नेता मीनाक्षी नटराजन और कांग्रेसी विधायकों को राहत मिलती नजर नहीं आ रही है।

---

NEET UG 2026 में बड़ा बदलाव

# परीक्षा अवधि बढ़ी, 15 मिनट का ज्यादा समय मिलेगा

नई दिल्ली ■ एजेंसी

नीट यूजी 2026 की तैयारी कर रहे लाखों छात्रों के लिए बड़ी खबर है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (NTA) ने परीक्षा प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी, निष्पक्ष और छात्र-हितैषी बनाने के लिए कई अहम बदलावों की घोषणा की है। इनमें सबसे बड़ा फैसला परीक्षा की अवधि बढ़ाने और रफ वर्क के लिए अतिरिक्त जगह उपलब्ध कराने का है। एनटीए के अनुसार, 21 जून को आयोजित होने वाली नीट यूजी 2026 परीक्षा अब पहले से अधिक समय तक चलेगी। परीक्षा दोपहर 2 बजे शुरू होगी और शाम 5:15 बजे समाप्त होगी। यानी अभ्यर्थियों को प्रश्न हल करने के लिए अतिरिक्त 15 मिनट का समय मिलेगा। परीक्षा की अवधि बढ़ने से उम्मीदवारों को प्रश्नपत्र पढ़ने, समझने और उत्तर देने के लिए अधिक समय मिलेगा। इससे गलतियों को कम करने में मदद मिलेगी और छात्र बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे।

### गोपनीयता के साथ 551 शहरों तक पहुंचेंगे CRPF-CISF जवान

नीट-2026 परीक्षा की गोपनीय सामग्री के ट्रांसपोर्टेशन की जिम्मेदारी केंद्रीय अर्धसैनिक बल सीआरपीएफ और सीआईएसएफ को दी गई है। ये दोनों केंद्रीय बल, नीट परीक्षा की गोपनीय सामग्री को 551 शहरों तक लीकप्रूफ तरीक से पहुंचाने की जिम्मेदारी निभाएंगे। जिस हवाई जहाज में परीक्षा की गोपनीय सामग्री जाएगी, उसमें भी सीएपीएफ जवान मौजूद रहेंगे। सुरक्षा इंतजामों के तहत सीएपीएफ कर्मियों की तैनाती और नोडल अधिकारी का नॉमिनेशन प्रक्रिया शुरू की गई है।

---

## दिल्ली में फिर आग ने मचाई तबाही

# 5 मंजिला इमारत में भीषण आग, 3 की मौत, 8 झुलसे

नई दिल्ली ■ एजेंसी

दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के तुगलकाबाद इलाके में शुक्रवार तड़के पांच मंजिला रिहायशी इमारत में भीषण आग लगने से 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि 5 महिलाओं समेत 8 लोग झुलस गए। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और बचाव कार्य के लिए दमकल विभाग की कई टीमें मौके पर पहुंचीं। दिल्ली अग्निशमन सेवा (छ्स्न्स)के अनुसार आग लगने की सूचना रात करीब 2:25 बजे मिली। घटना तुगलकाबाद की गली नंबर-1 स्थित नया तारा अपार्टमेंट के पास एक रिहायशी मकान में हुई। सूचना मिलते ही दमकल की सात गाड़ियों को मौके पर रवाना किया गया। आग की गंभीरता को देखते हुए बाद में अतिरिक्त दमकल वाहनों को भी घटनास्थल भेजा गया।



अधिकारियों के मुताबिक आग मकान के ग्राउंड फ्लोर पर स्थित पार्किंग में खड़ी तीन स्कूटी, दो मोटरसाइकिल और एक साइकिल में लगी थी। देखते ही देखते आग और उससे निकला घना धुआं पूरी इमारत में फैल गया, जिससे लोगों में भगदड़ मच गई। आग की चपेट में आने से इमारत का ग्राउंड फ्लोर, पहली और दूसरी मंजिल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि ऊपरी मंजिलों को आंशिक नुकसान पहुंचा। दमकल कर्मियों ने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में राहत और बचाव कार्य चलाते हुए कई लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। हादसे में आठ लोग झुलस गए, जिनमें पांच महिलाएं शामिल हैं। सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जबकि तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान और मौत के कारणों की पुष्टि के लिए आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है।

### मृतकों में 2 महिलाएं और 1 पुरुष

अस्पताल सूत्रों के अनुसार, बचाव अभियान के दौरान निकाले गए घायलों में से दो महिलाओं की मौत हो गई, जबकि एक पुरुष ने भी इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। अधिकारियों के मुताबिक, बचाव अभियान में कुल आठ लोगों को इमारत से सुरक्षित निकाला गया था। इनमें से पांच महिलाओं को सफदरजंग अस्पताल के बर्न वार्ड में भर्ती कराया गया था। अस्पताल में भर्ती दो महिलाओं को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया, जबकि तीन अन्य महिलाओं का इलाज जारी है। वहीं, एम्स ट्रॉमा सेंटर में भर्ती दो महिलाओं और एक पुरुष में से पुरुष की मौत हो गई। दोनों महिलाओं की हालत गंभीर बनी हुई है और उन्हें बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी विभाग में उपचार दिया जा रहा है।

## भोपाल के पटाखा मार्केट में लगी आग, लाखों का नुकसान

**भोपाल।** हलालपुर स्थित पटाखा मार्केट में गुरुवार तड़के 4 बजे के आसपास भीषण आग लग गई। भोपाल के कोहेफिजा क्षेत्र के लालघाटी-हलालपुर स्थित पटाखा मार्केट में किसी वजह से आग भड़क उठी। एक के बाद एक अन्य दुकानों में रखे पटाखे जलने से आतिशबाजी होने लगी। आवाज सुन आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। जिसके कुछ ही देर बाद पुलिस मौके पर पहुंची।



फायर ब्रिगेड से पाया काबू

### आग से लाखों का सामान जलकर खाक

पटाखा मार्केट के पास ही एक पेट्रोल पंप है। जिसे सुरक्षा की दृष्टि से सुरक्षित किया गया। सूचना पर फायर ब्रिगेड भी पहुंची। जिसके बाद कर्मचारियों ने मोर्चा संभाला। कुछ ही घंटों में आग पर काबू पाया जा सका है। आग से दुकान में रखा लाखों के सामान जलने का दावा किया जा रहा है। आग के कारणों की जांच जारी है।

**पेट्रोल पम्प पास होने से गंभीर थी स्थिति:** जानकारी के मुताबिक, आग एक पटाखा दुकान से शुरू हुई और देखते ही देखते कई दुकानों तक फैल गई। दुकान में रखे पटाखों के लगातार धमाकों से पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया। स्थिति इसलिए और गंभीर हो गई, क्योंकि घटनास्थल के ठीक बगल में पेट्रोल पंप मौजूद था।

**इंदौर-भोपाल हाईवे का ट्रैफिक रोका गया:** किसी बड़े हादसे को टालने के लिए दमकल विभाग ने लगातार पानी की बौछारें कीं और क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई। एहतियातन इंदौर-भोपाल हाईवे पर यातायात भी रोक दिया गया। कई घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया।

---

शहडोल में सीबीआई की कार्रवाई

# बैंक अधिकारी 10 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

शहडोल ■ अमृत दर्शन

मध्य प्रदेश के शहडोल में सीबीआई ने बड़ी कार्रवाई करते एक बैंक अधिकारी 10 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया हैं आपको बता दें बैंक अधिकारी कियोस्क अनुमति के बदले घूस मांग रहा था। जिसमें अभ्यंकर शर्मा रंगे हाथों पकड़े गए हैं। आपको बता दें सीबीआई की 8 सदस्यीय टीम ने गुरुद्वारे के पास उसे ट्रैप कर दबोचा है। यह कार्रवाई शहडोल निवासी दीपेंद्र सिंह की शिकायत के आधार पर की गई। शिकायतकर्ता ने जिले में चार बैंकिंग कियोस्क संचालित करने के लिए सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में आवेदन प्रस्तुत किया था। आरोप है कि आवेदन की स्वीकृति और आवश्यक अनुमति जारी करने के लिए क्षेत्रीय कार्यालय में पदस्थ सहायक प्रबंधक अभ्यंकर शर्मा ने 10 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की।

### कियोस्क अनुमति के बदले मांगी थी घूस

**सीबीआई ने बिछाया जाल, रिश्वत लेते पकड़ा**

लगातार रिश्वत की मांग से परेशान होकर दीपेंद्र सिंह ने सीबीआई की जबलपुर इकाई से संपर्क कर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस अधीक्षक एस.के. राठी के निर्देशन में शिकायत का सत्यापन कराया गया, जिसमें आरोप सही पाए गए। इसके बाद सीबीआई ने ट्रैप की योजना बनाकर कार्रवाई की और आरोपी सहायक प्रबंधक को 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

### पूर्व एसबीआई एजीएम अनिल कुमार जैन पर ईडी का शिकंजा, 3.01 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क

**भोपाल।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के भोपाल जोनल कार्यालय ने मनी लॉन्ड्रिंग निवारण अधिनियम (PMLA), 2002 के तहत भारतीय स्टेट बैंक के पूर्व सहायक महाप्रबंधक अनिल कुमार जैन की करीब 3.01 करोड़ रुपये मूल्य की चल संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क किया है। यह कार्रवाई 10 जून 2026 को की गई। ईडी ने यह जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो भोपाल द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर शुरू की थी।

---

# शूटर जसपाल राणा का निधन

## कोच के निधन पर भावुक हुई मनु भाकर, ट्रेनिंग रोकी

नई दिल्ली ■ एजेंसी

भारत के दिग्गज शूटर जसपाल राणा का शुक्रवार को निधन हो गया। 1 जून को जर्मनी से लौटते समय फ्लाइट में 49 साल के राणा की तबीयत बिगड़ी थी। दिल्ली पहुंचने पर उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उनके हार्ट में स्टेंट डाला गया था। नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के प्रेसिडेंट कालीकेश नारायण सिंह देव ने उनके निधन की पुष्टि की।



जसपाल राणा ने कॉमनवेल्थ गेम्स में 9 बार गोल्ड मेडल जीते थे। इनमें लगातार 4 एडिशन के गोल्ड शामिल रहे। राणा पेरिस ओलिंपिक में डबल ओलिंपिक मेडल जीतने वाली शूटर मनु भाकर के कोच भी थे। उन्हें फरवरी 2025 में 25 मीटर पिस्टल के लिए भारतीय जूनियर टीम का हाई परफार्मेंस कोच बनाया गया था।

जसपाल राणा ने कॉमनवेल्थ और एशियन गेम्स को मिलाकर कुल 23 मेडल अपने नाम किए थे। इनमें एशियन गेम्स में 4 गोल्ड, 2 सिल्वर और 2 ब्रॉन्ज मिलाकर कुल 8 मेडल थे।

## पीएम मोदी ने सभी राज्यों के सीएम को भेजा अलर्ट टोन

**नई दिल्ली।** अल नीनो से इस वर्ष भारत में मानसून की बारिश पर खतरा मंडरा रहा है। देश में भीषण गर्मी और सूखा पड़ने की आशंका उत्पन्न हो गई है। अल नीनो से भारत में फसलों की पैदावार पर बुरा असर पड़ने की संभावना है। अमेरिका के क्लाइमेट प्रेडिक्शन सेंटर ने गुरुवार को कहा कि अल नीनो की स्थिति बनी हुई है और इसके 2026-27 की सर्दियों तक और मजबूत होने की उम्मीद है। अल-नीनो के खतरे को देखते हुए पीएम मोदी ने सभी राज्यों के सीएम को अलर्ट किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने सभी राज्यों को अल-नीनो के खतरों से तैयार रहने को कहा है।

**अल-नीनो के खतरों से तैयार रहने को कहा**

## सरकार ने देशभर के पेट्रोल पंपों से बड़ी मात्रा में ईंधन खरीदने वाले ग्राहकों पर लगाई रोक

नई दिल्ली ■ एजेंसी

मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव और वैश्विक तेल आपूर्ति पर पड़ रहे असर के बीच केंद्र सरकार ने पेट्रोल और डीजल की बिक्री को लेकर बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने देशभर के पेट्रोल पंपों से बड़ी मात्रा में ईंधन खरीदने वाले कुछ खास ग्राहकों पर अस्थायी रोक लगा दी है। यह नियम अगले 90 दिनों तक लागू रहेगा।

नए आदेश के मुताबिक इंडस्ट्रियल, कमर्शियल और इंस्टीट्यूशनल उपभोक्ता अब सामान्य पेट्रोल पंपों से पेट्रोल-डीजल नहीं खरीद सकेंगे। उन्हें अपनी जरूरत का ईंधन अधिकृत बल्क सेल पॉइंट्स या थोक बिक्री केंद्रों से ही लेना होगा। पिछले कुछ दिनों में देश के कई हिस्सों में डीजल की मांग अचानक बढ़ गई थी। इसकी बड़ी वजह यह रही कि बल्क उपभोक्ता रिटेल और थोक कीमतों के अंतर का फायदा उठाकर सीधे पेट्रोल पंपों से ईंधन खरीदने लगे थे। दरअसल, सरकार ने आम लोगों को राहत देने के लिए खुदरा स्तर पर पेट्रोल-डीजल की कीमतों को नियंत्रित रखा हुआ है।

**90 दिनों तक लागू रहेगी रोक**



## आज शाम जारी होगा एमपी बोर्ड 12वीं द्वितीय परीक्षा का रिजल्ट

**भोपाल।** माध्यमिक शिक्षा मंडल (एमपीबीएसई) द्वारा आयोजित हायर सेकेंडरी (कक्षा 12वीं) द्वितीय परीक्षा वर्ष-2026 का परिणाम शुक्रवार को शाम 4 बजे घोषित किया जाएगा। विद्यार्थी मंडल की वेबसाइट पर अपना परीक्षा परिणाम देख सकेंगे। रिजल्ट जारी होने के साथ ही प्रदेशभर के हजारों विद्यार्थियों का इंतजार खत्म हो जाएगा। इस वर्ष एमपी बोर्ड की 12वीं मुख्य परीक्षा में कुल 6 लाख 89 हजार 746 विद्यार्थी शामिल हुए थे। मुख्य परीक्षा का परिणाम 15 अप्रैल को घोषित किया गया था। परीक्षा में नियमित विद्यार्थियों का पास प्रतिशत 76.01 प्रतिशत रहा।

---

# कांग्रेस में विलय मात्र अफवाह, लेकिन टीएमसी अब शिवसेना की राह पर

भोपाल ■ जगत शर्मा

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव होने के बाद टीएमसी की शर्मनाक पराजय ने उसे पूरी तरह से तोड़ कर रख दिया है। एक तरफ जहां लगातार टीएमसी के सांसद, विधायक ,पार्षद तक पार्टी छोड़ रहे हैं ,तो वहीं दूसरी तरफ तृणमूल कांग्रेस के कांग्रेस में विलय की संभावनाएं और अफवाहें तेजी से राजनीतिक गलियारों में तैर रही हैं।

राजनीतिक विशेषज्ञों की माने तो तृणमूल कांग्रेस, कांग्रेस में विलय तो नहीं करेगी ,लेकिन जिस तरह से लगातार पार्टी के सांसद इस्तीफा दे रहे हैं और विधायक ममता बनर्जी से बगावत कर रहे हैं ,उसे देखते हुए कहा जा सकता है, कि तृणमूल कांग्रेस का वजूद ही अब खतरे में नजर आने लगा है। हालांकि तृणमूल कांग्रेस के कांग्रेस में पूर्ण विलय की खबरें पूरी तरह से अफवाह और बेबुनियाद हैं, जिसकी आधिकारिक पुष्टि कर दोनों ही पार्टियों ने खारिज की है। लेकिन पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में सत्ता गंवाने के बाद टीएमसी के भीतर एक बहुत बड़ी बगावत और आंतरिक टूट की स्थिति बनी हुई है।इस राजनीतिक संकट, टूट के दावों और कांग्रेस के साथ विलय की उड़ती अफवाहों की पूरी हकीकत क्या है जानते हैं।



कांग्रेस महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने इन खबरों को सिरे से नकारते हुए 'पूरी तरह से गलत और अफवाह' बताया है। उन्होंने साफ किया कि हाल ही में ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी की कांग्रेस नेतृत्व (सोनिया गांधी और राहुल गांधी) के साथ हुई बैठकें केवल 'ढ्ढहृष्ठढ्ढ' गठबंधन और राष्ट्रीय मुद्दों के समन्वय पर आधारित थीं, न कि किसी विलय पर।

- **टीएमसी का आधिकारिक स्टैंड:** टीएमसी के वरिष्ठ नेताओं ने भी विलय की बात को खारिज किया है। पार्टी सांसदों का कहना है कि वे संसद और राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस के साथ मिलकर काम करने को तैयार हैं, लेकिन अपनी स्वतंत्र राजनीतिक पहचान खत्म नहीं करेंगे।
- **प्रस्तावों की अटकलें:** राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा जरूर है कि संकट से घिरी टीएमसी को बचाने के लिए कुछ राष्ट्रीय पदों (जैसे ममता बनर्जी को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष) की पेशकश का शिगूफा उड़ाया गया था, पर इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं है।

### कांग्रेस में विलय की अफवाहों की सच्चाई

- टीएमसी में भारी टूट और बगावत की हकीकतभले ही कांग्रेस में विलय नहीं हो रहा हो, लेकिन बंगाल विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार (294 सदस्यीय विधानसभा में टीएमसी महज 80 सीटों पर सिमट गई) के बाद पार्टी में अब तक का सबसे बड़ा संकट खड़ा हो गया है।



- **विधायकों और सांसदों की बगावत:** मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, टीएमसी के लगभग 58 विधायकों और करीब 19-20 लोकसभा सांसदों ने बगावती रुख अख्तियार कर लिया है। बागी गुट के नेताओं का दावा है कि वे ही 'असली टीएमसी' हैं और वे चुनाव आयोग का रुख भी कर सकते हैं।
- **इस्तीफों की झड़ी:** राज्यसभा में टीएमसी को भारी नुकसान हुआ है। पार्टी के तीन वरिष्ठ राज्यसभा सांसदों— सुखेंदु शेखर राय (जिन्होंने 'अराजक शासन' का हवाला दिया), सुष्मिता देव और प्रकाश चिक बड़ाइक ने एक हफ्ते के भीतर इस्तीफे दे दिए हैं। इसके अलावा राज्य में 90 से अधिक पार्षदों और संगठन के कई पदाधिकारियों ने भी पद छोड़ दिए है।
- **टीएमसी का आंतरिक कलह:** पार्टी के भीतर अभिषेक बनर्जी के नेतृत्व को लेकर असंतोष और वरिष्ठ नेताओं बनाम युवा नेताओं (जैसे कल्याण बनर्जी बनाम अभिषेक बनर्जी) की गुटबाजी खुलकर सामने आ गई है।
- **कानूनी और राजनीतिक गणित:** दल-बदल विरोधी कानून (10वीं अनुसूची) के तहत यदि बागी गुट को अयोग्य होने से बचना है, तो उन्हें सदन में मौजूद पार्टी के कुल सदस्यों के कम से कम दो-तिहाई (2/3) संख्या बल की आवश्यकता होगी। टीएमसी के 28 लोकसभा सांसदों में से 19 सांसदों की बगावत इसी दो-तिहाई के आंकड़े (गणित) को साधने की कोशिश मानी जा रही है।
- **ममता बनर्जी की रणनीति:** ममता बनर्जी पार्टी में हो रहे इस बिखराव को रोकने और केंद्र सरकार/बीजेपी के राजनीतिक हमलों का मुकाबला करने के लिए 'ढ्ढहृष्ठढ्ढ' गठबंधन और कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के साथ अपनी निकटता बढ़ा रही हैं ,ताकि पार्टी के बागियों और बाहरी दबाव दोनों को संभाला जा सके। संक्षेप में कहें तो, टीएमसी गंभीर आंतरिक टूट और बिखरते संगठन के संकट से जूझ रही है, लेकिन उसका कांग्रेस में विलय नहीं हो रहा है। दोनों दल केवल विपक्षी मोर्चे पर एक-दूसरे के साथ रणनीतिक तालमेल बिठा रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### पत्रकार धानसे बने भारतीय पत्रकार संघ के जिला महासचिव



**खरगोन।** सक्रिय पत्रकार देवीसिंह धानसे को भारतीय पत्रकार संघ का जिला महासचिव नियुक्त किया गया है। पत्रकारिता के क्षेत्र में उनके लंबे अनुभव और पत्रकार हितों के प्रति प्रतिबद्धता को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह नियुक्ति प्रदेश संयोजक आमिर शेख के प्रस्ताव, जिलाध्यक्ष प्रकाश भावसार की अनुशंसा, प्रदेश अध्यक्ष राकेश साहू के निर्देश और प्रदेश उपाध्यक्ष श्याम कुशवाह की सहमति की गई। अपनी नियुक्ति पर धानसे ने प्रदेश पदाधिकारियों का आभार जताया। धानसे ने बताया कि एआईजे विगत 12 वर्षों से देश भर में पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा, सम्मान, सुरक्षा और कल्याण के लिए लगातार काम कर रहा है। संगठन पत्रकारों की समस्याओं को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाता है। संगठन की मंशा अनुरुप जिले में संगठन का विस्तार और सुदृढ़ीकरण करेंगे। नियुक्ति पर जिले के पत्रकारों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी।

### शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म, केस दर्ज

**ग्वालियर।** ग्वालियर के हजीरा थाना क्षेत्र में एक युवती ने एक युवक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। युवती का कहना है कि युवक ने उसे अपने कमरे पर बुलाया, शादी का वादा कर शारीरिक संबंध बनाए और अब शादी से इनकार कर रहा है। पुलिस ने युवती की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। हजीरा थाना क्षेत्र निवासी 19 वर्षीय युवती ने पुलिस को बताया कि वह जिस दुकान पर काम करती है, वहां शिवम कुशवाह का आना-जाना था। शिवम की ट्रेवल्स एजेंसी है। करीब छह महीने पहले दोनों की दोस्ती हुई और उनके बीच बातचीत शुरू हो गई। युवती के अनुसार, 22 मई को शिवम ने उसे मिलने के लिए बुलाया। पहले से चल रही बातचीत के भरोसे में युवती उसके किराए के कमरे पर पहुंच गई। उस दिन शिवम कमरे पर अकेला था।

### देशभर में खुलेंगे 'लव जिहाद रिहैब सेंटर', गुजरात में बनेगा पहला केंद्र

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश के जबलपुर में आयोजित हिन्दू हुंकार कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचीं हिंदूवादी नेत्री काजल हिंदुस्तानी ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने ऐलान किया कि हिंदू बेटियों को कथित 'लव जिहाद' से बचाने के लिए देशभर में रिहैब सेंटर खोले जाएंगे। काजल हिंदुस्तानी ने कहा कि देश का पहला 'लव जिहाद रिहैब सेंटर' गुजरात में शुरू किया जाएगा। यहां उन युवतियों और परिवारों को सहायता दी जाएगी, जो कथित तौर पर लव जिहाद से प्रभावित हुए हैं। उन्होंने बताया कि सेंटर में युवतियों की काउंसलिंग की जाएगी और जरूरत पड़ने पर उन्हें वहां रखा भी जाएगा। मीडिया से चर्चा में काजल हिंदुस्तानी ने दावा किया कि देश में लव जिहाद के मामले लगातार बढ़ रहे हैं और संगठित तरीके से युवतियों को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि अलग-अलग समुदायों की लड़कियों को फंसाने के लिए अलग-अलग रकम तय की जाती है और इसके लिए विदेशों से फंडिंग भी होती है।

### हाईटेंशन लाइन निर्माण में बाधा पर 9 लोगों पर केस

**खंडवा।** सिंहस्थ-2028 से पहले बिजली अधोसंरचना को मजबूत करने के लिए बनाई जा रही 132 केवी सनावद आरटीएस-निमाड़खेड़ी विद्युत पारेषण लाइन को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। एक ओर एमपी पावर ट्रांसमिशन कंपनी ने निर्माण कार्य में बाधा डालने और अधिकारियों-कर्मचारियों से अभद्रता करने के आरोप में 9 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। वहीं दूसरी ओर प्रभावित विधवा किसान के समर्थन में ग्रामीणों और किसान प्रतिनिधियों ने मुआवजे को लेकर सवाल उठाए हैं। मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के अनुसार 132 केवी सनावद आरटीएस-निमाड़खेड़ी विद्युत पारेषण लाइन का निर्माण कार्य तेज गति से चल रहा है।

# जल कृष्ण को याद करने का प्रेरक है -पं. बृजेश गुरु

खरगोन ■ निसं





जल हमें कृष्ण के गुणों और लीलाओं की याद दिलाता है, इस पर ध्यान लगाने के अलावा, हम अपने दैनिक जीवन में जल का उपयोग करके उनके प्रति अपनी जागरूकता बढ़ा सकते हैं। उदाहरण के लिए, बुनियादी स्वास्थ्य के लिए हमें पीने और नहाने के लिए स्वच्छ जल की आवश्यकता होती है, और खाना पकाने और कपड़े व घर साफ करने के लिए भी इसकी आवश्यकता होती है। हमें उस व्यवस्था की आवश्यकता है जो कृष्ण ने वाष्पीकरण और वर्षा के माध्यम से स्वच्छ जल की आपूर्ति के लिए स्थापित की है। कम से कम, हमें इन उपहारों के लिए भगवान का नियमित रूप से धन्यवाद करना चाहिए, जो हमारे शरीर को जीवित रखते हैं। इसके अलावा, हमें जल के लिए आभारी होना चाहिए क्योंकि यह कृष्ण को याद करने का एक प्रेरक है, क्योंकि यह स्मरण उनके प्रति हमारी सेवा और प्रेम को बढ़ाएगा, और हमारी भक्ति के पौधे को सींचेगा। उक्त उदगार श्री महामृत्युंजय धाम गांधीनगर में श्री पुरुषोत्तम मास के मंगल शुभावसर पर मातृ शक्ति संगठन द्वारा जल की महत्ता को लेकर आयोजित श्रीमद भागवत कथा में परम पूज्य व्यास गादी से भागवताचार्य पंडित श्री बृजेश जी शर्मा ने व्यक्त किए। आपने गोपाल कृष्ण की अलौकिक लीला का बखान किया। इस अवसर पर बाल गोपाल मण्डली ने मटकी फोड़कर दूध दही का रसास्वादन किया। कथा के दौरान अखिल विश्व गायत्री परिवार की पूर्व महिला मंडल जिला संयोजिका वर्तमान में आओ गढ़े संस्कारवान पीढ़ी की खरगोन, खंडवा, बुरहानपुर,बड़वानी चार जिलों की प्रभारी श्रीमती सुनीता पाटीदार ने मातृशक्ति को संबोधित करते हुए पानी की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए की जल की तरह सरस जल बने सब में मिल जावे आपने कहा कि प्रकृति का न करे हरण आओ बचाए पर्यावरण पंचम दिवस की कथा विराम पर आरती मुख्य मनोरथी सुधा देवी सोलंकी एवं सह मनोरथी श्रीमती कामिनी भारत सिंह मण्डलोई द्वारा की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## सतना में यूसीएल फैक्ट्री में कर्मचारी की मौत पर हंगामा

# हार्ट अटैक के बाद इलाज में देरी का आरोप, परिजनों ने मांगा मुआवजा और नौकरी

सतना ■ निसं

सतना स्थित यूसीएल (यूनिवर्सल केबल लिमिटेड) फैक्ट्री में गुरुवार को ड्यूटी के दौरान एक कर्मचारी की मौत के बाद जमकर हंगामा हो गया। फैक्ट्री में लैब टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत सत्य प्रकाश तिवारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार चिकित्सकों ने मौत का कारण हार्ट अटैक बताया है, लेकिन परिजनों ने फैक्ट्री प्रबंधन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है।

परिजनों का कहना है कि सत्य प्रकाश तिवारी को गुरुवार सुबह करीब 8 बजे ड्यूटी के दौरान सीने में तेज दर्द और हार्ट अटैक जैसे लक्षण महसूस हुए थे। आरोप है कि उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाने के बजाय फैक्ट्री परिसर में ही गैस की दवा और नींबू पानी दिया जाता रहा। परिवार का दावा है कि लगभग दो घंटे तक उचित चिकित्सा सहायता नहीं मिली। सुबह करीब 10 बजे उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।



**शव लेकर फैक्ट्री पहुंचे परिजन, प्रदर्शन:** आक्रोशित परिजन और समर्थक मृतक का शव एंबुलेंस में लेकर दोपहर 3 बजे यूनिवर्सल केबल फैक्ट्री के मुख्य गेट पर पहुंच गए और प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने फैक्ट्री प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मामले की निष्पक्ष जांच और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की।

परिजनों का आरोप है कि यदि समय रहते सत्य प्रकाश तिवारी को अस्पताल पहुंचाया जाता तो उनकी जान बचाई जा सकती थी। उन्होंने फैक्ट्री प्रबंधन से 10 लाख रुपए मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की मांग रखी है।

स्थिति को देखते हुए मौके पर सीएसपी देवेंद्र प्रताप सिंह, कोलगवां थाना प्रभारी सुदीप सोनी सहित भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस अधिकारियों द्वारा परिजनों और फैक्ट्री प्रबंधन के बीच बातचीत कर मामला शांत कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस पूरे मामले की जानकारी जुटा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों तथा लापरवाही के आरोपों की स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

### ओंकारेश्वर नहर में तीन युवक डूबे, तीनों के शव मिले

**ओंकारेश्वर।** ओंकारेश्वर के कोठी हेलीपैड क्षेत्र स्थित नहर में नहाने के दौरान गुरुवार को तीन मजदूर डूब गए। इस हादसे में तीनों युवकों की मौत हो गई है। ये तीनों मजदूर ओंकारेश्वर-मोरटक्का निर्माणाधीन सड़क परियोजना में कार्यरत थे। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, निर्माण कंपनी में डंपर चालक रामचरण (53), निवासी खेरदा, खरगोन ने मांधाता थाने में सूचना दी। उन्होंने बताया कि उनके साथी कर्मचारी सुनील साहू, भगवानदास साहू और अनिकेत यादव 10 जून की शाम को कोठी नहर में स्नान करने गए थे। अगले दिन जब तीनों श्रमिक कैंप में नहीं लौटे, तो सहकर्मियों ने उनकी तलाश शुरू की। नहर किनारे पहुंचने पर तीनों के कपड़े और अन्य सामान मिले, जिससे उनके डूबने की आशंका जताई गई। सूचना मिलते ही पुलिस, प्रशासन और बचाव दल ने तत्काल तलाशी अभियान शुरू किया। इस दौरान सुनील साहू (20 वर्ष), निवासी सीधी, और अनिकेत यादव (लगभग 25 वर्ष), निवासी गोपालगंज, बिहार के शव घटनास्थल से करीब 200 मीटर दूर बरामद किए गए थे। बरामद दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण एवं दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

# पुलिस लाइन में साप्ताहिक जनरल परेड का आयोजन हुआ

दतिया ■ निसं



पुलिस अधीक्षक दतिया श्री मयूर खण्डेलवाल के निर्देशन में पुलिस लाइन दतिया में साप्ताहिक जनरल परेड का आयोजन अनुशासन एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड का निरीक्षण कर सलामी ली गई तथा उत्कृष्ट टर्न-आउट, अनुशासन एवं कार्यकुशलता प्रदर्शित करने वाले पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया गया। परेड का संचालन रक्षित निरीक्षक द्वारा किया गया।

साप्ताहिक परेड का मुख्य उद्देश्य पुलिस बल में अनुशासन, समय-पालन, टीम भावना एवं व्यावसायिक दक्षता को और अधिक सुदृढ़ करना रहा। परेड के दौरान अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा कदम से कदम मिलाकर अभ्यास किया गया, जिसमें अनुशासन, समन्वय एवं त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन देखने को मिला।

परेड उपरांत पुलिस अधीक्षक श्री मयूर खण्डेलवाल द्वारा पुलिस लाइन में की शाखाओं, उपलब्ध शासकीय वाहनों के रखरखाव, स्वच्छता एवं संचालन व्यवस्था का निरीक्षण किया गया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त उन्होंने पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों से रूबरू होकर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त की तथा उनके त्वरित एवं यथोचित निराकरण हेतु आश्वस्त किया और सभी को पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ कर्तव्यों के निर्वहन हेतु प्रेरित किया। इस दौरान अति पुलिस अधीक्षक श्री सुनील कुमार शिवहरे, एसडीओपी दतिया आकांक्षा जैन, एसडीओपी भांडेर पूनम चंद्र यादव, एसडीओपी बड़ौनी विनायक शुक्ला, एसडीओपी सेवढ़ा अजय चानना, रक्षित निरीक्षक सौरभ तिवारी सहित, थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

# प्रेमजाल में फंसाकर युवती से छह लाख हड़पे, लौटाने का कहने पर करने लगा ब्लैकमेल, अब सलाखों के पीछे

धार ■ निसं

राजगढ़ में एक युवक ने सोशल मीडिया के जरिए नाबालिग बालिका को प्रेमजाल में फंसाकर दुर्घटना समेत विभिन्न बहाने बनाकर करीब छह लाख रुपये ठग लिए। पैसे मांगने पर वह धमकियां देने लगा। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। वहीं, एक लूटकांड में भी दो आरोपियों को गिरफ्तार कर नकदी और अन्य सामान बरामद किया गया। नाबालिग बालिका को प्रेम जाल में फंसाकर कई तरह के बहानों से करीब छह लाख रुपये हड़प लिए जाने का मामला सामने आया है। पैसे वापस मांगने पर उसे ब्लैकमेल व छेड़छाड़ करने की धमकी भी दी जा रही थी। पुलिस ने शिकायत के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर नाबालिग से दोस्ती कर लाखों की रकम हड़प ली थी।

पुलिस के अनुसार, 7 जून को थाना राजगढ़ में एक पीड़ित परिवार द्वारा शिकायत




दर्ज कराई गई थी। शिकायत में बताया गया कि राजगढ़ निवासी आरोपी कृष्णा पिता महेश शर्मा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म स्नैपचैट के माध्यम से नाबालिग बालिका से संपर्क साधा था। धीरे-धीरे उसने बालिका को अपने प्रेम जाल में फंसाकर उसका विश्वास जीत लिया। विश्वास में लेने के बाद आरोपी ने खुद की दुर्घटना होने और अन्य जरूरी कामों का बहाना बनाकर पीड़िता से समय-समय पर बड़ी रकम ऐंठना शुरू कर दिया। इस तरह आरोपी ने कई किस्तों में लगभग छह लाख रुपये हड़प लिए। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन व मार्गदर्शन में आरोपी की धरपकड़ के लिए तत्काल एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी कृष्णा पिता महेश शर्मा को राजगढ़ से ही गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

### लूट की वारदात में खुलासा

एक अन्य मामले में राजगढ़ पुलिस ने एक अन्य लूट के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से हजारों की नगदी, मोबाइल और अन्यि सामग्री को जब्त किया है। 28 जून को फरियादी राजवीर मालवी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसमें अज्ञात बदमाशों ने उनसे 70 हजार की नगदी, मोबाइल फोन और जरूरी दस्तावेज लूट लिए थे। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की थी। पुलिस टीम तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर के सूचना तंत्र के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही थी, इसी बीच 10 जून को प्रकरण में संलिप्त दो आरोपियों मुकेश पिता धुंधरा और बबलू उर्फ बाबू पिता वीरसिंह दोनों निवासी कालीदेवी थाना टांडा को गिरफ्तार कर लिया।

# सीसीटीवी कंट्रोल रूम एवं यातायात पुलिस की तत्परता से यात्री का खोया हुआ बैग सुरक्षित वापस मिला

दतिया ■ निसं

फरियादी उस्मान राईन निवासी इन्दरगढ़ द्वारा सूचना दी गई कि दिनांक 11.06.2026 को वह टाउन हॉल स्थित माता बाली गली से एक काले रंग के ऑटो में बैठकर रेलवे स्टेशन जा रहे थे। यात्रा के दौरान उनका एक बैग ऑटो में छूट गया, जिसमें दवाइयाँ, आवश्यक दस्तावेज, आभूषण एवं अन्य महत्वपूर्ण सामान रखा हुआ था।

सूचना प्राप्त होते ही सीसीटीवी कंट्रोल रूम में तैनात पुलिस कर्मियों द्वारा टाउन हॉल क्षेत्र के कैमरों का अवलोकन कर संबंधित ऑटो की पहचान की गई।

तत्पश्चात फरियादी द्वारा बताए गए संदिग्ध ऑटो वाहन का नम्बर सीसीटीवी फुटेज से ट्रेस किया, ऑटो के नंबर के आधार पर थाना पुलिस एवं यातायात पुलिस के सहयोग से



ऑटो चालक का पता लगाया गया। ऑटो चालक ने ईमानदारी का परिचय देते हुए कंट्रोल रूम पहुंचकर उक्त बैग सुरक्षित रूप से जमा कराया। इसके बाद बैग को उसके वास्तविक स्वामी उस्मान राईन को सही-सलामत सुपुर्द किया गया। फरियादी द्वारा जिला पुलिस, सीसीटीवी कंट्रोल रूम एवं यातायात पुलिस की त्वरित एवं सराहनीय कार्यवाही के लिए आभार व्यक्त किया गया।

## चंबल में रेत माफिया पर शिकंजा

# कलेक्टर-एसपी ने रात में संभाला मोर्चा; लापरवाही पर टीआई लाइन अटैच

धार ■ निसं

सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बाद मुरैना प्रशासन ने अवैध रेत खनन के खिलाफ सख्त अभियान छेड़ दिया है। कलेक्टर और एसपी ने रात में औचक निरीक्षण किया। वहीं लापरवाही के आरोप में सबलगढ़ थाना प्रभारी राजकुमारी परमार को निलंबित कर दिया गया।

सुप्रीम कोर्ट के सख्त रुख के बाद चंबल अंचल में अवैध रेत खनन पर पूरी तरह लगाम लगाने के लिए प्रशासन ने अभियान तेज कर दिया है। बुधवार देर रात करीब 2 बजे कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ और पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीणा भारी पुलिस बल के साथ नेशनल हाईवे-44 और राजघाट क्षेत्र में औचक निरीक्षण पर निकले। इस कार्रवाई का उद्देश्य जमीनी स्थिति का जायजा लेना और रेत माफिया की गतिविधियों पर नजर रखना था।

कलेक्टर और एसपी की यह लगातार तीसरी रात्रिकालीन कार्रवाई थी। दोनों अधिकारियों ने सबसे पहले नेशनल हाईवे-44 स्थित वन विभाग के चेक पोस्ट का निरीक्षण किया। इसके बाद सिकरौदा नहर के एसएएफ टेंट चेकिंग पॉइंट, राजघाट एसएएफ गार्ड पॉइंट, कुल्हड़ा, गढ़ौरा का पुरा और आरटीओ चेकिंग पॉइंट पर पहुंचकर ड्यूटी पर तैनात जवानों से चर्चा की। इस दौरान खनिज अधिकारी सुखदेव निर्मल भी मौजूद रहे।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने कहा कि



चंबल क्षेत्र के सभी रेत घाट पूरी तरह बंद करा दिए गए हैं। रात के समय नेशनल हाईवे, राजघाट और गढ़ौरा क्षेत्र में रेत माफिया की कोई गतिविधि नहीं मिली। हालांकि उन्होंने आशंका जताई कि कुछ लोग अन्य स्थानों से रेत लाकर परिवहन करने का प्रयास कर सकते हैं। इसे रोकने के लिए सभी नाकों पर शिफ्टवार ड्यूटी लगाई गई है। एसपी धर्मराज मीणा ने वन विभाग और एसएएफ के जवानों को निर्देश दिए कि अवैध रेत परिवहन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी क्षेत्र से रेत से भरी ट्रॉली गुजरती पाई गई तो संबंधित कर्मियों के खिलाफ सीधे कार्रवाई की जाएगी। ड्यूटी में लापरवाही पर किसी तरह की रियायत नहीं दी जाएगी। पूरे अभियान के दौरान टीम को रेत से भरा कोई वाहन नहीं मिला। हालांकि खनिज विभाग ने अवैध रूप से ईंट परिवहन कर रही एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर कार्रवाई की। प्रशासन ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोगों को जागरूक कर रहा है कि चंबल क्षेत्र में रेत उत्खनन पूरी तरह प्रतिबंधित है। इधर, अवैध खनन और जुए के मामलों में लापरवाही बरतने पर मुरैना एसपी धर्मराज मीणा ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सबलगढ़ थाना प्रभारी राजकुमारी परमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जांच पूरी होने तक उन्हें पुलिस लाइन अटैच किया गया है।

जानकारी के अनुसार, जिला प्रशासन और पुलिस द्वारा रेत माफिया के खिलाफ संयुक्त अभियान चलाया जा रहा है। इसके बावजूद सबलगढ़ थाना क्षेत्र में कार्रवाई का स्तर संतोषजनक नहीं पाया गया। हाल ही में क्षेत्र में रेत परिवहन और सबलगढ़ किले पर खुलेआम जुआ खेले जाने के वीडियो सामने आए थे। आरोप है कि इन मामलों में थाना प्रभारी द्वारा प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। एसपी को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि संयुक्त अभियान के दौरान थाना प्रभारी प्रशासनिक अधिकारियों को अपेक्षित सहयोग भी नहीं दे रही थीं। अवैध गतिविधियों के प्रति नरमी और ड्यूटी में लापरवाही को गंभीर मानते हुए यह कार्रवाई की गई।

## ग्वालियर में तेज रफ्तार कार ने स्कूटी को मारी टक्कर

# परिवार के पांच लोग उछलकर गिरे, दो बच्चों की मौत; सीसीटीवी आया सामने, आरोपी गिरफ्तार

ग्वालियर ■ निसं



ग्वालियर के बिजौली थाना क्षेत्र में एक हिट एंड रन की घटना में दो मासूम बच्चों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा तब हुआ जब एक तेज रफ्तार कार ने स्कूटी को टक्कर मार दी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी कार चालक को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया है।

यह घटना 6 जून की रात गणेशपुरा इलाके में हुई। गणेशपुरा निवासी एक परिवार होटल से खाना खाकर स्कूटी से घर लौट रहा था। तभी हाईवे पर पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार यूपी नंबर की सफेद कार ने स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कूटी सवार पांचों लोग उछलकर सड़क पर जा गिरे। कार चालक मौके से फरार हो गया। हादसे का वीडियो भी सामने आया है। बिजौली पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया था। सीसीटीवी फुटेज में यूपी नंबर की कार स्पष्ट दिख रही थी।

## संक्षिप्त समाचार

### बैरसिया एसपी ने दुर्घटना संभावित स्थानों और ब्लैक स्पॉट्स का किया निरीक्षण

**भोपाल।** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक भोपाल (देहात) पंकज कुमार पाण्डेय द्वारा बैरसिया थाना क्षेत्र के प्रमुख दुर्घटना स्थलों, एक्सीडेंट स्पॉट्स और चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स का मौके पर जाकर निरीक्षण किया। इस दौरान उन स्थानों का विशेष रूप से अवलोकन किया गया, जहां पूर्व में सड़क दुर्घटनाओं में जनहानि हुई है। पुलिस अधीक्षक ने दुर्घटनाओं के कारणों, यातायात के दबाव, सड़क की स्थिति, दृश्यता, मोड़ों की संरचना, संकेतक बोर्ड, प्रकाश व्यवस्था, स्पीड कंट्रोल उपायों एवं अन्य आधारभूत संरचना संबंधी समस्याओं का गहन अध्ययन किया। इस दौरान दुर्घटना संभावित स्थलों पर मौजूद कमियों एवं जोखिम कारकों की पहचान कर उनके निराकरण के संबंध में संबंधित विभागों के समन्वय से आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक श्री पंकज कुमार पाण्डेय ने कहा कि सड़क सुरक्षा भोपाल देहात पुलिस की प्राथमिकताओं में शामिल है। दुर्घटना संभावित स्थलों की नियमित समीक्षा कर आवश्यक सुरक्षा उपायों को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। ब्लैक स्पॉट्स पर अधोसंरचनात्मक सुधार, यातायात संकेतकों की उपलब्धता तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर कार्यवाही की जाएगी।

### चलते ट्राले में पीछे से टकराये बाइक सवार की मौत

**भोपाल।** गांधी नगर थाना इलाके में स्थित मुबारकपुर परवलिया सड़क पर एक चाय की दुकान के सामने बीती सुबह चलते ट्राले के पीछे से टकराने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के बाद परिजनो को सौपतें हुए ट्राले को जप्त कर आगे की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार शांति नगर, गांधी नगर में रहने वाला शनि केवड़ा पिता दिलीप केवड़ा (20) निजी काम करता था। बीती सुबह वह दो पहिया वाहन से मुबारकपुर परवलिया सड़क से होता हुआ जा रहा था। रास्ते में उप सरपंच चाय की दुकान के पास वह सामने चल रहे ट्राले में पीछे से जा टकराया। हादसे में उसे सिर में घातक चोट आई थी जिसके कारण उसकी मौत हो गई।

### देहात पुलिस की फार्म हाउसों में सुरक्षा व्यवस्थाओं की पड़ताल जारी

**भोपाल।** राजधानी के ईटखेड़ी थाना क्षेत्र में संचालित रिसॉर्ट्स और फार्म हाउसों को सुरक्षा के लिहाज से अपने राडार पर ले लिया है। एसडीओपी मंजू चौहान के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने 4एच फार्म हाउस, गुलशन-ए-नवाब फार्म, अल हबीबी फार्म (जगदीशपुर), इन्फिनिटी एवं शाही पैलेस फार्म हाउस (परवेखेड़ा) तथा रिवर साइड फार्म हाउस (ईंटखेड़ी) की सरप्राइस चैकिंग की। पुलिस टीम के निरीक्षण के दौरान कई रिसॉर्ट्स में सीसीटीवी कैमरे बंद या नदारद मिले, जिसे पुलिस ने सुरक्षा के लिहाज से गंभीर चूक माना है। पुलिस ने संचालकों को दो दिन का समय देते हुए स्पष्ट निर्देश दिए हैं, कि सीसीटीवी ठीक कराएं और स्विमिंग पूल के लिए सरकारी नियमों का पालन सुनिश्चित करें। साथ ही सभी संचालकों को अपने स्टॉफ (नौकर, चौकीदार) का पुलिस वेरिफिकेशन कराने के आदेश दिए गए हैं। साथ ही, अगले सात दिनों के भीतर गुमाश्ता लाइसेंस, पंचायत की अनुमति, डायवर्सन और बिजली कनेक्शन से जुड़े वैध दस्तावेज भी संबधित थाने में जमा करने के निर्देश दिये गये है।

### किशोरी को अगवा करने के आरोपी ने पीड़िता को दी धमकी

**भोपाल।** छोला मंदिर इलाके में पाक्सो एक्ट और अपहरण के मामले में जमानत पर छूटे आरोपी द्वारा पीड़िता को धमकाने और समझौते के लिए दबाव बनाने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार साल 2025 में 25 वर्षीय आरोपी नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था। आरोपी पहले से विवाहित है। उसने आठ दिनो तक नाबालिग को बंधक बनाकर रखा था। शिकायत मिलने पर पुलिस ने उसके खिलाफ अपहरण और पाक्सो एक्ट की धाराओ में प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। हाल ही में जमानत पर जेल से बाहर आने के बाद आरोपी पीड़िता पर समझौते का दबाव बनाने लगा। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी उसका पीछा कर समझौता करने के साथ ही शादी के लिए दबाव बना रहा है। वहीं ऐसा न करने पर पुराने फोटो-वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दे रहा है। पुलिस का कहना है कि आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है, साथ ही पूर्व में दर्ज प्रकरण में भी उसकी जमानत को निरस्त करने के लिये कोर्ट में आवेदन लगाया जायेगा।

#### वर्ल्ड चैंपियनशिप्स 2026 में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे मध्यप्रदेश के अजय अहिरवार

# वर्ल्ड स्किल्स कंपीटिशन, सितंबर 2026 में शंघाई, चीन में होंगे शामिल

### ग्लोबल स्किल्स चैलेंज 2026, ऑस्ट्रेलिया के लिए भी हुए चयनित

भोपाल ■ अमृत दर्शन

मध्यप्रदेश के युवा प्रतिभागी अजय अहिरवार ने इंडिया स्किल्स नेशनल कंपीटिशन 2025- 26 में ब्रिक लेइंग स्किल में स्वर्ण पदक प्राप्त कर प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन भारत की ओर से वर्ल्ड स्किल्स कंपीटिशन 2026 के लिए हुआ है, यह कंपीटिशन सितंबर 2026 में शंघाई, चीन में आयोजित होगी।

अजय अहिरवार का चयन

ग्लोबल स्किल्स चैलेंज 2026 के लिए भी हुआ है, जिसका आयोजन 23 से 29 जून 2026 तक ऑस्ट्रेलिया में किया जाएगा। प्रतियोगिता में वे भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। वर्तमान में अजय अहिरवार कानपुर में उन्नत प्रशिक्षण प्राप्त कर आगामी अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की तैयारी कर रहे हैं।



अजय की यह उपलब्धि प्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरणादायी है। सीमित संसाधनों के बीच अपनी मेहनत, लगन और कौशल के बल पर उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अंतर्राष्ट्रीय मंच तक अपनी पहचान बनाई है। उनकी सफलता यह दर्शाती है कि सही प्रशिक्षण, निरंतर अभ्यास और दृढ़ संकल्प के माध्यम से युवा वैश्विक स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं।

अजय की उपलब्धियों और उनकी तैयारी को प्रोत्साहित करने के लिए मध्यप्रदेश राज्य कौशल विकास एवं रोजगार निर्माण बोर्ड द्वारा विशेष वित्तीय सहायता प्रदान की गई है, जिससे वे आगामी प्रतियोगिताओं की तैयारी और अधिक प्रभावी ढंग से कर सकें।

मध्यप्रदेश में कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, जिसके सकारात्मक परिणाम राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रदेश के युवाओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन के रूप में सामने आ रहे हैं। राज्य के प्रतिभाशाली युवाओं को प्रशिक्षण, मार्गदर्शन और आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराकर उन्हें वैश्विक अवसरों से जोड़ने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है।

#### नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की बैठक में बताई गई मध्यप्रदेश की उपलब्धियां

# मध्यप्रदेश समावेशी विकास, नवाचार और जनकल्याण के दृढ़ संकल्प के साथ निरंतर बढ़ रहा आगे : मुख्यमंत्री

भोपाल ■ अमृत दर्शन

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में गुरूवार को नई दिल्ली में आयोजित नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की 11वीं बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सहभागिता की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश में सभी वर्गों के विकास के लिए किए जा रहे विशेष प्रयत्नों से अवगत करवाया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि काउंसिल की बैठक में 'विकसित भारत ञ्च2047' के संकल्प को साकार करने के लिए केंद्र और राज्यों की साझी भागीदारी, समन्वित प्रयासों तथा विकास के विभिन्न आयामों पर व्यापक और सार्थक चर्चा हुई है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश भी विकसित भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाते हुए सुशासन, समावेशी विकास, नवाचार और जनकल्याण के संकल्प के साथ निरंतर आगे बढ़ रहा है।

**नक्सलवाद के खात्मे के बाद अब देंगे विकास को गति:** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैठक में जानकारी दी कि प्रदेश को नक्सलवाद का खात्मा केंद्र सरकार द्वारा तय की गई समय-सीमा से पहले करने में सफलता मिली है। प्रदेश के जो क्षेत्र नक्सलवाद से प्रभावित थे, वहां विकास की गति तेज की जाएगी। युवाओं के विकास पर विशेष रूप से जोर रहेगा। इसके साथ ही प्रदेश में बहनों और बेटियों की उन्नति, कृषक कल्याण, नए मेडीकल कॉलेजों के माध्यम से उपचार कार्य को गुणवत्तापूर्ण बनाते हुए बेहतर कार्य हो रहा है। इसी तरह आरोग्य मंदिर सफलतापूर्वक संचालित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि आयुष्मान योजना के क्रियान्वयन में भी मध्यप्रदेश अग्रसर है। नदी जोड़ो परियोजनाओं के क्रियान्वयन की तैयारी की गई है। पीएमश्री महाविद्यालयों के माध्यम से युवाओं को अनेक संकायों और विषयों के अध्ययन से जोड़ा गया है। कौशल विकास और औद्योगिकीकरण के प्रयास तेज हुए हैं। देश में सबसे पहले पीएम मित्र पार्क की धार जिले में स्थापना हुई है, यहां शीघ्र ही इकाइयों द्वारा रिकार्ड समय में कार्य प्रारंभ हो रहा है। भोपाल की यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री के वेस्ट को निष्पादित करने के साथ ही प्रदेश में जनकल्याण की दृष्टि से अनेक नए कार्य प्रारंभ करने पर ध्यान दिया जा रहा है।



नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की इस बैठक में मुख्यत: 'मूलभूत मानव पूंजी और भविष्य के लिए तैयार कौशल', 'उत्पादक रोजगार, उद्यमिता और विकेंद्रीकृत विकास', 'स्वास्थ्य, पोषण और कल्याण' एवं 'सभी के लिए समानता और गरिमा' से जुड़े विषयों पर चर्चा हुई। बैठक में देश में उद्यमिता को बढ़ावा देने, कौशल विकास को बढ़ाने और स्थायी रोजगार के अवसर सृजित करने के उपायों पर भी विचार-विमर्श किया गया।

## एक फ्लैट दो बार बेचकर की पॉच लाख की धोखाधड़ी

भोपाल ■ अमृत दर्शन

निशातपुरा पुलिस ने एक ही फ्लैट को दो बार बेचकर लाखो की धोखाधड़ी के मामले में तीन लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। आरोप है कि विक्रेता और दो ब्रोकरों ने मिलकर पहले से बेचे जा चुके फ्लैट का फरियादी से सौदा तय किया और विक्रय अनुबंध कर रकम वसूल ली। खुलासा होने पर पीड़ित पुलिस के पास पहुचां जहॉ जॉच के बाद आरोपी विक्रेता और दोनों ब्रोकरों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर लिया गया। पुलिस के अनुसार पंचवटी कॉलोनी एयरपोर्ट रोड निवासी विकास जैन ने पुलिस उपायुक्त जोन-4 को शिकायत दी थी। शिकायत की जांच थाना निशातपुरा में की गई। पुलिस जांच में खुलासा हुआ की विकास जैन ने ब्रोकर धनंजय भार्गव और विपिन सिंह परिहार के माध्यम से जनता नगर, करोंद स्थित आफरीन टावर के फ्लैट एस-3 और एस-4 का विक्रय अनुबंध कराया था। फ्लैट एस-4 के लिए उन्होंने जफर अली के खाते में एचडीएफसी बैंक के माध्यम से 4 लाख 95 हजार रुपए ट्रांसफर किए थे। पैमेंट करने के बाद जब विकास जैन फ्लैट का कब्जा लेने पहुंचे तो उन्हें पता चला कि वो फ्लैट तो अगस्त 2024 में फरहीन खान नामक महिला को रजिस्ट्री के जरिये से बेचा जा चुका है। और फ्लैट बेचे जाने की जानकारी जफर अली को पहले से ही थी, लेकिन इसके बाद भी उसने ब्रोकरों के साथ मिलकर दोबारा विक्रय अनुबंध कर लिया। ठगी की बात पता चलने पर जब फरियादी ने अपनी रकम वापस मांगी तो तो आरोपी उसे उसका पैसा लौटाने का वादा कर टाल-मटोल करते रहे। आखिरकार परेशान होकर फरियादी पुलिस के पास पहुचां। जांच के बाद जफर अली, धनंजय भार्गव और विपिन सिंह परिहार के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरु कर दी है।

## लिव-इन में रह रही युवती के फांसी लगाने का कारण अज्ञात, जॉच कर रही पुलिस

भोपाल ■ अमृत दर्शन

पिपलानी थाना इलाके में 6 महीने से लिव-इन में रह रही एक युवती ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। घटनास्थल की छानबीन के दौरान फिलहाल पुलिस को कोई सुसाइड नोट या अन्य ऐसा सुराग नहीं मिला है, जिससे आत्महत्या का कारण साफ हो सके। जॉच के लिये पुलिस ने युवती का मोबाइल जब्त किया है, जिसे जॉच के लिये सायबर सेल को भेजा जायेगा।

मिली जानकारी के अनुसार 26 वर्षीय उपासना पिता सूरज 100 क्वार्टर की रहने वाली थी। उसकी चार बहने हैं। उपासना का चार साल से सुखसागर फेस-3 निवासी युवक कौशिक निरी से प्रेम-प्रसंग था। कौशिक निरी फ्लिपकार्ट में डिलीवरी ब्वॉय का काम करता है, उसे शराब पीने का शौक है। उपासना पिछले 6 महीने से प्रेमी के घर में लिवइन में रह रही थी। बताया गया है की रविवार रात साढ़े 12 बजे शराब पीने से मना करने को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया था। मामूली झगड़े के बाद गुस्से में आकर युवती तीसरी मंजिल पर स्थित अपने कमरे में चली गई और युवक नीचे चला गया था। अगले दिन जब दोपहर तक युवती नीचे नहीं आई तब परिजनों ने जाकर देखा तो छत पर बने उसके कमरे का दरवाजा अंदर से बंद मिला।

काफी आवाजे देने पर भी जब दरवाजा नहीं खुला तब अनहोनी की आंशका के चलते दरवाजा तोड़ा गया। भीतर जाकर देखने पर युवती का शरीर कमरे में 6 फीट ऊंची खूंटी पर दुपट्टे से बने फांसी के फंदे पर लटका नजर आया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की जॉच के बाद शव को पीएम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस का कहना है की युवती के लिवइन पार्टनर सहित मृतका के परिजनो के बयान दर्ज किये जायेगें, जिसके आधार पर आगे की जॉच की दिशा तय की जायेगी।

## जर्मनी के कॉन्सुलेट जनरल क्रिस्टोफ हॉलियर ने इंदौर-पीथमपुर की औद्योगिक एवं आईटी क्षमताओं का किया अवलोकन

भोपाल ■ अमृत दर्शन

जर्मनी के कॉन्सुलेट जनरल क्रिस्टोफ हॉलियर ने इंदौर एवं पीथमपुर क्षेत्र के दो दिवसीय दौरे के दौरान यहां विकसित औद्योगिक अधोसंरचना, सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रगति तथा निवेश संभावनाओं का अवलोकन किया। उन्होंने क्षेत्र में संचालित उद्योगों, आधुनिक विनिर्माण सुविधाओं और तकनीकी नवाचारों की जानकारी प्राप्त की। पीथमपुर में महले आनंद थर्मल सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड की उत्पादन इकाई का भ्रमण कर विनिर्माण प्रक्रियाओं एवं औद्योगिक व्यवस्थाओं को देखा। साथ ही इंदौर स्थित इंफोबीन्स टेक्नोलॉजीज लिमिटेड का अवलोकन कर सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में विकसित हो रहे नवाचारों और सेवाओं की जानकारी प्राप्त की।

भ्रमण के दौरान एमपीआईडीसी इंदौर के कार्यकारी संचालक हिमांशु प्रजापति ने उन्हें इंदौर-पीथमपुर क्षेत्र की औद्योगिक



प्रगति, निवेश अवसरों, लॉजिस्टिक्स नेटवर्क, आईटी इकोसिस्टम तथा व्यापारिक संभावनाओं से अवगत कराया। उन्होंने क्षेत्र में उपलब्ध विश्वस्तरीय अधोसंरचना, उद्योग-अनुकूल वातावरण, कुशल मानव संसाधन तथा निवेशकों को प्रदान की जा रही सुविधाओं की जानकारी भी दी। कॉन्सुलेट जनरल ने इंदौर की सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विरासत से भी परिचय प्राप्त किया। उन्होंने राजवाड़ा और लालबाग पैलेस का भ्रमण कर शहर की समृद्ध सांस्कृतिक पहचान और पर्यटन संभावनाओं की सराहना की।

क्रिस्टोफ हॉलियर ने बताया कि भारत और जर्मनी के बीच आर्थिक एवं औद्योगिक सहयोग निरंतर मजबूत हो रहा है। उन्होंने कहा कि इंदौर-पीथमपुर क्षेत्र विनिर्माण, ऑटोमोबाइल, इंजीनियरिंग तथा प्रौद्योगिकी आधारित उद्योगों के लिए महत्वपूर्ण संभावनाएं रखता है और भविष्य में जर्मन निवेशकों के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र बन सकता है।

### अज्ञात युवक को सड़क पार करते समय अज्ञात वाहन ने रौंदा

**भोपाल।** शहर के गांधी नगर थाना इलाके में सड़क पार करते समय एक युवक को वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई। टक्कर मारने के बाद आरोपी वाहन चालक मौके से फरार हो गया। फिलहाल मृतक युवक और टक्कर मारने वाले वाहन की जानकारी पुलिस को नहीं मिल सकी है। मर्ग कायम कर पुलिस ने शव को मॉर्चुरी रुम में रखवाते हुए मृतक के हुलिए के आधार पर उसकी पहचान जुटाने के लिये अन्य थानों में हादसे की जानकारी भेजी गई है। थाना पुलिस के अनुसार एक्सीडेंट की घटना 8-9 जून की दरमियानी रात करीब डेढ़ बजे संत आशाराम चौराहा के पास नजदीक हुई थी। मौके पर मोजूद लोगो ने पुलिस को बताया की अज्ञात युवक की मौके पर ही मौत हो गई थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव की शिनाख्त जुटाने के प्रयास शुरु कर दिये है।

#### नगर निगम के समस्त जोन कार्यालयों, निगम मुख्यालय के चिन्हित स्थानों पर जनकल्याण शिविरों का आयोजन आज से

# एक ही स्थान पर हितग्राहियों को मिलेगा विभिन्न योजनाओं का लाभ

भोपाल ■ अमृत दर्शन

शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का पात्र हितग्राहियों को सुगम व सुलभ ढंग से हितलाभ पहुंचाने के दृष्टिगत मध्यप्रदेश शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के परिपालन में नगर निगम द्वारा शुक्रवार, 12 जून 2026 से तीन दिवसीय जनकल्याण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। निगम के समस्त जोन कार्यालयों, निगम मुख्यालय अटल भवन स्थित नगर जनसेवा केन्द्र में 12, 15 एवं 16 जून 2026 को प्रात: 10:00 बजे से 06:00 बजे तक जनकल्याण शिविर आयोजित किए जायेंगे जबकि अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों में अलग-अलग दिनांक एवं समय पर जनकल्याण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों में एक ही स्थान पर शासन की अनेक जनकल्याण योजनाओं तथा निगम व अन्य विभागों से संबंधित प्रकरणों का निराकरण भी किया जाएगा। विधानसभा क्षेत्रों में आयोजित शिविरों के सुचारू व सफल आयोजन हेतु नगर निगम एवं जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों को नोडल अधिकारी व सहायक नोडल अधिकारी का दायित्व सौंपा गया है साथ ही अन्य अधिकारियों को भी शिविरों की अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से सुनिश्चित कर हितग्राहियों को सुगम व सुलभ हितलाभ पहुंचाना सुनिश्चित कराने हेतु अन्य अधिकारियों को भी जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। म.प्र.शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा दिए गए निर्देशों एवं निगम आयुक्त श्रीमती संस्कृति जैन द्वारा दिए गए आदेशों के परिपालन में नगर निगम द्वारा समस्त 21 जोन कार्यालयों तथा निगम मुख्यालय स्थित अटल भवन के भूतल पर स्थित नगर जनसेवा केन्द्र में 12, 15 एवं 16 जून 2026 को प्रात: 10:00 बजे से सांय 06:00 बजे तक जनकल्याण शिविर आयोजित किए जायेंगे।

इसके अतिरिक्त शुक्रवार, 12 जून 2026 को प्रात: 10:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक नरेला विधानसभा अंतर्गत जोन क्रमांक 17 स्थित सरदार पटेल विद्यालय में तथा प्रात: 09:00 बजे से प्रात: 11:00 बजे तक हुजूर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगर निगम जोन क्र. 18 का कोलार तहसील कार्यालय के समीप स्थित जोन कार्यालय में जनकल्याण शिविर आयोजित किये जाएंगे जबकि सोमवार, 15 जून 2026 को प्रात: 10:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक मध्य विधानसभा के वार्ड 51 के ए सेक्टर स्थित सामुदायिक भवन में व दोपहर 03:00 बजे से सांय 06:00 बजे तक दक्षिण-पष्चिम विधानसभा अंतर्गत वार्ड क्रमांक 25 के कार्यालय के सामने स्थित कम्यूनिटी हॉल में तथा मंगलवार, 16 जून 2026 को प्रात: 10:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक गोविंदपुरा विधानसभा अंतर्गत बरखेड़ा पठानी अंबेडकर मांगलिक भवन में एवं दोपहर 03:00 बजे से सांय 06:00 बजे तक उत्तर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड क्र. 07 के बरेला गांव स्थित रसूल अहमद सिद्दीकी कम्युनिटी हॉल में विषेष रूप से जनकल्याण षिविर आयोजित किये जायेंगे। जनकल्याण शिविरों में मुख्यमंत्री सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के अंतर्गत कल्याणी पेंशन, नि:शक्त पेंशन, निराश्रित पेंशन, कन्या अभिभावक योजना के अलावा वृद्धावस्था पेंशन, मानसिक बहू विकलांग एवं नि:शक्त पेंशन, राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना, संबल योजना, पी.एम.स्वनिधि योजना, समग्र ई-के.वॉय.सी, प्रधानमंत्री आवास योजना, जन्म-मृत्यु, विवाह पंजीयन, नल सीवरेज कनेक्शन आदि से संबंधित प्रकरणों/समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाएगा तथा योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का हितलाभ भी तत्काल पहुंचाने की कार्यवाही की जाएगी।

निगम आयुक्त श्रीमती संस्कृति जैन के निर्देश पर समस्त जनकल्याण शिविरों में प्रत्येक योजना के लिए पृथक से स्टॉल लगाए जायेंगे और नगर निगम एवं संबंधित विभागों के अधिकारी/कर्मचारी हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त करेंगे और तत्काल ही निराकरण की कार्यवाही की जाएगी।

जनकल्याण शिविरों के सुचारू संचालन एवं नागरिकों को सुगम एवं सुलभ ढंग से हितलाभ सुनिश्चित कराने के दृष्टिगत विधानसभा क्षेत्रों के चिन्हित स्थानों पर विशेष रूप से आयोजित शिविरों के लिए पृथक-पृथक नोडल अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी व अन्य अधिकारियों को शिविर की सभी व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से सुनिश्चित कराने की जिम्मेदारी सौंपी है।

#### निगम ने हटाए विभिन्न क्षेत्रों से अतिक्रमण

## ठेले, गन्ने की चरखी, टेबिल, कुर्सी, स्टूल, स्टेण्ड, ड्रम, कैरेड आदि जप्त किये

भोपाल ■ अमृत दर्शन

नगर निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों से अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही निरंतर जारी है। इसी क्रम में निगम के अमले ने सी.एम. हेल्पलाईन, महापौर हेल्पलाईन सहित अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के निराकरण तथा निगम की नियमित कार्यवाही के तहत विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में ठेले, नाली पर रखी फर्शियां, चाय नाश्ते की दुकानें, सर्विस रोड से दो पहिया, चार पहिया व कंडम वाहन, बांस बल्ली, कबाड़ा, मलमा, सब्जी की दुकानें एवं दुकानों के बाहर रखा सामान हटवाया साथ ही अवैध रूप से बनीं झुग्गी, चबूतरे, शेड तोड़ने की कार्यवाही की। निगम अमले ने गन्ने की चरखी, लाईट के खोके, फायबर कुर्सी, फायबर स्टूल, तिरपाल, लोहे का स्टैण्ड, फायबर ड्रम, फोल्डिंग टेबिल, भट्टी, ठेले, कैरेड, गुमठी आदि को किया जप्त।

निगम आयुक्त श्रीमती संस्कृति जैन के निर्देश पर निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते के दलों ने



गुरूवार को भारत माता चौराहा, सूरज नगर, जवाहर चौक, सरस्वती नगर, लिंक रोड नं0-01,02,03, 5 नम्बर, न्यू मार्केट बस स्टाप, न्यू मार्केट नो-व्हीकल जोन, प्रोफेसर कालोनी, रेतघाट, रविन्द्र भवन, प्रभात चौराहा, अषोका गार्डन, अशोका गार्डन दशहरा मैदान, नवीन नगर, बागसेवनिया, बागसेवनिया मण्डी, अवधपुरी, अमराई, एम्स गेट नं0-2, ईश्वर नगर, दाना पानी रेस्टोरेंट, अरेरा कालोनी, मनीषा मार्केट, एम.पी. नगर डीबी मॉल, एम.पी. नगर जोन-2, 10 नम्बर, हमीदिया रोड, रेल्वे स्टेशन प्लेटफार्म नं0-6, सिंधी कालोनी, भोपाल टॉकीज, पीरगेट, आशाराम तिराहा, अब्बास नगर, लालघाटी चौराहा, स्वागत मैरिज गार्डन आदि क्षेत्रों में कार्यवाही की।

## अनमोल वचन

विश्व के सभी धर्म, भले ही और चीजो में अंतर रखते हो, लेकिन सभी इस बात पर एकमत है कि दुनिया में कुछ नही बस सत्य जीवित रहता है।

**महात्मा गांधी**

उन लोगो के अटल साहस से ज्यादा प्रभावशाली कुछ भी नहीं है, जो अपनी आजादी और सम्मान के लिए दु:ख सहने और त्याग करने के लिए तैयार है।

**मार्टिन लूथर किंग जेआर**

## सम्पादकीय

# मानसून सत्र और भारतीय राजनीति का समुद्र मंथन

*जुलाई माह में संसद का मानसून सत्र शुरू होने वाला है। राजनीतिक हलकों में यह चर्चा तेज है कि इस बार सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी राजनीतिक टकराहट देखने को मिल सकती है। महंगाई, बेरोजगारी, कृषि संकट, शिक्षा व्यवस्था, अर्थव्यवस्था तथा विभिन्न राज्यों की राजनीतिक परिस्थितियां ऐसे मुद्दे हैं जिन्हें लेकर विपक्ष सरकार को घेरने की तैयारी कर रहा है। पिछले सत्र में परिसीमन बिल सरकार संसद में पास नहीं करा पाई थी। बीते महीनों में जिस तरह से सरकार को आर्थिक संकट से गुजरना पड़ रहा है, विदेशी निवेशक शेयर बाजार से निवेश किया धन वापस निकाल रहे हैं। कच्चे तेल के आयात से सरकार की मुसीबतें बढ़ा दी हैं। ऐसी स्थिति में सरकार मानसून सत्र में कोई जोखिम उठाना नहीं चाहती है। देश में खाद्य पदार्थों, ईंधन और घरेलू जरूरतों की वस्तुओं की कीमतों को लेकर जनता के बड़े वर्ग में नाराजगी दिखाई दे रही है। किसान संगठन, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी), फसल खरीद और कृषि लागत जैसे मुद्दों पर आंदोलित हैं। वहीं नीट पेपर लीक से लेकर प्रतियोगी परीक्षाओं की पारदर्शिता और शिक्षा व्यवस्था को लेकर छात्र संगठनों की ओर से सड़क पर असंतोष व्यक्त किया जा रहा है। काकरोच के नाम पर युवा जेन-जी सड़कों पर प्रदर्शन कर रहा है। विपक्षी दलों द्वारा लोकतांत्रिक संस्थाओं पर सरकार के दबाब में काम करने के आरोप हैं। जबकि सरकार इन आरोपों को पूरी तरह खारिज करती है। सरकार अपने कार्यकाल में हुए विकासकार्यों, कल्याणकारी योजनाओं तथा आर्थिक उपलब्धियों को सामने रखती है। राजनीतिक दलों के बीच बढ़ती बयानबाजी ने संसद के आगामी सत्र को और महत्वपूर्ण बना दिया है। एनडीए और इंडिया गठबंधन दोनों ही संसद सत्र के पहले अपने-अपने राजनीतिक समीकरण मजबूत करने में जुटे हुए हैं। क्षेत्रीय दलों की भूमिका इस बार विशेष रूप से महत्वपूर्ण मानी जा रही है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि संसद का मानसून सत्र आने वाले विधानसभा चुनावों और भविष्य की राष्ट्रीय राजनीति की दिशा तय करने में यह मानसून सत्र सरकार के लिए संकटभरा हो सकता है। वर्तमान राजनीतिक परिस्थिति को यदि समुद्र मंथन की उपमा दी जाए तो यह अतिशयोक्ति नहीं होगी। समुद्र मंथन में जिस प्रकार देवताओं और असुरों के बीच संघर्ष के साथ-साथ सहयोग भी था, उसी प्रकार भारतीय लोकतंत्र में सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों की भूमिका महत्वपूर्ण है। उस पौराणिक कथा में पहले विष निकला और अंत में अमृत प्राप्त हुआ था। लोकतंत्र के इस राजनीतिक मंथन से मानसून सत्र में कौन लाभान्वित होगा और किसे राजनीतिक नुकसान उठाना पड़ेगा, इसका उत्तर भविष्य के गर्भ में छिपा है। फिलहाल इतना स्पष्ट है कि मानसून सत्र केवल विधायी कार्यवाही का मंच नहीं रहेगा, बल्कि यह सरकार की नीतियों, विपक्ष की रणनीति और लोकतांत्रिक संस्थाओं की भूमिका पर व्यापक राजनीतिक बहस का केंद्र बनने जा रहा है। इस राजनीतिक समुद्र मंथन का परिणाम क्या होगा, इसका निर्णय अंतत: जनता और लोकतांत्रिक प्रक्रियाएं ही तय करेंगी। जिस तरह से सत्ता पक्ष ने लोकसभा एवं राज्यसभा में आम आदमी पार्टी के 6 सांसदों इसके बाद टीएमसी के सांसदों को पार्टी से अलग होकर अलग गुट बनाने या सांसदों से इस्तीफा दिलवाकर विपक्ष को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है। उसका स्पष्ट संकेत है, मानसून सत्र में सरकार कोई भी जोखिम उठाने को तैयार नहीं है। इसके लिए सरकार किसी भी स्तर पर अपने आपको सुरक्षित करने का हरसंभव प्रयास कर रही है। इसका एक संदेश यह भी है, सरकार अंदर से कमजोर है। भाजपा के अंदर से भी असंतोष के स्वर उठने लगे हैं। ऐसी स्थिति में सरकार ने चारों ओर से सुरक्षित रहने के लिए घेराबंदी शुरु कर दी है।*

## चिंतन-मनन

### प्रजा का खजाना

फारस के शासक साइरस अपनी प्रजा की भलाई में जुटे रहते थे। लेकिन खुद उनका जीवन सादगी से भरा था। वह रियासत की सारी आमदनी व्यापार, उद्योग और खेतीबाड़ी में लगा देते थे। इस कारण शाही खजाना हल्का रहता था। लेकिन प्रजा खुशहाल थी। एक दिन साइरस के दोस्त और पड़ोसी शासक प्रोशियस उनके यहां आए। उनका मिजाज साइरस से बिल्कुल अलग था। उन्हें प्रजा से ज्यादा अपनी खुशहाली की चिंता रहती थी। उनका खजाना हमेशा भरा रहता था। बातों-बातों में जब प्रोशियस को साइरस के खजाने का हाल मालूम हुआ तो उन्होंने साइरस से कहा, अगर आप इसी तरह प्रजा के लिए खजाना लुटाते रहोगे तो एक दिन वह एकदम खाली हो जाएगा। आप कंगाल हो जाओगे। अगर आप भी मेरी तरह खजाना भरने लगें तो आपकी गिनती मेरी तरह सबसे धनी शासकों में होने लगेगी। साइरस मुस्कराए फिर बोले आप दो दिन ठहरिए मैं इस मामले में लोगों का इम्तिहान लेना चाहता हूं। उन्होंने घोषणा करवा दी कि एक बहुत बड़े काम के लिए साइरस को दौलत की निहायत जरूरत है। उन्हें पूरी उम्मीद है कि प्रजा मदद करेगी। दो दिन पूरा होने से पहले ही शाही महल के बाहर मोहरों, सिक्कों व जेवरों का बड़ा ढेर लग गया। यह देख प्रोशियस हैरत में पड़ गए। साइरस ने कहा, मैंने रियासत का खजाना लोगों की खुशहाली पर खर्च करके एक तरह से उन्हीं को सौंप दिया है। लोग उसमें इजाफा करते रहते हैं। मुझे जब जरूरत होगी वे मुझे लौटा देंगे जबकि तुम्हारा खजाना बांझ है, वह कोई बढ़ोतरी नहीं कर रहा है।

# फाइबर अर्थव्यवस्था: भारत का अगला बड़ा वैश्विक अवसर



गिरिराज सिंह

*दशकों तक केले के पेड़ के तने को बेकार अपशिष्ट मानकर फेंक दिया जाता था। आज वही बायोमास प्रीमियम फाइबर बनकर निर्यात बाज़ारों की मांग पूरी कर रहा है, ग्रामीण आजीविकाओं को सशक्त बना रहा है और इस कृषि अवशेष को राष्ट्रीय आय में बदल रहा है। अपशिष्ट से समृद्धि तक, स्थानीय प्रचुरता से वैश्विक अवसर तक – यही भारत की न्यू एज फाइबर मुहिम का सार है, जो हरित सामग्रियों और भविष्य के लिए तैयार वस्त्रों में भारत को वैश्विक नेतृत्व की ओर अग्रसर कर रहा है।*

### 'स्थानीय प्रचुरता से सतत सामग्रियों और भविष्य के लिए तैयार वस्त्रों में वैश्विक नेतृत्व तक'

फाइबर के साथ भारत का 5,000 बरस पुराना सभ्यतागत संबंध है, जो हमारे गाँवों, परंपराओं तथा सामूहिक पहचान में गहराई से गुँथा है। 'बुनी हुई हवा' कहलाने वाली मोहनजोदड़ो की प्रसिद्ध मलमल से लेकर समस?त महाद्वीपों तक फैली भारतीय कारीगरी तक – फाइबर हमेशा से हमारी ग्रामीण अर्थव्यवस्था की जीवनरेखा रहा है। आज, जब दुनिया वैश्विक स्थिरता की क्रांति की कगार पर खड़ी है, तब यही प्राचीन ज्ञान हमारी सबसे बड़ी प्रतिस्पर्धात्मक शक्ति है। न्यू एज फाइबर ऐसे टिकाऊ एवं पौधों-आधारित पदार्थ हैं, जो भारत के पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक नवाचार के साथ जोड़ते हैं। बांस, भाँग, केला, पीएएलएफ, फ्लैक्स, रेमी, सिसल, मिल्कवीड और कपोक जैसे फाइबर सदियों से मौजूद रहे हैं, लेकिन अब इन्हें वस्त्र उद्योग, रक्षा, बायोडिग्रेडेबल कंपोज़िट्स और प्रीमियम उत्पादों में उच्च-मूल्य उपयोगों के लिए नए सिरे से खोजा जा रहा है। ये हरित भविष्य के लिए भारत के प्राकृतिक फाइबर भंडार का विस्तार कर रहे हैं। बढ़ती आय, वैश्विक स्थिरता संबंधी अनिवार्यताएँ और ट्रेसेबल सोर्सिंग की आवश्यकताएँ वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं को पूरी तरह बदल रही हैं और एक नई फाइबर अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ा रही हैं। उपभोक्ता अब अपने पहनने के कपड़ों में आराम, पसीना सोखने की क्षमता या ब्रीदेबिलिटी और टिकाऊपन चाहते हैं। यही महत?वपूर्ण बदलाव भारत में फाइबर की खपत को आज के 15 एमएमटी से बढ़ाकर 2030 तक 23 एमएमटी तक ले जाने वाला है। दुनिया अब तेजी से वही तलाश रही है, जिसे भारत प्रदान कर सकता है : नैतिक, टिकाऊ और उच्च-प्रदर्शन वाले प्राकृतिक फाइबर, जो सदियों के अनुभव पर आधारित हैं।

इस विजन को एक स्पष्ट संस्थागत एवं नीतिगत ढाँचे का समर्थन प्राप्त है। वर्ष 2026-2031 के लिए 5,664 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय वाले 'मिशन फॉर कॉटन प्रोडक्टिविटी' के अंतर्गत न्यू एज फाइबर्स के लिए 300 करोड़ रुपये का विशेष प्रावधान रखा गया है। इस प्रयास को और सशक्त बनाते हुए, केंद्रीय बजट 2026-27 में घोषित राष्ट्रीय फाइबर मिशन एक व्यापक रणनीतिक ढाँचा प्रदान करता है, जो चार प्रमुख स्तंभों : कृषि-सूत्र- खेती और कच्चे माल के विकास के लिए, इन्फिनिटी- अनुसंधान एवं नवाचार के लिए, ग्राम-सेतु – अवसंरचना और उद्यम सृजन के लिए, तथा जीएमपीएस: ब्रांडिंग और बाज़ार विकास के लिए – पर आधारित है । इस नीतिगत ढाँचे की शक्ति दशकों से जारी वैज्ञानिक अनुसंधान में निहित है, जिसे ठोस परिणाम पहले से ही सामने आ चुके हैं। मिल्कवीड (आक/मदार) जिसे पारंपरिक रूप से भगवान शिव को अर्पित किया जाता है, नॉर्दर्न इंडिया टेक्सटाइल रिसर्च एसोसिएशन (एनआईटीआरए) में 18 वर्षों के अनुसंधान के बाद एक बड़ी कामयाबी के तौर पर सामने आया है। अब इसका उपयोग रक्षा क्षेत्र में, विशेषकर -20एष्ट तापमान में कार्यरत सैनिकों के लिए स्लीपिंग बैग बनाने में किया जा रहा है। ये स्लीपिंग बैग अपने पॉलिएस्टर विकल्पों की तुलना में 10% हल्के, ऊन से अधिक गर्म तथा सीएलओ/सेल प्रमाणित हैं। 55 मिलियन हेक्टेयर बंजर भूमि पर बिना उर्वरक के उगाए जाने पर यह पौधा किसानों को प्रति एकड़ प्रतिवर्ष 1.5-2 लाख रुपये तक की आय प्रदान करने की क्षमता रखता है। केले का फाइबर प्रतिवर्ष लगभग 1.8 मिलियन टन उत्पादन की क्षमता रखता है और कृषि अवशेषों से किसानों को अतिरिक्त आय प्रदान कर सकता है, जबकि बांस प्रति हेक्टेयर 60 टन तक बायोमास उत्पादन करने की क्षमता रखता है, जिससे पूर्वोत्तर भारत के लिए बड़े अवसर उत्पन्न हो रहे हैं। भाँग भी एक उभरता हुआ वैश्विक बाज़ार बन रहा है, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में जिसकी खेती की पहले से ही अनुमति है। फ्लैक्स, सिसल, रेमी, पीएएलएफ, बिछुआ या नेटल और कपोक जैसे फाइबरों के साथ मिलकर ये सभी भारत के टिकाऊ एवं प्राकृतिक फाइबर आधार का निरंतर विस्तार कर रहे हैं। इस वैज्ञानिक गति को आगे बढ़ाते हुए,न्यू एज फाइबर्स पर राष्ट्रीय सेमिनार एक ऐसे मंच के रूप में उभरा, जहाँ विज्ञान, नीति और उद्यम एक साथ आ सके। इसने शोधकर्ताओं, वैज्ञानिकों, उद्यमियों, किसान संगठनों, उद्योग जगत के दिग?गजों और नीति-निर्माताओं को एक ही मंच पर एकत्रित किया। सभी दस प्राथमिकता प्राप्त फाइबर्स को कवर करने वाले तीन कार्य बलों की रिपोर्टें जारी की गईं, जिन्होंने क्षेत्रीय विज्ञान को सीधे योजनाओं के डिज़ाइन और निवेश की प्राथमिकताओं में बदल दिया। इस सेमिनार ने मानकों, प्रसंस्करण अवसंरचना और संस्थागत वित्तपोषण में मौजूद खामियों की भी स्पष्ट रूप से पहचान की , जो एक ऐसे मिशन को दर्शाता है जो केवल नीति नहीं, बल्कि वास्तविक क्रियान्वयन पर केंद्रित है। इसमें प्रमुख प्राथमिकताएँ: उत्पादन को पाँच वर्षों में 10,000 मीट्रिक टन से बढ़ाकर 10 लाख मीट्रिक टन तक पहुँचाना, गुणवत्ता मानकों का विकास करना, मशीनरी के स्वदेशीकरण को बढ़ावा देना, आयातित प्रसंस्करण तकनीक पर निर्भरता कम करना और खेती से लेकर मूल्य संवर्धन तक क्लस्टर आधारित फाइबर इकोसिस्टम का निर्माण करना सामने आईं। ये सभी कदम मिलकर न्यू एज फाइबर्स को ग्रामीण समृद्धि और टिकाऊ विकास के लिए एक संपूर्ण सरकारी मिशन बनाते हैं।

शायद सबसे परिवर्तनकारी कार्य फाइबर ब्लेंडिंग है। भारत की वास्तविक शक्ति किसी एक फाइबर में नहीं, बल्कि उन्हें समझदारी से संयोजित करने में निहित है- जैसे थर्मल हल्केपन के लिए मिल्कवीड, गर्माहट के लिए ऊन, ब्रीदेबिलिटी के लिए बांस, और कोमलता के लिए कपास। मिश्रित कपड़ा या ब्लेंडेड फैब्रिक कोई समझौता नहीं है; यह प्रदर्शन को उन्नत बनाना है – ऐसे कपड़े तैयार करना जो अधिक मजबूत, अधिक स्मार्ट और अधिक टिकाऊ हों, साथ ही बेहतर आराम, नमी सोखने की क्षमता, टिकाऊपन तथा फैशन, जीवनशैली और तकनीकी वस्त्रों में बहुपयोगिता प्रदान करें।

इसके लाभ पूरी मूल्य शृंखला में फैलते हैं। उपभोक्ताओं को बेहतर आराम और कार्यक्षमता मिलती है, निर्माताओं को प्रीमियम और विशिष्ट उत्पाद विकसित करने का अवसर मिलता है, और किसानों को विविध प्रकार की मांग तथा अधिक मजबूत आय प्राप्त होती है। भारत के लिए, ब्लेंडिंग या मिश्रण केवल एक तकनीकी नवाचार भर नहीं है; यह कच्चे फाइबर आपूर्ति से वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी, मूल्य-संवर्धित और भारतीय पहचान से जुड़े ब्रांड्स तक पहुँचने का एक सेतु है।

असल में, न्यू एज फाइबर मुहिम जीवन को रूपांतरित करने, किसानों के लिए अवसर सृजित करने, ग्रामीण आजीविकाओं को सशक्त बनाने, महिलाओं को सशक्त करने और उद्यमियों को स्थानीय संसाधनों से वैश्विक व्यवसाय खड़ा करने में सक्षम बनाने के बारे में है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन?द्र मोदी के 5एफ विज़न- खेत से फाइबर, कपड़े से फैशन और विदेश तक-से प्रेरित, भारत की ग्रीन फाइबर क्रांति कोई दूर का सपना नहीं है। रणनीति तय है, संस्थान सक्रिय हैं, विज्ञान प्रमाणित हो चुका है, और उद्यमी तैयार हैं। आज भारत जो कर रहा है-फाइबर दर फाइबर, मिश्रण दर मिश्रण, क्षेत्र दर क्षेत्र, और खेत दर खेत-अपनी वस्त्र गाथा का अगला महान अध्याय लिख रहा है।

**( लेखक केंद्रीय वस्त्र मंत्री हैं। व्यक्त किए गए विचार व्यक्तिगत हैं )**

# लोभ मानव जीवन का सबसे बड़ा शत्रु



कांतिलाल मांडोत

*इच्छाएँ जीवन को गति देती हैं और प्रगति का मार्ग प्रशस्त करती हैं, किंतु जब यही इच्छाएँ सीमा का अतिक्रमण कर लेती हैं और केवल अधिक से अधिक प्राप्त करने की अंधी दौड़ में परिवर्तित हो जाती हैं, तब वे लोभ का रूप धारण कर लेती हैं। लोभ या लालच ऐसा दुर्गुण है जो मनुष्य के समस्त सद्गुणों को नष्ट कर देता है और उसके जीवन में अनेक प्रकार की समस्याओं तथा दुखों का कारण बनता है। इसी कारण सभी धर्मों और महान विचारकों ने लोभ को पापों की जड़ तथा मानव पतन का प्रमुख कारण बताया है।*

मानव जीवन का उद्देश्य केवल भौतिक सुख-सुविधाओं की प्राप्ति नहीं है, बल्कि आत्मिक उन्नति, सद्गुणों का विकास और समाज के प्रति उत्तरदायित्व का निर्वाह भी है। मनुष्य के भीतर अनेक प्रकार की इच्छाएँ और आकांक्षाएँ होती हैं। इच्छाएँ जीवन को गति देती हैं और प्रगति का मार्ग प्रशस्त करती हैं, किंतु जब यही इच्छाएँ सीमा का अतिक्रमण कर लेती हैं और केवल अधिक से अधिक प्राप्त करने की अंधी दौड़ में परिवर्तित हो जाती हैं, तब वे लोभ का रूप धारण कर लेती हैं। लोभ या लालच ऐसा दुर्गुण है जो मनुष्य के समस्त सद्गुणों को नष्ट कर देता है और उसके जीवन में अनेक प्रकार की समस्याओं तथा दुखों का कारण बनता है। इसी कारण सभी धर्मों और महान विचारकों ने लोभ को पापों की जड़ तथा मानव पतन का प्रमुख कारण बताया है।

लोभ का अर्थ है आवश्यकता से अधिक पाने की तीव्र और अनियंत्रित इच्छा। सामान्य इच्छाएँ मनुष्य के विकास के लिए आवश्यक होती हैं, परंतु जब व्यक्ति अपनी आवश्यकताओं से आगे बढ़कर केवल संग्रह, स्वार्थ और भौतिक संपत्ति को ही जीवन का लक्ष्य बना लेता है, तब लोभ उत्पन्न होता है। लोभी व्यक्ति को कभी संतोष नहीं मिलता। उसके पास चाहे कितना भी धन, वैभव और प्रतिष्ठा क्यों न हो, वह और अधिक पाने की लालसा में निरंतर व्याकुल रहता है। यही असंतोष उसके मन की शांति छीन लेता है और उसे अनेक अनैतिक कार्यों की ओर प्रेरित करता है।

लोभ को पापों का जनक कहा गया है क्योंकि इसके प्रभाव में आकर व्यक्ति सही और गलत का भेद भूल जाता है। वह अपने लाभ के लिए दूसरों का अहित करने में भी संकोच नहीं करता। इतिहास और वर्तमान समाज दोनों इस बात के साक्षी हैं कि अधिकांश अपराधों के पीछे किसी न किसी रूप में लोभ ही कार्य करता है। चोरी, भ्रष्टाचार, धोखाधड़ी, रिश्वतखोरी, शोषण, विश्वासघात और हिंसा जैसी अनेक बुराइयों की जड़ में लालच ही पाया जाता है। जब व्यक्ति धन और संपत्ति को जीवन का सर्वोच्च लक्ष्य मान लेता है, तब उसके भीतर करुणा, दया, प्रेम, सत्य और ईमानदारी जैसे गुण धीरे-धीरे समाप्त होने लगते हैं। उनकी जगह क्रोध, अहंकार, ईर्ष्या और छल-कपट जैसे दुर्गुण जन्म लेने लगते हैं।

आज के भौतिकवादी युग में लोभ की समस्या और भी अधिक बढ़ गई है। आधुनिक समाज में सफलता का मापदंड प्राय: धन और वैभव को माना जाने लगा है। लोग अधिक धन कमाने और दूसरों से आगे निकलने की होड़ में लगे हुए हैं। इस प्रतिस्पर्धा ने मानव संबंधों को भी प्रभावित किया है। अनेक बार व्यक्ति अपने परिवार, मित्रों और समाज के हितों की उपेक्षा करके केवल अपने स्वार्थ की पूर्ति में लगा रहता है। धन कमाना गलत नहीं है, परंतु जब धन ही जीवन का केंद्र बन जाता है, तब जीवन का संतुलन बिगड़ जाता है। व्यक्ति बाहरी रूप से समृद्ध दिखाई देता है, किंतु भीतर से अशांत और असंतुष्ट बना रहता है।

लोभ का सबसे बड़ा दुष्परिणाम यह है कि यह मनुष्य के विवेक को नष्ट कर देता है। लोभी व्यक्ति को अपने कर्मों के परिणामों का विचार नहीं रहता। वह तत्काल लाभ के आकर्षण में पड़कर ऐसे निर्णय लेता है जो अंतत: उसके लिए हानिकारक सिद्ध होते हैं। कई बार व्यक्ति अपने स्वार्थ की पूर्ति के लिए उन लोगों का भी विश्वास तोड़ देता है जिन्होंने जीवनभर उसका साथ दिया होता है। इस प्रकार लोभ केवल व्यक्ति का ही नहीं बल्कि उसके संबंधों और सामाजिक प्रतिष्ठा का भी विनाश कर देता है।

एक प्रसिद्ध कथा इस सत्य को स्पष्ट करती है। एक धनी व्यापारी को ऐसी शक्ति प्राप्त हो गई जिससे वह जिस वस्तु को स्पर्श करता, वह सोने में बदल जाती। प्रारंभ में उसे अपनी इस शक्ति पर बहुत गर्व हुआ और वह अत्यंत प्रसन्न हुआ। उसने अपने घर की अनेक वस्तुओं को सोने में बदल दिया। किंतु जब उसके स्पर्श से उसकी प्रिय पत्नी भी स्वर्ण प्रतिमा बन गई, तब उसे अपनी भूल का एहसास हुआ। उसने समझा कि धन और सोना जीवन की वास्तविक खुशियों का स्थान नहीं ले सकते। प्रेम, संबंध, अपनापन और मानवीय संवेदनाएँ किसी भी भौतिक संपत्ति से कहीं अधिक मूल्यवान हैं। इस घटना ने उसके जीवन की दिशा बदल दी और उसे वैराग्य तथा आत्मचिंतन की ओर प्रेरित किया।

वास्तव में मनुष्य की आवश्यकताएँ सीमित होती हैं, परंतु उसकी लालसाएँ असीमित हो सकती हैं। यदि इच्छाओं पर नियंत्रण न रखा जाए तो वे कभी समाप्त नहीं होतीं। जितना अधिक व्यक्ति प्राप्त करता है, उतना ही अधिक पाने की इच्छा उसके भीतर जन्म लेती है। यह स्थिति उस समुद्र के समान है जो अनगिनत नदियों का जल प्राप्त करने के बाद भी कभी नहीं भरता। इसलिए संतोष को मानव जीवन का सबसे बड़ा धन माना गया है। संतोष का अर्थ यह नहीं कि व्यक्ति प्रयास करना छोड़ दे, बल्कि इसका अर्थ है अपनी उपलब्धियों के प्रति कृतज्ञ रहना और अनैतिक साधनों से अधिक प्राप्त करने की लालसा से बचना।

आध्यात्मिक दृष्टि से भी लोभ अत्यंत हानिकारक है। यह मनुष्य को आत्मिक उन्नति से दूर कर देता है। जब व्यक्ति का मन केवल भौतिक वस्तुओं में उलझा रहता है, तब वह अपने वास्तविक स्वरूप और जीवन के उच्च उद्देश्यों को भूल जाता है। आत्मा का सुख बाहरी वस्तुओं से नहीं बल्कि आंतरिक शांति, सदाचार और आत्मज्ञान से प्राप्त होता है। इसलिए सभी धर्मों ने संयम, त्याग और संतोष को महत्वपूर्ण गुण माना है। जो व्यक्ति अपनी इच्छाओं को नियंत्रित करना सीख लेता है, वही वास्तविक सुख और शांति का अनुभव कर सकता है।

## एसी कमरे में बैठकर क्रान्ति की कड़वी बातें

*राधा रमण*

*राजनीति की डगर काफी उबड़-खाबड़ होती है, पथरीली होती है। उसमें धूप में चलना होता है। सड़क पर विरोध-प्रदर्शन करना होता है। नारेबाजी करनी होती है, जेल जाना होता है और जरूरत पड़ने पर पुलिस की लाठी भी खानी होती है। एयरकंडीशनर (एसी) कमरों में बैठकर तो सिर्फ मीठी-मीठी बातें होती है। क्या आपको लगता है कि देश के सियासी दल खासकर विपक्ष के दल सड़क पर उतरने की हालत में हैं ? कम से कम मुझे तो ऐसा नहीं लगता। लगभग दो साल बाद इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्ल्यूसिव अलायंस (इंडिया) की बैठक नई दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब में हुई, जिसमें पांच मुद्दों पर सहमति की बात कही गई। बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बताया कि इंडिया गठबंधन के नेता मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण (एसआईआर), वोटर लिस्ट में हेरफेर और चुनाव की निष्पक्षता पर सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को चिट्ठी लिखेंगे। इसके अलावा बैठक में शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की गई। देश में आर्थिक स्थिति की बदहाली, बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई और किसानों के मसले पर सर्वदलीय बैठक बुलाने की सरकार से मांग की गई। बैठक में यह भी तय किया गया कि इंडिया गठबंधन के नेता हर दूसरे महीने मिलते, बैठक करते और जन सरोकार के मुद्दे उठाते रहेंगे। साथ ही संसद के मानसून सत्र के दौरान इंडिया गठबंधन के सांसद रोज बैठक करते रहेंगे। अब इसका विश्लेषण करते हैं। एसआईआर को लेकर पहले भी विपक्ष के कई दल सुप्रीम कोर्ट जा चुके हैं और मुंह की खाकर लौटे हैं। अब सीजेआई को पत्र लिखने से क्या नया हो जाएगा ? नीट पेपर लीक और सीबीएसई 12वीं बोर्ड की नई ऑन स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) को लेकर राहुल गांधी लंबे समय से शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। अभी तक इस्तीफा नहीं मिला। मिलने की उम्मीद भी कम है, क्योंकि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 2015 में ही स्पष्ट कर चुके हैं कि यह सरकार इस्तीफा देनेवाली नहीं है। तब से सरकार उसी लकीर पर चल रही है। बीच में कई मामले आए, चाहे वह तत्कालीन गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी का मामला हो, मंत्री कौशल किशोर का हो, बंदी संजय का हो, ब्रजभूषण शरण सिंह का हो अथवा हरदीप पुरी का हो, पिछले 12 वर्षों में एम जे अकबर के अलावा किसी ने इस्तीफा नहीं दिया है। अकबर का मामला भी अपवाद कहा जा सकता है, क्योंकि प्रधानमंत्री ने उनसे इस्तीफा नहीं मांगा था। मीटू में नाम आ जाने और चरित्र हनन से आजिज आकर उन्होंने खुद ही पद छोड़ दिया था। अब बात सर्वदलीय बैठक बुलाने की करते हैं। अगर विपक्ष के पास देश की बदहाल आर्थिक स्थिति से निकलने, महंगाई पर अंकुश लगाने, बेरोजगारी दूर करने और किसानों की आय बढ़ाने का कोई रोडमैप है, तो उसे जनता को बताना चाहिए। हो सकता है सरकार भी उससे सीख ले लेती। फिर क्या सरकार इन मुद्दों के प्रति गंभीर नहीं है ? कृषि मंत्री संसद के पिछले सत्र में ही कह चुके हैं कि सरकार के प्रयास से किसानों की आय दोगुनी हो गई है। तब संसद में बैठे विपक्ष के लोग क्या कर रहे थे। यह अलग बात है कि किसान अपनी बदहाली और बढ़ते कर्ज के कारण आत्महत्या कर रहे हैं। इंडिया गठबंधन की बैठक में यह भी तय किया गया कि गठबंधन के नेता हर दूसरे महीने मिलते- बैठक करते रहेंगे और मानसून सत्र के दौरान नेता प्रतिपक्ष के कार्यालय में रोज बैठक करंगे। करिए, किसने रोका है ? लेकिन इससे क्या हो जाएगा ? मुझे कहने दीजिए कि देश में इंडिया गठबंधन के नेताओं के पास सरकार के विरोध का कोई रोडमैप नहीं है। जिन क्षेत्रीय दलों के सहयोग से कांग्रेस राजनीतिक लड़ाई का व्यूह रचना चाहती है, उनका वजूद तो कांग्रेस के पुराने वोटरों से ही तो है।*

## खास बात

### राहुल गांधी फुल फॉर्म पर ?

राहुल गांधी कांग्रेस पार्टी के संगठन को लेकर बहुत गंभीर हैं. वह पुराने छत्रपों के स्थान पर नए कार्यकर्ताओं को तरजीह दे रहे हैं. केंद्र की सरकार सभी पुराने छत्रपों पर किसी न किसी रूप में शिकंजा कस लेती है. नए नेता और कार्यकर्ता जिनमें जज्बा होता है। सरकार उन पर कोई मुकदमा नहीं लगा सकती है, ना डरा सकती है। ऐसे नेताओं को राहुल गांधी आगे बढ़ा रहे हैं। जो केंद्र सरकार की परेशानियों को बढ़ा रहे हैं। मोदी सरकार सबसे ताकतवर होते हुए भी यदि सबसे ज्यादा परेशान है, तो वह राहुल गांधी से। भाजपा के लोग पहले बोलते थे मोदी नहीं तो कौन, अब दिन रात राहुल गांधी के नाम की माला जप रहे हैं।

### हिटलर और मुसेलेनी चर्चाओं में

भारत की राजनीति में इन दिनों तानाशाह और फांसीबाद के प्रतीक हिटलर और मुसैलेनी की चर्चा हो रही है। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने पिछले दिनों कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तानाशाही और फांसीबाद के प्रतीक हैं। रेवंथ रेड्डी हाइड्रा प्रोजेक्ट का उल्लेख कर रहे थे। वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के छात्र संगठन में थे। हाल ही में उन्होंने कांग्रेस पार्टी ज्वाइन की है। उन्होंने हिटलर और मुसेलेनी की चर्चा करते हुए कहा, संघ के बीआर मुंजे ने इटली में मुसेलेनी के संगठन का अध्ययन किया था। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हिटलर और मुंसोलिनी से प्रेरित था। नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री के रूप में इन्हीं दोनों के नक्शे कदम पर चल रहे हैं।

### संजय झा ने बताया आधा सच

जनता दल यू के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा ने एक अंग्रेजी अखबार को दिए हुए साक्षात्कार में आधा सच ओर आधा झूठ बताया है। राजनेता झूठ बोलने में माहिर होते हैं। इंडिया गठबंधन को लेकर उन्होंने कहा,अरविंद केजरीवाल और ममता बनर्जी ने नीतीश कुमार को प्रधानमंत्री बनाने की सहमति दे दी थी। कांग्रेस इसके लिए नहीं मानी। जिसके कारण इंडिया गठबंधन से आम आदमी पार्टी और नितीश बाबू ने दूरी बना ली थी। यह आधा अधूरा सच है।

### कर्नाटक की राजनीति में जाना चाहते हैं,कुमार स्वामी ?

कर्नाटक में मुख्यमंत्री डीके शिव कुमार बन गए हैं. उसके बाद से केंद्रीय मंत्री एचडी कुमार स्वामी दिल्ली छोड़कर कर्नाटक में राजनीति करना चाहते हैं। वाईएस येदुरप्पा बहुत बूढ़े हो चुके हैं। कुमार स्वामी को लगता है, वह कर्नाटक चले जाएंगे तो एक बार फिर बड़े नेता बन जाएंगे। वह, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह के चक्कर लगा रहे हैं। उन्हें केंद्रीय मंत्रिमंडल से मुक्त किया जाए, कर्नाटक की राजनीति में सक्रिय किया जाए।

## राशिफल

शुभ संवत 2083, शाके 1948, सौम्य गोष्ठ, द्वितीय ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, ग्रीष्म ऋतु, गुरु उदय पूर्वे, शुक्रोदय, पश्चिमे तिथि, द्वादशी, शुक्रवार, भरणी नक्षत्रे, आद्र योगे, तैतिल करणे, मेष की चंद्रमा, प्रदोष व्रत, तथापि पूर्व दिशा की यात्रा शुभ उत्तम फलप्रद होगी।

**आज जन्म लिए बालक का फल:** आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, जिद्द-हठी, स्वाभिमानी, शिक्षक, लेक्चरार, प्रोफेसर, प्रिन्सपल, वक्ता-अधिवक्ता, नेता, शासक-प्रशासक, विधायक, राजमंत्री, पंडित, विद्वान, मठ-मंदिर का निर्माणकर्ता होगा।

**मेष राशि**- स्वभाव में आकस्मिक परिवर्तन ही सफलता है, व्यवसाय में उन्नति होगी।

**वृष राशि**- कार्य में सफलता मिलेगी, मान-सम्मान की प्राप्ति होगी, शत्रु वर्ग का जोर होगा।

**मिथुन राशि**- यह सप्ताह उत्तम फलकारक है, अधिकारियों का पूर्ण सहयोग अवश्य मिलेगा।

**कर्क राशि**- नौकरी में व्यावधान हो सकता है, व्यवसाय ठीक नहीं है, भवुकता से हानि होगी।

**सिंह राशि**- आनंद का अनुभव करेंगे, केतु गृह पीड़ा कारक है, काफी मतभेद अवश्य होंगे।

**कन्या राशि**- मनोरंजन में अति हर्ष होगा, व्यवसाय में लाभ होगा तथा कार्य अवश्य होगा।

**तुला राशि**- पारिवारिक उत्तर दायित्व की वृद्धि होगी, आमोद-प्रमोद में विरोध अवश्य होगा।

**वृश्चिक राशि**- मानसिक तनाव अनावश्यक बढ़ेगा, स्वजनों की सहायता अनुभूति अवश्य होगी।

**धनु राशि**- व्यवसाय की उन्नति में आर्थिक स्थिति में विशेष सुधार अवश्य होगा, ध्यान दें।

**मकर राशि**- विलास सामग्री का संचय होगा, अधिकारियों की कृपा का लाभ मिलेगा।


**कुंभ राशि**- इष्ट मित्रों से अच्छा सहयोग मिले तथा उत्तम लाभ के योग अवश्य बनेंगे।

**मीन राशि**- गृह-कलह, हीन मनोवृत्ति, शरीर पीड़ा, परेशानी अवश्य ही बनेगी, व्यापार में व्यावधान होगा।

**पीएल गौतमाचार्य**

## दैनिक पंचांग

**12 जून 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृष में | मिथुन | 05.31 बजे से |
| चंद्र | मेष में | कर्क | 07.44 बजे से |
| मंगल | मेष में | सिंह | 10.01 बजे से |
| बुध | मिथुन में | कन्या | 12.12 बजे से |
| गुरु | कर्क में | तुला | 14.23 बजे से |
| शुक्र | कर्क में | वृश्चिक | 16.38 ब.से |
| शनि | मीन में | धनु | 18.54 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मकर | 20.59 बजे से |
| केतु | सिंह में | कुंभ | 22.45 बजे से |
| | | मीन | 00.18 बजे से |
| | | मेष | 01.49 बजे से |
| | | वृष | 03.29 बजे से |

**राहुकाल** 10.30 से 12.00 बजे तक

**शुक्रवार** 2026 वर्ष का 163 वा दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** ग्रीष्म।
**विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948
**मास** ज्येष्ठ **पक्ष** कृष्ण
**तिथि** द्वादशी 19.37 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** अश्विनी 06.29 बजे तदनन्तर भरणी 04.06 बजे रात्र को समाप्त।
**योग** अतिगण्ड 21.26 बजे को समाप्त।
**करण** कौलव 09.11 बजे तदनन्तर तैतिल 19.37 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 24.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 23° 08'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872738
**जूलियन दिन** 2461203.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** जिल्हेज **तारीख** 26
**विशेष** प्रदोष व्रत।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 से 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | काल | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से 04.10 बजे तक | चर | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ **Jagrutidaur.com, Bangalore**

# खेती से आगे बढ़ रहे किसान, मालवा-निमाड़ में उद्यानिकी और नवाचार आधारित फसलों पर बढ़ा फोकस

इंदौर ■ निसं

लंबे समय तक सोयाबीन और पारंपरिक फसलों पर निर्भर रहे मालवा-निमाड़ में अब खेती का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। किसान आय बढ़ाने और जोखिम कम करने के लिए फल, सब्जी, औषधीय और उच्च मूल्य वाली फसलों की ओर रुख कर रहे हैं।

इंदौर संभाग की रबी 2025-26 समीक्षा और खरीफ 2026 की तैयारियों को लेकर आयोजित संभागीय समीक्षा बैठक में सामने आए जिला-वार प्रस्तुतिकरणों से स्पष्ट हुआ कि क्षेत्र में फसल विविधीकरण अब नीति और व्यवहार दोनों स्तरों पर गति पकड़ रहा है।

कृषि उत्पादन आयुक्त अशोक बर्णवाल ने बैठक में अधिकारियों



को निर्देश दिए कि किसानों को कम मूल्य वाली फसलों के बजाय अधिक मूल्य वाली फसलों के उत्पादन के लिए प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने कहा कि उद्यानिकी क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं और इसका रकबा बढ़ाने की दिशा में योजनाबद्ध प्रयास किए जाने चाहिए। साथ ही वैज्ञानिक खेती, नई तकनीकों और कृषि नवाचारों को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया गया।

बैठक में कृषि उत्पादन आयुक्त ने सोयाबीन के विकल्प के रूप में अरहर पूसा-16 के उत्पादन को बढ़ाने पर बल दिया। उन्होंने खेतों में केवल बीटी कपास पर निर्भर रहने के बजाय कपास की अन्य प्रजातियों को भी बढ़ावा देने के निर्देश दिए, ताकि कीट प्रकोप की समस्या को कम किया जा सके।

उन्होंने किसानों को जैविक खाद के उपयोग, मिट्टी परीक्षण और वैज्ञानिक खेती के प्रति जागरूक करने की आवश्यकता बताई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि किसानों को समय पर बीज और उर्वरक उपलब्ध कराए जाएं तथा कृषि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जाए।

मालवा-निमाड़ में उभरता यह कृषि परिवर्तन संकेत देता है कि आने वाले वर्षों में क्षेत्र की पहचान केवल सोयाबीन उत्पादक क्षेत्र के रूप में नहीं, बल्कि विविध और उच्च मूल्य वाली फसलों के केंद्र के रूप में भी स्थापित हो सकती है।

### बड़वानी : केले से बढ़ रही समृद्धि

बड़वानी में केले की खेती किसानों के लिए लाभकारी व्यवसाय बन गई है। यहां उत्पादित केले की मांग देश के साथ-साथ विदेशों तक पहुंच रही है। इसके अलावा किसानों को मिलेट्स उत्पादन के लिए भी प्रोत्साहित किया जा रहा है।

### खरगोन : सफेद मूसली बना आय का नया आधार

खरगोन में सफेद मूसली जैसी औषधीय फसल किसानों की आय का नया स्रोत बनकर उभरी है। वहीं हाईब्रिड मक्का उत्पादन को आधुनिक कृषि नवाचार के रूप में अपनाया जा रहा है, जिससे उत्पादकता और आमदनी दोनों में वृद्धि हो रही है।

### आलीराजपुर : फलों – सब्जियों के नए क्लस्टर

आलीराजपुर में आम, सीताफल और पपीता जैसी फल फसलों का रकबा लगातार बढ़ रहा है। इसके साथ ही भिंडी और टमाटर जैसी सब्जियों के उत्पादन को भी प्रोत्साहन दिया जा रहा है। जिले में नए बागवानी क्लस्टर विकसित किए जा रहे हैं, जिससे अधिक किसानों को उन्नत खेती और बेहतर बाजार से जोड़ा जा सके।

### झाबुआ : तरबूज से बनी नई पहचान

झाबुआ ने तरबूज उत्पादन के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान स्थापित की है। बढ़ते उत्पादन और बेहतर विपणन व्यवस्था के कारण किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। तरबूज अब जिले की प्रमुख नकदी फसलों में शामिल हो चुका है।

### बुरहानपुर : ड्रिप सिंचाई से बढ़ा मुनाफा

बुरहानपुर में ड्रिप सिंचाई तकनीक के माध्यम से केले की खेती को नई दिशा मिली है। पानी की बचत, बेहतर उत्पादन और कम लागत के कारण किसानों की शुद्ध आय में वृद्धि दर्ज की जा रही है।

### खंडवा : चिया और कुसुम की बढ़ती खेती

खंडवा में चिया, कोदो और कुटकी जैसी फसलों का रकबा बढ़ रहा है। बाजार में अच्छे दाम मिलने से किसानों का इन फसलों की ओर रुझान बढ़ा है। साथ ही कुसुम की खेती को बढ़ावा देकर फसल विविधीकरण को नई दिशा दी जा रही है।

### धार : ब्लूबेरी के साथ नए प्रयोग

धार जिले में ब्लूबेरी उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। यह फसल क्षेत्र में उच्च मूल्य वाली बागवानी के नए प्रयोग के रूप में उभर रही है और किसानों के लिए नई संभावनाएं पैदा कर रही है।

## पति ने पत्नी को खिलाई सल्फास, मौत; पति व सास-ससुर को जेल भेजा

**उज्जैन।** भाटपचलाना थाना क्षेत्र के ग्राम बरथून में पति ने पत्नी को जहर खिलाकर मौत के घाट उतार दिया।



मृतका ने दम तोडे से पहले मजिस्ट्रेट को दिए बयानों में खौफनाक साजिश का खुलासा किया था। 2 जून को बरथून की प्रिया बैरागी को अस्पताल में भर्ती कराया था। 5 जून को उसकी मौत हो गई थी। मजिस्ट्रेट के समक्ष 164 में दिए बयान में प्रिया ने बताया कि था कि पति बालकदास बैरागी ने उसके साथ मारपीट की और सल्फास की गोली खिला दी। मायके पक्ष ने बताया कि शादी के बाद से बालकदास, सास राजूबाई और ससुर प्रहलाददास उसे लगातार प्रताड़ित कर रहे थे। पूर्व में भी बेरहमी से मारपीट का मामला दर्ज हुआ था। बाद में समझौता हो गया था।

## एक साल से लापता नाबालिग पचोर में मिली

**उज्जैन।** पंवासा थाना क्षेत्र के ग्राम गलपुरा से करीब एक साल पहले लापता नाबालिग पुलिस को पचोर रेलवे स्टेशन पर मिली। नाबालिग को शादी का झांसा देकर ले जाने वाले आरोपी को अपहरण, दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# इंदौर में बेकाबू नगर निगम टैंकर ने कई वाहनों को रौंदा, 4 घायल

इंदौर ■ निसं





इंदौर के व्यस्त पटेल ब्रिज पर गुरुवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब नगर निगम का एक पानी का टैंकर अचानक बेकाबू हो गया। टैंकर को तेजी से अपनी ओर आता देख सड़क पर मौजूद लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। अनियंत्रित टैंकर ने रास्ते में कई कारों और बाइकों को टक्कर मार दी, जिससे कम से कम 4 लोग घायल हो गए। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार हादसा टैंकर के ब्रेक फेल होने के कारण हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि चलते-चलते टैंकर अचानक चालक के नियंत्रण से बाहर हो गया और सड़क पर आगे बढ़ते हुए एक के बाद एक कई वाहनों को टक्कर मारता चला गया। अचानक हुए इस हादसे से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया और सड़क पर चीख-पुकार का माहौल बन गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक जब चालक को महसूस हुआ कि टैंकर नियंत्रण से बाहर हो चुका है, तो उसने स्थिति को संभालने की कोशिश की। चालक ने टैंकर को सड़क से हटाकर फुटपाथ की ओर मोड़ दिया, जिससे वाहन रुक गया और एक बड़ा हादसा होने से बच गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि टैंकर कुछ और दूरी तक इसी तरह अनियंत्रित चलता रहता, तो कई और वाहन तथा राहगीर इसकी चपेट में आ सकते थे। चालक की इस कोशिश से संभावित बड़ा नुकसान टल गया।

### लोगों ने किया हंगामा

घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों में भारी नाराजगी देखने को मिली। गुस्साए लोगों ने टैंकर में तोड़फोड़ कर दी और नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। स्थानीय लोगों का आरोप है कि खराब स्थिति वाले भारी वाहनों को बिना उचित जांच के सड़कों पर उतारा जा रहा है, जिससे आम लोगों की जान खतरे में पड़ रही है।

### चालक मौके से फरार

हादसे के तुरंत बाद टैंकर चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रित किया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात व्यवस्था बहाल कराई। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और फरार चालक की तलाश की जा रही है।

# MIC बैठक के बड़े फैसले: अवैध मांस-मटन कारोबार पर होगी सख्त कार्रवाई

उज्जैन ■ निसं

धार्मिक नगरी उज्जैन में नगर निगम की मेयर-इन-काउंसिल (एमआईसी) की बुधवार को आयोजित बैठक में शहर से मांस-मटन की दुकानों को बाहरी इलाकों में शिफ्ट करने का बहुप्रतीक्षित प्रस्ताव किन्हीं कारणों से पेश नहीं हो पाया। हालांकि, परिषद ने इस बात पर कड़ा रुख अपनाया है कि नगर निगम सीमा के अंतर्गत बिना अनुमति और अवैध रूप से चल रही मांस-मटन की दुकानों को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और उनके खिलाफ सघन अभियान चलाकर सख्त तालाबंदी की कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त बैठक में शहर के बुनियादी विकास और सड़क चौड़ीकरण से प्रभावित नागरिकों के मुआवजे से जुड़े कई अहम प्रस्तावों पर मुहर लगाई गई।

नगर निगम ने शहर के कई व्यस्त और प्रमुख मार्गों के चौड़ीकरण की राह आसान करते हुए प्रभावितों के लिए आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। इसमें मुख्य रूप से गैल इंडिया चौराहे से नीलगंगा मार्ग, शांति नगर से मंछामन चौराहा, सांवेर रोड पर मुनी नगर से सार्थक नगर होते हुए इंदौर रोड तक का हिस्सा, तथा हामूखेड़ी बिजासन माता मंदिर से देवास रोड तक बनने वाली सड़कों के दायरे में आने वाले भवनों के नुकसान की भरपाई की जाएगी। इस कदम से शहर की यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए चल रहे निर्माण कार्यों में तेजी आने की उम्मीद है।

आगामी सिंहस्थ महाकुंभ-2028 के भव्य आयोजन को ध्यान में रखते हुए निगम ने अपनी ढांचागत तैयारियों को गति देना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में हरिफाटक रेलवे ओवरब्रिज को फोरलेन में बदलने के महात्वाकांक्षी प्रोजेक्ट से प्रभावित होने वाले बारह खोली क्षेत्र के निवासियों को उचित मुआवजा देने का फैसला किया गया है ताकि निर्माण कार्य बिना किसी बाधा के समय पर पूरा हो सके।



### टीडीआर धारकों को नकद भुगतान और मुआवजा राशि मंजूर

बैठक में विकास कार्यों के लिए जमीन देने वाले भू-स्वामियों के हितों का विशेष ध्यान रखा गया। शहर में विभिन्न मार्ग चौड़ीकरण परियोजनाओं के कारण प्रभावित हुए जिन संपत्ति मालिकों को नगर निगम द्वारा ट्रांसफरेबल डेवलपमेंट राइट्स (टीडीआर) दिए गए थे, लेकिन वे किसी कारणवश उसका लाभ नहीं उठा पा रहे हैं, उन्हें अब उसके बदले तयशुदा नगद राशि का भुगतान किया जाएगा। महापौर मुकेश टटवाल की अध्यक्षता में लिए गए इस निर्णय के तहत प्रभावित भवन स्वामियों को क्षतिपूर्ति के रूप में 2 करोड़ 24 लाख रुपये से अधिक की राशि बांटने के प्रस्ताव को हरी झंडी दी गई। इसके साथ ही मिर्जा नईम बेग मार्ग पर स्थित निगम की स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी मल्टीलेवल वाहन पार्किंग के संचालन ठेके के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी गई।

# हरिफाटक ब्रिज प्रोजेक्ट में तेजी के निर्देश

उज्जैन ■ निसं

महाकाल मंदिर आने-जाने का प्रमुख मार्ग हरिफाटक ओवरब्रिज अब चौड़ा किया जाना है। उसके समानांतर नए ब्रिज का निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है। बुधवार को कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने इस निमार्णाधीन समानांतर ब्रिज, महाकाल मंदिर के समीप सड़क निर्माण कार्य और श्री महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन व्यवस्था का निरीक्षण किया।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि वर्षा ऋतु प्रारंभ होने से पहले सभी जमीनी स्तर के कार्य अनिवार्य रूप से पूर्ण कर लिए जाएं। कलेक्टर ने कहा कि श्रावण मास प्रारंभ होने से पहले श्रद्धालुओं को आवागमन के लिए सुविधापूर्वक मार्ग उपलब्ध हो जाना चाहिए।

तीन भुजाओं में बंटकर यातायात सुधारेगा नया ब्रिजः सिंहस्थ के लिहाज से अति महत्वपूर्ण माने जा रहे इस समानांतर ब्रिज परियोजना में तीन भुजाओं का निर्माण किया जा रहा है। इसमें मुख्य भुजा नीलकंठ द्वार की ओर, दूसरी भुजा महाकाल लोक की ओर तथा तीसरी भुजा बड?गर रोड की ओर जाएगी। कलेक्टर ने निर्माण एजेंसी को इस कार्य को समय-सीमा में पूरा करने को कहा है। इसके अलावा उन्होंने बड़ा गणेश मंदिर और हेरिटेज होटल के सामने निमार्णाधीन सड़कों का भी जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने महाकाल मंदिर के भीतर सामान्य और विशेष टिकट वाले श्रद्धालुओं की दर्शन व्यवस्था का भी अवलोकन किया। उन्होंने बताया कि पिछले महज एक सप्ताह के भीतर करीब 10 लाख श्रद्धालुओं ने श्री महाकालेश्वर के दर्शन किए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निदेर्शानुसार श्री महाकालेश्वर के दरबार में आने वाले हर श्रद्धालु को बिना किसी परेशानी के सुलभ दर्शन हों, इसके लिए एक नया और बेहतर दर्शन प्लान तैयार किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक प्रथम कौशिक, सहायक प्रशासक मूलचंद जूनवाल सहित अन्य विभागीय अधिकारी भी साथ थे।

# मेंहदीकुंड हत्याकांड में आरोपी को दोहरी उम्रकैद

इंदौर ■ निसं

करीब 9 साल पहले शहर के पास स्थित एक पिकनिक स्पॉट मेहंदी कुंड और नकोड़ी कुंडी के बीच युवक युवती की 200 फीट गहरी खाई में फेंक कर की गई हत्या के सनसनीखेज मामले में फैसला आया है। अपर सत्र न्यायाधीश सोनल पटेल की कोर्ट ने आरोपी बलराम पिता नवल सिंह मकवाना निवासी बसी पीपरी, महू को दोषी पाते हुए दोहरे आजीवन कारावास एवं अर्थदंड की सजा सुनाई।

पुलिस कहानी के मुताबिक घटना 6 नवंबर 2017 की है। दोपहर लगभग तीन बजे हिमांशु और श्रेया नामक लगभग बीस वर्षीय युवक युवती स्कूटर से पिकनिक स्पॉट मेहंदीकुंड घूमने निकले थे। इसी बीच आरोपी बलराम एवं अन्य इन्हें मिले। रास्ता बताने के बहाने दोनों को अपने साथ बड़िया के जंगल में नकोड़ी कुंड के पास गहरी खाई वाले स्थान पर ले गए। आरोप था कि डरा-धमकाकर, मारपीट कर इनके पास से 5200 रुपए नकद, आधार कार्ड, सोने की चेन आदि छीन लिए और इन्हें खाई में धकेल दिया। बाद में इनकी मौत हुई।

## महाकाल की सवारी के हाथी का ब्लड-टेस्ट रोकाः किया विरोध

**उज्जैन।** भगवान महाकाल की सवारी में शामिल होने वाले हाथी श्यामू को लेकर एक बार फिर विवाद खड़ा हो गया। पिछले करीब नौ माह से श्यामू के स्वास्थ्य को लेकर सवाल उठ रहे हैं और उसका इलाज विशेषज्ञों की निगरानी में चल रहा है।गुरुवार को पन्ना टाइगर रिजर्व, इंदौर और उज्जैन की संयुक्त टीम हाथी का स्वास्थ्य परीक्षण करने और ब्लड सैंपल लेने पहुंची, लेकिन हाथी के मालिक और परिजनों ने इसका विरोध कर दिया। विवाद बढ़ने के बाद टीम बिना ब्लड सैंपल लिए लौट गई और केवल मल-मूत्र के नमूने लेकर जांच करने का निर्णय लिया।

# कनाड़िया थाना क्षेत्र बंगले में भीषण आग मचा हड़कंप

इंदौर ■ निसं

इंदौर के कनाड़िया थाना क्षेत्र स्थित शिव शक्ति नगर में एक बंगले में भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया।

बताया जा रहा है कि रिवाज गार्डन के पीछे स्थित बंगले में एसी में शॉर्ट सर्किट के बाद ब्लास्ट हुआ, जिसके चलते आग तेजी से फैल गई।

आग लगते ही घर में मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और घर में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। फिलहाल दमकल कर्मियों द्वारा आग पर काबू पाने का प्रयास जारी है। प्रारंभिक तौर पर आग लगने की वजह एसी में शॉर्ट सर्किट के बाद हुए ब्लास्ट को माना जा रहा है। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है, वहीं पुलिस और फायर विभाग की टीम मौके पर मौजूद है। एसी में ब्लास्ट के बाद बंगले में लगी आग कनाड़िया क्षेत्र के शिव शक्ति नगर में मचा हड़कंप दमकल की टीम मौके पर जुटी और आग पर काबू पाया।

# हर घर जल संरक्षण बने जनआंदोलन: महापौर ने वार्ड-9 में किया निरीक्षण

इंदौर ■ निसं

इंदौर में जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाने के उद्देश्य से महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव ने विधानसभा-1 के वार्ड-9 का दौरा कर वर्षा जल संचयन कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने नागरिकों से जल संरक्षण को जीवनशैली का हिस्सा बनाने और प्रत्येक घर में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम विकसित करने का आह्वान किया।

निरीक्षण के दौरान महापौर ने वर्षा जल संचयन अपनाने वाले परिवारों की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल भविष्य में जल संकट से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने जल संरक्षण को आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य से जुड़ा विषय बताया।

मानसून पूर्व तैयारियों की समीक्षा करते हुए महापौर ने नगर निगम अधिकारियों को जलभराव वाले क्षेत्रों में सुधारात्मक कार्य, नालियों की सफाई, गाद एवं कचरे की निकासी तथा ड्रेनेज व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। साथ ही विभिन्न एजेंसियों द्वारा खोदी गई सड़कों के रेस्टोरेशन कार्य बारिश से पहले पूरा करने को कहा, ताकि नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

महापौर ने कहा कि इंदौर की पहचान केवल स्वच्छता तक सीमित नहीं रहनी चाहिए।

# खजराना गणेश मंदिर में बदलाव, कॉलेज रिपोर्ट के बाद मास्टर प्लान हुआ सार्वजनिक

इंदौर ■ निसं

देश के लाखों श्रद्धालुओं की आस्था के बड़े केंद्र, प्रसिद्ध खजराना गणेश मंदिर के कायाकल्प का काम अब मास्टर प्लान के अनुसार शुरू होने जा रहा है। मंदिर में भक्तों की लगातार बढ़ती संख्या और उनकी सुविधा को देखते हुए पहले चरण के विकास कार्यों को हरी झंडी दे दी गई है। इस पूरे प्रोजेक्ट को इस तरह प्लान किया गया है कि मंदिर आने वाले भक्तों को दर्शन करने में कोई परेशानी न हो।

विकास कार्य के पहले चरण में सबसे पहले खजराना गणेश मंदिर के गर्भगृह के प्रवेश द्वार (गेट) की चौड़ाई को बढ़ाया जाएगा। इसके लिए द्वार पर लगी करीब 150 किलो चांदी को सुरक्षित निकालकर सरकारी खजाने (ट्रेजरी) में जमा करा



दिया गया है। चांदी हटाने के बाद द्वार की मजबूती और बनावट की जांच इंदौर के एसजीएसआईटीएस कॉलेज द्वारा की गई है। कॉलेज की तकनीकी रिपोर्ट आ चुकी है, जिसके सुझावों के आधार पर अगले एक-दो दिनों में निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

**रात में होगा काम, दर्शन व्यवस्था नहीं होगी प्रभावित-** श्रद्धालुओं को भगवान के दर्शन में कोई असुविधा न हो, इसके लिए एक खास रणनीति बनाई गई है। गर्भगृह के आगे एक पारदर्शी प्लास्टिक शीट लगाई गई है ताकि काम की धूल अंदर न जाए। इसके अलावा, सारा निर्माण कार्य रात के समय किया जाएगा, जब मंदिर आम जनता के लिए बंद रहता है। पहले चरण के इन कामों पर करीब 8 से 10 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है, जिसे एक दानदाता और उनके सहयोगियों की मदद से पूरा किया जा रहा है।

### यज्ञशाला और बच्चों के लिए प्ले एरिया

पुजारी पंडित अशोक भट्ट ने बताया कि मंदिर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष (कलेक्टर) शिवम वर्मा और निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल के मार्गदर्शन में तैयार इस पूरे मास्टर प्लान का बजट 25 से 30 करोड़ रुपए है। अगले चरणों में मंदिर के पार्किंग क्षेत्र को सुधारा जाएगा और वहां तक पहुंचने के लिए एक रोटरी बनाई जाएगी। इसके अलावा, नई गाड़ियों की पूजा के लिए एक अलग जगह, प्रसाद की दुकानों के ऊपर शेड, यज्ञशाला, वेधशाला, श्रद्धालुओं के लिए आधुनिक सुविधा केंद्र और बच्चों के खेलने के लिए एक पार्क (प्ले एरिया) भी विकसित किया जाएगा।

### सभा मंडप को ढाई फीट नीचे किया जाएगा

खड़े लोगों की वजह से पीछे कतार में लगे भक्तों को भगवान के दर्शन ठीक से नहीं हो पाते। इस समस्या को दूर करने के लिए गर्भगृह के सामने बने सभा मंडप को करीब दो से ढाई फीट नीचे किया जाएगा। इससे पीछे खड़े लोग, वीआईपी मेहमान और नवविवाहित जोड़े बिना किसी बाधा के बप्पा के दर्शन कर सकेंगे।

### बनेगा दो मंजिला दर्शन कॉरिडोर

भक्तों की भारी भीड़ को सुव्यवस्थित तरीके से संभालने के लिए मंदिर परिसर में एक दो मंजिला दर्शन कॉरिडोर बनाया जाएगा, जिसमें मजबूत रेलिंग लगी होंगी। इसके साथ ही मुख्य गर्भगृह के सामने 'स्टेप दर्शन' व्यवस्था विकसित की जाएगी, कतार में खड़े हर आखिरी व्यक्ति को भगवान साफ नजर आएं।

## संक्षिप्त समाचार

### अभ्यास मैच में इंग्लैंड ने भारतीय टीम को 5 रनों से हराया

**लंदन।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम को इंग्लैंड के खिलाफ अभ्यास मैच में 5 रनों से हार का सामना करना पड़ा है। शनिवार से शुरु हो रहे टी20 विश्वकप को देखते हुए ये मैच काफी अहम माना जा रहा था। इस मैच मेजबान इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम को 172 रनों का लक्ष्य दिया। जिसका पीछा करते हुए भारतीय टीम 19.5 ओवर में 166 रन ही बना पायी। इस प्रकार उसे करीबी हार का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम की ओर से विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष ने सबसे अधिक 68 रन बनाये। इससे पहले भारतीय टीम ने ने टॉस जीतकर मेजबान टीम को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। इंग्लैंड ने निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 171 रन बनाये। इंग्लैंड की तरफ से एमी जोंस ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 45 गेंदों पर शानदार 64 रन बनाए।

### ऋषभ सभी प्रारुप में खेलने करें ये बदलाव : किरमानी

**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज सैयद किरमानी का कहना है कि अगर विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत तीनो ही प्रारुपों में खेलना चाहते हैं तो उन्हें अपने खेल में ये बदलाव करने होंगे। किरमानी के अनुसार ऋषभ को बल्लेबाजी के दौरान जरुरत से अधिक जोखिम से बचना होगा। इसके साफ ही अपनी फिटनेस बेहतर बनाने के अलावा दबाव में संयम बनाना होगा। ऋषभ पिछले दो साल से केवल टेस्ट मैच ही खेल रहे हैं हालांकि वह इंडियन प्रीमियर लीग यानी (आईपीएल) में टी20 क्रिकेट खेलते हैं पर उन्हें सभी प्रारुपों का बल्लेबाज माना जाता था। वहीं अब उन्हें केवल टेस्ट में ही जगह मिल रही है। सीमित ओवरों के प्रारुप में नहीं। किरमानी ने कहा, ऋषभ को अपनी फिटनेस और निरंतरता पर कड़ी मेहनत करनी होगी।

### लिविंगस्टोन अब लंदन स्पिरिट की कप्तानी करते दिखेंगे

**लंदन।** इंग्लैंड के स्टार ऑलराउंडर लियाम लिविंगस्टोन अब द हंड्रेड क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 में लंदन स्पिरिट की कप्तानी करते दिखेंगे। आईपीएल 2025 की विजेता टीम के सदस्य रहे लिविंगस्टोन का लक्ष्य ऐसे में लॉर्ड्स में अपनी टीम को जीत दिलाना रहेगा। लिविंगस्टोन अभी अच्छे फॉर्म में हैं और इसी कारण से उन्हें टीम की कमान सौंपी गयी है। इसकी घोषणा लंदन स्पिरिट ने एक विशेष वीडियो के जरिये की है। लिविंगस्टोन ने कहा, मैं इस गर्मी में लंदन स्पिरिट की कप्तानी करने को लेकर बेहद से उत्साहित हूं।

### मध्यप्रदेश प्रीमियर लीग, निमाड़ ईगल्स की एकतरफा जीत

# मालवा स्टैलियंस को आठ विकेट से रौंदा

### पारुष मंडल की रफ्तार के आगे बेबस हुई मालवा की टीम, मात्र 11 रन देकर चटकाए 5 विकेट; हिमांशु मंत्री ने 26 गेंदों में 60 रन कूटकर मचाया कोहराम

इंदौर ■ निसं






तेज गेंदबाज पारुष मंडल (5/11) के पंच और सलामी बल्लेबाज हिमांशु मंत्री (61 रन, 26 गेंद) के तूफानी अर्धशतक की बदौलत रॉयल निमाड़ ईगल्स ने होल्कर स्टेडियम में खेले गए मध्य प्रदेश प्रीमियर लीग टी-20 सिंधिया कप के एकतरफा मुकाबले में मालवा स्टैलियंस को 8 विकेट से रौंद दिया। स्टैलियंस को महज 113 रनों पर समेटने के बाद ईगल्स ने विस्मयकारी बल्लेबाजी करते हुए जीत का लक्ष्य केवल 9.4 ओवरों में 2 विकेट खोकर हासिल कर लिया। निमाड़ की टीम ने 62 गेंदें शेष रहते यह ऐतिहासिक जीत दर्ज की।

टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने उतरी रॉयल निमाड़ ईगल्स के गेंदबाजों ने बेहतरीन शुरुआत की। मालवा स्टैलियंस का शीर्ष क्रम ताश के पत्तों की तरह बिखर गया। स्कोर बोर्ड पर अभी एक रन भी नहीं टंगा था कि सक्षम पुरोहित (0) और अखिल निगोते यादव (0) पवेलियन लौट चुके थे। महज 29 रन के कुल योग पर टीम के 4 शीर्ष बल्लेबाज डगआउट में बैठ चुके थे।

इस संकट काल में कप्तान आशुतोष शर्मा ने खूंटा गाड़ा और जवाबी हमला शुरू किया। आशुतोष ने अपनी 38 रनों की कप्तानी पारी में मात्र 24 गेंदें खेलीं, जिसमें 1 चौका और 4 छक्के शामिल थे। उन्होंने प्रशांत कासदे (15) के साथ मिलकर पांचवें विकेट के लिए 45 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी की। अंत में पार्थ साहनी ने नाबाद 27 रन बनाकर टीम को 100 के पार पहुंचाया, लेकिन पूरी टीम 17.5 ओवर में 113 रनों पर ढेर हो गई।

ईगल्स की इस कड़क गेंदबाजी के महानायक रहे तेज गेंदबाज पारुष मंडल। पारुष ने मात्र 2.5 ओवर के कोटे में 1 मेडन ओवर फेंकते हुए सिर्फ 11 रन दिए और 5 बल्लेबाजों का शिकार किया। उनका इकोनॉमी रेट महज 3.90 का रहा, जिसने मालवा की रीढ़ तोड़ दी। कप्तान सारांश जैन ने भी 33 रन देकर 2 विकेट चटकाए।

114 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी रॉयल निमाड़ ईगल्स के इरादे पहले ही ओवर से साफ थे। सलामी बल्लेबाज धर्मेश पटेल (11) के जल्दी आउट होने के बाद मैदान पर आए विकेटकीपर बल्लेबाज हिमांशु मंत्री ने चौके-छक्कों की बौछार कर दी। हिमांशु ने गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाते हुए मात्र 26 गेंदों में 60 रन ठोक दिए, जिसमें 4 चौके और 6 छक्के शामिल थे। उन्होंने कनिष्क दुबे के साथ दूसरे विकेट के लिए सिर्फ 39 गेंदों में 75 रनों की पार्टनरशिप की। आलम यह था कि ईगल्स ने पावरप्ले में ही 76 रन बोर्ड पर टांग दिए थे। हिमांशु के आउट होने के बाद कनिष्क दुबे (26*) और आनंद बैस (16*) ने 10वें ओवर में ही टीम को ऐतिहासिक जीत दिला दी। पारुष मंडल को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

संक्षिप्त स्कोर: मालवा स्टैलियंस : 113/10 (17.5 ओवर) (आशुतोष शर्मा 38, पार्थ साहनी 27*, प्रशांत कासदे 15; पारुष मंडल 5/11, सारांश जैन 2/33, देवेंद्र सिंह 1/15)

रॉयल निमाड़ ईगल्स : 116/2 (9.4 ओवर) (हिमांशु मंत्री 60, कनिष्क दुबे 26*, आनंद बैस 16*; सचिन विश्वकर्मा 1/10, विवेक शर्मा 1/23)



### ओलंपिक में विराट और वैभव को पारी की शुरुआत के लिए शामिल करे बीसीसीआई : श्रीसंत

**मुम्बई।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर एस. श्रीसंत भी उभरते हुए बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी से बेहद प्रभावित हैं। इसी को देखते हुए श्रीसंत ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से कहा है कि साल 2028 के लॉस एंजिल्स ओलंपिक खेलों में भारतीय टीम की पारी की शुरुआत के लिए अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली और वैभव सूर्यवंशी को रखे। गौरतलब है कि साल 2028 में लॉस एंजिल्स में आयोजित होने वाले ओलंपिक खेलों से क्रिकेट की वापसी हो रही है। जिससे लेकर क्रिकेट जगत में बेहद उत्साह है। इसमें टी20 प्रारुप में मुकाबले रखे गये हैं। इसमें भारत सहित कुल छह शीर्ष टीमों को भाग लेने का अवसर मिलेगा। श्रीसंत के अनुसार ओलंपिक खेलों के लिए विराट जैसे अनुभवी खिलाड़ी को टीम में रखा जाना चाहिए, और उनके साथ ही 15 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी को भी मौका मिलना चाहिए। श्रीसंत के इस सुझाव के पीछे एक अनुभवी और एक युवा बल्लेबाज के मिश्रण से शीर्ष क्रम को मजबूती देने का विचार है। हालांकि, यह अनुरोध पूरा करना बीसीसीआई के लिए संभव नजर नहीं आता क्योंकि विराट ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया हैं, और वैभव को भी अभी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू करना है। श्रीसंत ने एक वीडियो में कहा, विराट ने जो काम किया है, वह अविश्वसनीय है। यदि हम ओलंपिक स्वर्ण की बात कर रहे हैं, तो मैं अनुरोध करता हूं कि विराट टीम में खेलें। यह सीनियर और जूनियर का एक बेहतरीन मिश्रण होगा। विराट के साथ सूर्यवंशी का उतरना अद्भुत होगा। उन्होंने कहा, चयनकर्ताओं को विराट को टी20 में बनाए रखना चाहिए, क्योंकि उनकी फिटनेस अभी शीर्ष स्तर की है। गौरतलब है कि विराट का टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर शानदार रहा है।

### टी20 सीरीज के लिए हेड की जगह शामिल किये गये

## भारत में जन्मे क्रिकेटर निखिल चौधरी ऑस्ट्रेलियाई टीम से खेलेंगे

मेलबर्न ■ एजेंसी




ऑस्ट्रेलियाई टी20 क्रिकेट टीम में भारत में जन्मे निखिल चौधरी को शामिल किया गया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने बांग्लादेश दौरे के लिए अपनी टी20 टीम में अनुभवी बल्लेबाज ट्रेविस हेड की जगह पर निखिल को शामिल किया है। दिल्ली में जन्में निखिल अगर बांग्लादेश के खिलाफ 17 जून से शुरू होने वाली तीन मैच की टी20 सीरीज में डेब्यू करते हैं, तो वह 60 से अधिक सालों में ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलने वाले भारत में जन्मे पहले खिलाड़ी बन जाएंगे।

ऑस्ट्रेलियाई टीम में भारतीय मूल के कई खिलाड़ी, जैसे गुरिंदर संधू और तनवीर संघा, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खेल चुके हैं पर इन दोनो का जन्म भारत में नहीं हुआ था। इससे पहले 1960 के दशक में गुजरात में गुजरात में जन्मे लेग-स्पिनर रेक्स सेलर्स ने 1964 में कलकत्ता टेस्ट में खेला था, और तब से कोई भी भारतीय मूल का खिलाड़ी जिसने भारत में जन्म लिया हो, ऑस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा नहीं बना। इस लिहाज से, यदि 30 वर्षीय चौधरी अगले हफ्ते मैदान पर उतरते हैं, तो यह उनके लिए एक अविस्मरणीय पदार्पण होगा और वे एक नया इतिहास रचेंगे।

निखिल अभी ऑस्ट्रेलिया के नागरिक नहीं, बल्कि स्थायी निवासी हैं। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के सभी पात्रता मानदंडों को पूरा किया है, जिससे उन्हें ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलने की अनुमति मिल गई है। दिल्ली में जन्मे चौधरी ने अपने शुरुआती करियर में पंजाब के लिए 14 सीमित ओवर मैच खेले हैं, जहाँ उन्होंने हरभजन सिंह, शुभमन गिल और अभिषेक शर्मा जैसे खिलाड़ियों के साथ खेले। उन्होंने आईपीएल टीम मुंबई इंडियंस के साथ ट्रायल्स में भी हिस्सा लिया था। पूर्व अंतर्राष्ट्रीय ऑलराउंडर जेम्स होप्स के कहने पर उन्हें बिग बैश लीग (बीबीएल) में होबार्ट हरिकेंस में शामिल किया गया था। वह पिछले तीन क्करु सीज़न से, चौधरी हरिकेंस टीम के एक महत्वपूर्ण सदस्य के रूप में उभरे हैं। पिछले समर में बल्ले से उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा, जहाँ उन्होंने 30.70 की औसत और 153 के स्ट्राइक-रेट से 307 रन बनाए।

### टू चौहान्स, वन ड्रीम...

## भारत की अंडर-19 टीम में छाए मप्र के यशबर्धन और मनल

मुंबई/इंदौर ■ निसं




टू चौहान्स, वन ड्रीम, इंडिया अंडर-19! मध्य प्रदेश के दो युवा क्रिकेटरों ने आज इस जुमले को हकीकत में बदलते हुए राष्ट्रीय पटल पर प्रदेश का नाम रोशन कर दिया। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा श्रीलंका दौरे के लिए घोषित की गई भारत की जूनियर टीम में मध्य प्रदेश के यशबर्धन सिंह चौहान और मनल चौहान ने अपनी जगह पक्की कर ली है। खास बात यह है कि चयनकर्ताओं ने यशबर्धन सिंह चौहान की असाधारण नेतृत्व क्षमता पर भरोसा जताते हुए उन्हें वनडे और मल्टी-डे (चार दिवसीय) दोनों टीमों की कमान सौंपी है, जबकि मनल चौहान को चार दिवसीय टीम के मुख्य स्कॉड में शामिल किया गया है।

बीसीसीआई के मानद सचिव देवजीत सैकिया द्वारा 11 जून को जारी आधिकारिक कार्यक्रम के अनुसार, भारतीय टीम आगामी 4 जुलाई से श्रीलंका दौरे पर तीन वनडे और दो चार दिवसीय मैच खेलेगी। इस पूरे दौरे पर भारतीय चुनौती की कप्तानी का गौरव मध्य प्रदेश के यशबर्धन के हिस्से आया है।

यशबर्धन को दोहरी कमान, मनल भी तैयार: मैदान पर अपनी सधी हुई तकनीक और कप्तानी के हुनर से प्रभावित करने वाले यशबर्धन सिंह चौहान श्रीलंका की धरती पर भारतीय टीम की अगुवाई करेंगे। वह सीमित ओवरों (वनडे) और लंबी अवधि (मल्टी-डे) दोनों ही प्रारूपों में भारत के मुख्य सेनापति होंगे। उनके डिप्टी (उपकप्तान) के रूप में लक्ष्य रायचंदानी को चुना गया है।

वहीं, दोनों चौहानों के एक ही सपने को पूरा करते हुए मनल चौहान ने भी अपनी धारदार खेल के दम पर भारत की मल्टी-डे टीम में अपना टिकट पक्का कर लिया है। गाले और कोलंबो की पिचों पर मनल चौहान भारतीय जर्सी में खेलते हुए नजर आएंगे। दोनों खिलाड़ियों के इस शानदार चयन से मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एमपीसीए) और स्थानीय खेल प्रेमियों में उत्साह की लहर है।

06 जुलाई (सोमवार) : दूसरा वनडे, हम्बनटोटा 09 जुलाई (गुरुवार) : तीसरा वनडे, हम्बनटोटा 13 से 16 जुलाई (सोमवार-गुरुवार) : पहला बहु-दिवसीय मैच, गाले 20 से 23 जुलाई (सोमवार-गुरुवार) : दूसरा बहु-दिवसीय मैच, कोलंबो घोषित भारतीय जूनियर टीमें इस प्रकार हैं :-

भारत पुरुष अंडर-19 मल्टी-डे (चार दिवसीय) टीम : यशबर्धन सिंह चौहान (कप्तान), लक्ष्य रायचंदानी (उपकप्तान), सागर विर्क, पटेल कुश, मनल चौहान, कुशाग्र ओझा, मानव कृष्णा (विकेटकीपर), आर्यन संदेश सकपाल (विकेटकीपर), हेमचुदेशन जे., बीके किशोर, रोहित अनिल यादव, काव्या परेश पटेल, प्रियांशु सिंह, प्रणव राघवेंद्र, चिगुरुपति वेंकट।

## व्यापार समाचार

### रिपोर्ट में दावा, भारतीय कपड़ा उद्योग में लौटा दम

# अमेरिकी शुल्क कम होने से मांग में तेजी

नई दिल्ली ■ एजेंसी




डोलाट कैपिटल की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी शुल्क कम होने और वैश्विक मांग में सुधार से भारतीय कपड़ा क्षेत्र में तेजी आई है। उद्योग के बुनियादी सिद्धांत मजबूत हुए और मुक्त व्यापार समझौतों से भारत की स्थिति मजबूत हुई।

भारतीय कपड़ा क्षेत्र अब सुधार के दौर में प्रवेश कर रहा है। अमेरिकी शुल्कों से जुड़ी अनिश्चितता कम होने और वैश्विक मांग में सुधार से यह संभव हुआ है। रिपोर्ट में उद्योग के बेहतर बुनियादी सिद्धांतों, मांग की स्पष्टता और अनुकूल नीतिगत विकास पर जोर दिया गया है। यह क्षेत्र अब नए आशावाद के चरण में प्रवेश कर रहा है। डोलाट कैपिटल की एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है।

रिपोर्ट के अनुसार, फरवरी 2026 के अंत में एक बड़ा बदलाव आया। भारतीय कपड़ा उत्पादों पर अमेरिकी शुल्क 50 फीसदी से घटकर 10 फीसदी हो गए। अमेरिकी प्रतिशोधात्मक और दंडात्मक शुल्कों के समाप्त होने से भारतीय कपड़ा क्षेत्र को बड़ी राहत मिली है। इससे व्यापार सामान्य हुआ और निर्यात की मात्रा स्थिर हुई। दंडात्मक शुल्कों को हटाने से भारतीय निर्यात की वैश्विक प्रतिस्पर्धा बहाल हुई है। अमेरिकी बाजार में रुकी हुई मांग भी अब बाहर आ रही है। उद्योग के बुनियादी सिद्धांत भी काफी सुधरे हैं। कताई में क्षमता समेकन, कपास की लागत प्रतिस्पर्धा की बहाली और यार्न के प्रसार में मजबूत सुधार हुआ है। इससे पूरे मूल्य श्रृंखला में लाभप्रदता बेहतर हुई है।

क्या अमेरिकी शुल्क कम होने से भारत को फायदा हुआ?: अमेरिकी शुल्कों में कमी भारतीय कपड़ा उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुई है। पहले ये शुल्क 50 फीसदी तक पहुंच गए थे, जिससे भारतीय उत्पादों की लागत बढ़ गई थी। दंडात्मक शुल्क हटने से कुल शुल्क जो 65-69 फीसदी तक थे, वे अब काफी कम हो गए हैं। इससे भारतीय निर्यातकों को वैश्विक बाजार में अपनी प्रतिस्पर्धात्मकता वापस मिली है। अमेरिका में दबी हुई मांग भी अब सामने आ रही है, जिससे भारतीय उत्पादों की बिक्री में वृद्धि हो रही है। यह बदलाव उद्योग के लिए एक बड़ी राहत लेकर आया है।

उद्योग के बुनियादी सिद्धांत कैसे मजबूत हुए हैं?: रिपोर्ट के अनुसार, उद्योग के बुनियादी सिद्धांतों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। कताई खंड में क्षमता का समेकन हुआ है, जिससे उत्पादन दक्षता बढ़ी है। कपास की लागत प्रतिस्पर्धा भी बहाल हुई है, जिससे निर्माताओं को फायदा मिल रहा है। यार्न के प्रसार में तेज वृद्धि देखी गई है, जो लाभप्रदता को बढ़ा रही है। इन सभी कारकों ने मिलकर पूरे मूल्य श्रृंखला में बेहतर लाभ सुनिश्चित किया है। यह सुधार उद्योग को भविष्य के लिए मजबूत आधार प्रदान कर रहा है।

भारत वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में कैसे मजबूत हो रहा है?: भारत यूके, यूरोपीय संघ और ऑस्ट्रेलिया जैसे प्रमुख बाजारों के साथ मुक्त व्यापार समझौते कर रहा है। ये समझौते उद्योग को संरचनात्मक सहायता प्रदान करेंगे। वैश्विक खरीदार अब बांग्लादेश और कंबोडिया जैसे शुल्क-मुक्त राष्ट्रों पर निर्भरता कम कर रहे हैं। वे अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं में विविधता लाने की कोशिश में हैं, जिससे भारत एक आकर्षक दीर्घकालिक सोर्सिंग विकल्प बन रहा है। मजबूत घरेलू मांग और अनुशासित पूंजी आवंटन से यह क्षेत्र टिकाऊ वृद्धि के लिए तैयार है। हालांकि, निवेशकों को अमेरिकी शुल्कों की निरंतरता और कपास की कीमतों में अस्थिरता पर नजर रखनी चाहिए।

### लीडकॉन 2026 का सफल आयोजन

## दो दिवसीय कार्यक्रम में छात्रों को करियर, नेतृत्व एवं उद्योग जगत की आवश्यकताओं की दी गई जानकारी

भोपाल ■ निप्र



जय नारायण कॉलेज ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट (जेएनसीबीएम), भोपाल में मैनेजमेंट एसोसिएशन (बीएमए) के सहयोग से दो दिवसीय 'लीडकॉन 2026' कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं मार्गदर्शन प्राचार्य डॉ. नेहा शर्मा के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को करियर निर्माण, नेतृत्व विकास तथा उद्योग जगत की वर्तमान आवश्यकताओं से अवगत कराना था।

कार्यक्रम में चार प्रतिष्ठित मानव संसाधन (एचआर) विशेषज्ञों ने अपने अनुभव साझा करते हुए छात्रों का मार्गदर्शन किया। इनमें अमेरिका स्थित नेटलिंक सॉफ्टवेयर ग्रुप की एचआर प्रोफेशनल मोनिका सांगवानी, आदित्य बिड़ला रियल एस्टेट के एचआर एवं औद्योगिक संबंध (आईआर) विशेषज्ञ अनिल दुबे, जीआरआई एचआर सॉल्यूशंस के एचआर सलाहकार विजय जी. जैन तथा ल्यूपिन लिमिटेड की पूर्व एचआर प्रमुख विंसी सेबेस्टियन शामिल थीं।

विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को रोजगार की तैयारी, साक्षात्कार में सफलता, व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता, संचार कौशल तथा कॉर्पोरेट जगत की अपेक्षाओं के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपने प्रश्नों के उत्तर प्राप्त किए।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि प्रो. आर. जी. चौकसे (पूर्व अधिष्ठाता, अकादमिक एवं छात्र कल्याण, एनआईटीटीटीआर, भोपाल) तथा भोपाल मैनेजमेंट एसोसिएशन (बीएमए) के प्रतिनिधि श्री आमिर खान, प्रबंधक, बीएमए विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए तथा महाविद्यालय के वार्षिक समाचार-पत्र (न्यूजलेटर) का विमोचन किया गया। समाचार-पत्र में विद्यार्थियों की उपलब्धियों, शैक्षणिक गतिविधियों एवं संस्थान की प्रमुख उपलब्धियों को स्थान दिया गया है।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गोविंद भार्गव, कुलसचिव डॉ. मोहित पंड्या, निदेशक डॉ. रविशंकर मिश्रा, अधिष्ठाता (शैक्षणिक) डॉ. मीतू सिंह, प्रवेश निदेशक अरुण पटेल एवं प्राचार्य डॉ. नेहा शर्मा सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

सभी वक्ताओं एवं अतिथियों ने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने, निरंतर सीखने तथा अपने कौशल का सतत विकास करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को उद्योग जगत की अपेक्षाओं को समझने तथा अपने करियर को सही दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### भारत को कृषि से उद्योग की ओर बढ़ना होगा: नीति आयोग

**नई दिल्ली।** नीति आयोग के उपाध्यक्ष अशोक लाहिड़ी ने भारत के कृषि क्षेत्र के लिए एक व्यापक सुधार एजेंडा पेश किया है, जिसमें मध्यम से दीर्घावधि में अधिशेष श्रम को उद्योग व सेवाओं में स्थानांतरित करने, कुशल बाजार बनाने और जिंस सब्सिडी को प्रत्यक्ष आय हस्तांतरण में बदलने पर जोर दिया गया है। उन्होंने आगाह किया कि आधी आबादी की आजीविका के लिए कृषि पर निर्भरता, जो जीडीपी का मात्र छठा हिस्सा है, संकट का कारण है। एक पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में लाहिड़ी ने जोर दिया कि कृषि से अधिशेष श्रम को उद्योग और सेवाओं जैसे उत्पादक क्षेत्रों में स्थानांतरित करना महत्वपूर्ण है। उन्होंने जिंस-आधारित सब्सिडी को प्रत्यक्ष नकद हस्तांतरण में बदलने की वकालत की, हालांकि इसे राजनीतिक रूप से चुनौतीपूर्ण बताया।

### उद्योगों और कॉर्पोरेट्स का हरित ऊर्जा की ओर रुझान

**नई दिल्ली।** देश के बड़े औद्योगिक और वाणिज्यिक उपभोक्ता (सीएंडआई) अब महंगी ग्रिड बिजली की बजाय सीधे सौर और पवन ऊर्जा परियोजनाओं से बिजली खरीद रहे हैं। 30-45 फीसदी तक की लागत बचत को मुख्य कारण बताते हुए, एंटीक स्टॉक ब्रोकिंग की रिपोर्ट बताती है कि वित्त वर्ष 2025 तक देश में सीएंडआई नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता बढ़कर लगभग 45 गीगावॉट हो गई है। यह क्षमता वित्त वर्ष 2030 तक 121-134 गीगावॉट तक पहुंच सकती है, जो सात साल पहले के मुकाबले तीन गुना से भी ज्यादा है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत की कुल बिजली मांग में सीएंडआई उपभोक्ताओं की हिस्सेदारी करीब 50 प्रतिशत है। उद्योगों को ग्रिड बिजली के लिए प्रति यूनिट 6.6-8.7 रुपये चुकाने पड़ते हैं।

### एथेनॉल वाले पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क खत्म

**नई दिल्ली।** पेट्रोल में उच्च एथेनॉल मिश्रण को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। अब 22 से 30 फीसदी तक एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल पर लगने वाले केंद्रीय उत्पाद शुल्क (एक्साइज ड्यूटी) को पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है। इस फैसले से ग्राहकों, तेल कंपनियों और आम किसानों को सीधा फायदा पहुंचने की उम्मीद है, साथ ही देश की ऊर्जा सुरक्षा भी मजबूत होगी। सरकार ने गजट नोटिफिकेशन के जरिए ई22, ई25, ई27 और ई30 श्रेणी के पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क शून्य किया है। दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कच्चा तेल आयातक देश भारत, लंबे समय से पेट्रोल में एथेनॉल मिश्रण बढ़ाने की नीति पर काम कर रहा है। यह कदम कच्चे तेल आयात पर निर्भरता कम करेगा और भविष्य में ईंधन की कीमतों को स्थिर रखने में सहायक होगा।

### विशेषज्ञों ने चेताया, वैश्विक तेल आपूर्ति पर गंभीर असर

## अमेरिका-ईरान तनाव से 150 डॉलर तक पहुंच सकता है कच्चा तेल: रिपोर्ट

नई दिल्ली ■ एजेंसी




अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ता तनाव अप्रैल में हुए युद्धविराम को गंभीर चुनौती दे रहा है, जिससे वैश्विक तेल बाजार में हलचल तेज हो गई है। एक रिपोर्ट के अनुसार टकराव युद्ध में बदला तो कच्चा तेल 150 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकता है, जिससे शेयर बाजार भी दबाव में हैं। एक ऊर्जा रिसर्च फर्म की रिपोर्ट बताती है कि खाड़ी क्षेत्र के छह प्रमुख तेल उत्पादक देशों से प्रतिदिन करीब 1.18 करोड़ बैरल तेल उत्पादन प्रभावित हुआ है, जिसे आधुनिक दौर में तेल आपूर्ति पर सबसे बड़ा असर माना जा रहा है। इस अनिश्चितता के कारण ब्रेंट क्रूड एक समय 94.5 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया था। हालांकि, तीन कारक बाजार को पूरी तरह बेकाबू होने से बचा रहे हैं: अमेरिका का रिकॉर्ड रणनीतिक भंडार जारी करना, चीन द्वारा कच्चे तेल का आयात कम करना, और सऊदी अरब के यानबू बंदरगाह से हॉर्मुज जलडमरूमध्य को बायपास कर 50 लाख बैरल तेल की दैनिक आपूर्ति। कुछ हफ्ते पहले अमेरिका-ईरान समझौते की 40 फीसदी संभावना अब कमजोर पड़ गई है। आने वाले दिन निर्णायक होंगे, जो तय करेंगे कि तनाव बातचीत से कम होगा या टकराव बढ़ेगा। रिपोर्ट के अनुसार पिछले तीन महीनों में वैश्विक बाजार से लगभग 100 करोड़ बैरल कच्चे तेल की आपूर्ति प्रभावित हुई है, जो अमेरिकी रणनीतिक भंडार का ढाई गुना है। विशेषज्ञों का मानना है कि जब तक युद्धविराम मजबूत नहीं होता, तेल की कीमतों में तेज उतार-चढ़ाव बना रहेगा।

### डाबर लाल दंत मंजन ने रवि किशन को बनाया ब्रांड एंबेसडर

## नया अभियान लॉन्च - 'दांत में हमार दम बा, डाबर लाल पे घमंड बा

नई दिल्ली ■ एजेंसी




भारत की प्रमुख एफएमसीजी कंपनियों में से एक डाबर इंडिया लिमिटेड ने आज अभिनेता और लोकप्रिय बॉलीवुड एवं भोजपुरी स्टार रवि किशन को डाबर लाल दंत मंजन का नया ब्रांड एंबेसडर नियुक्त करने की घोषणा की। इस साझेदारी के साथ कंपनी ने अपना नया इंटीग्रेटेड अभियान 'दांत में हमार दम बा, डाबर लाल पे घमंड बा' भी लॉन्च किया है। यह अभियान टेलीविजन, डिजिटल और प्रिंट प्लेटफॉर्म्स पर चलाया जाएगा, जिससे हिंदी और भोजपुरी भाषी क्षेत्रों के उपभोक्ताओं से ब्रांड का जुड़ाव और मजबूत होगा।

नियमित ओरल केयर अपनाने के बावजूद कई लोग आज भी दांत दर्द, मसूड़ों से खून आना, मसूड़ों में सूजन, सांसों की बदबू, दांतों का पीलापन और दाग जैसी समस्याओं से परेशान रहते हैं। इन समस्याओं को ध्यान में रखते हुए डाबर लाल दंत मंजन खुद को एक भरोसेमंद आयुर्वेदिक समाधान के रूप में प्रस्तुत करता है, जो समय-परीक्षित आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों से समृद्ध है और जिसकी प्रभावशीलता वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित है।

इस संदेश को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने के लिए रवि किशन को अभियान का चेहरा बनाया गया है। उनकी मजबूत जनअपील, गहरा सांस्कृतिक जुड़ाव और सहज व्यक्तित्व उन्हें इस ब्रांड के लिए आदर्श बनाता है। अपने अलग अंदाज़, लोगों से जुड़ने की क्षमता और हिंदी एवं भोजपुरी भाषी दर्शकों के बीच लोकप्रियता के कारण वे इस अभियान में विश्वसनीयता और मनोरंजन दोनों जोड़ते हैं। उनकी ऊर्जावान उपस्थिति ब्रांड के संदेश को और प्रभावशाली बनाते हुए बेहतर ओरल हेल्थ के प्रति गर्व और आत्मविश्वास को दर्शाती है - 'दांत में हमार दम बा, डाबर लाल पे घमंड बा।'

डाबर इंडिया लिमिटेड के मार्केटिंग हेड - ओरल केयर, श्री प्रशांत अग्रवाल ने कहा, 'हम डाबर परिवार में रवि किशन का डाबर लाल दंत मंजन के ब्रांड एंबेसडर के रूप में स्वागत करते हुए बेहद प्रसन्न हैं। इस अभियान के माध्यम से हमारा उद्देश्य भारतीय पारंपरिक 'दंत मंजन' की आदत को बढ़ावा देना और लोगों को मसूड़ों की मालिश की उस परंपरागत तकनीक के बारे में जागरूक करना है, जो रक्त संचार को बेहतर बनाने के साथ आयुर्वेदिक तत्वों की प्रभावशीलता को बढ़ाती है। रवि किशन के मजबूत सांस्कृतिक जुड़ाव के साथ हमें विश्वास है कि हम यह संदेश लाखों घरों तक अधिक प्रभावशाली और सहज तरीके से पहुंचा पाएंगे।' ब्रांड के साथ अपने जुड़ाव पर रवि किशन ने कहा, 'डाबर लाल दंत मंजन एक ऐसा नाम है, जिस पर पीढ़ियों से लोगों का भरोसा रहा है। मुझे गर्व है कि मैं ऐसे ब्रांड से जुड़ रहा हूं, जो आयुर्वेद की शक्ति को बढ़ावा देता है और लोगों को प्राकृतिक तरीके से अपनी ओरल हेल्थ का बेहतर ध्यान रखने के लिए प्रेरित करता है।'

## संक्षिप्त समाचार

### ईरान पर 22 देशों का आरोप, विरोधियों और पत्रकारों को निशाना बना रहा

**नई दिल्ली।** अमेरिका और ब्रिटेन सहित 22 देशों ने ईरान पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि वह विदेशों में रह रहे लोगों को धमकाने, उनका अपहरण करने और उन पर हमले की कथित साजिशों में शामिल है। इन देशों ने संयुक्त बयान जारी कर ऐसी गतिविधियों को तुरंत रोकने की मांग की है और अपने नागरिकों की सुरक्षा को लेकर सामूहिक प्रतिबद्धता जताई है। ब्रिटेन के विदेश मंत्रालय के अनुसार, ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी), उसकी कुद्स फोर्स और खुफिया एजेंसियां कथित रूप से ईरानी सरकार के विरोधियों, पत्रकारों तथा यहूदी और इजराइली समुदाय से जुड़े लोगों को निशाना बना रही हैं। बयान में इन गतिविधियों को अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बताया गया है। संयुक्त बयान में कहा गया है कि संबंधित देश मिलकर इन खतरों का मुकाबला करेंगे और ईरान से अपेक्षा करते हैं कि वह ऐसी सभी कथित कार्रवाइयों को तत्काल प्रभाव से बंद करे।

### नेपाल से भारत ले जाया जा रहा 922 किलोग्राम गांजा बरामद

**काठमांडू।** नेपाल सशस्त्र पुलिस बल (एपीएफ) ने आज सुबह देश से भारत ले जाया जा रहा 922 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। यह बरामदगी मोरंग जिले के सीमावर्ती क्षेत्र के जहदा से हुई है। सशस्त्र पुलिस बल, नेपाल सीमा सुरक्षा बल के सोमबारी बीओपी, नोचा तथा तरेगामा पोस्ट से खटाई गई संयुक्त टोली ने इस संबंध में पिकअप वाहन और मोटरसाइकिल को कब्जे में ले लिया है। यह गांजा 29 पैकेटों में धान की भूसी की बोरियों के नीचे छुपाकर पिकअप में रखा गया था। एपीएफ के अनुसार, पिकअप के एक मोटरसाइकिल (बीआर 38 जेड 7452) आगे चल रही थी। सुरक्षा कर्मियों को देखते ही दोनों चालक अपने वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गए।

### असली तृणमूल कौन है, चुनाव आयोग करेगा फैसला : काकोली

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की राजनीति में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के कथित विभाजन को लेकर चल रही अटकलों के बीच बारासात से लोकसभा सांसद काकोली घोष दस्तिदार के बयान ने नया विवाद खड़ा कर दिया है। उन्होंने दावा किया है कि पार्टी के भीतर एक अलग समूह के साथ लगभग 20 सांसद जुड़े हुए हैं और 'असली तृणमूल' का फैसला चुनाव आयोग करेगा। गुरुवार को मीडिया से बातचीत में सांसद ने कहा कि उनके साथ 20 सांसद हैं और वे सभी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ रहने के पक्ष में हैं। उन्होंने दावा किया कि हमारे साथ 20 सांसद हैं, इसलिए असली तृणमूल हम ही हैं। अंतिम फैसला चुनाव आयोग करेगा। यह बयान ऐसे समय आया है जब टीएमसी के भीतर नेतृत्व और संगठन को लेकर असंतोष की चर्चाएं तेज हैं और पार्टी के भीतर दो धड़ों की अटकलें राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बनी हुई हैं। काकोली घोष दस्तिदार ने कहा कि इस पूरे घटनाक्रम को हाल के चुनावी परिणामों से जोड़कर देखना गलत है। उन्होंने दावा किया कि यह प्रक्रिया अचानक नहीं शुरू हुई, बल्कि पिछले लगभग दो वर्षों से इस पर चर्चा चल रही थी। उन्होंने कहा कि यह कहना गलत है कि हम चुनाव हारने के बाद ऐसा कर रहे हैं। यह प्रक्रिया दो साल से चल रही है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि उनका पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ 40 वर्षों का संबंध रहा है, लेकिन मौजूदा परिस्थितियों में वे अलग राजनीतिक रुख अपना रहे हैं। विपक्ष के नेता और पार्टी के भीतर अलग धड़े के दावों पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि उन दावों से उनका कोई संबंध नहीं है। उन्होंने कहा कि ऋतब्रत बनर्जी क्या करना चाहते है।

### दुबई सड़क हादसे में मारे गए छह भारतीय प्रवासी और एक श्रीलंका का रहने वाला युवा

**दुबई।** एमिरेट्स रोड पर रविवार को हुए सड़क हादसे में मारे गए सभी सात कर्मचारियों की पहचान कर ली गई है। नियोक्ता कंपनी ने पुष्टि की है कि मृतकों में छह भारतीय प्रवासी और एक श्रीलंका का रहने वाला युवा है। इनमें तीन युवक उत्तर प्रदेश और तीन तेलंगाना के हैं। नियोक्ता कंपनी का मुख्यालय शारजाह में है। गल्फ न्यूज के अनुसार, नियोक्ता कंपनी बताया कि जान गंवाने वाले भारतीय प्रवासी कर्मचारियों में मार्कंडेय चौहान (39), अब्दुल रशीद (38) और मोहम्मद साकिब (31) उत्तर प्रदेश के हैं। सलीम सैयद (51), अब्दुल रफीक (37) और तिरुपति गोल्लापल्ली (23) तेलंगाना से हैं। सातवें मृतक सैमुअल रेंगासामी (34) श्रीलंका के उत्तरी प्रांत के रहने वाले थे। कंपनी के प्रवक्ता ने बताया कि सात में से पांच कर्मचारी 30 से 40 साल की उम्र के बीच के थे। उनमें सबसे कम उम्र के तिरुपति गोल्लापल्ली पिछले ही महीने 23 साल के हुए थे। सबसे उम्रदराज सलीम सैयद का जन्म भी दस्तावेजों के अनुसार मई में हुआ था। मोहम्मद साकिब अपने 32वें जन्मदिन से बस कुछ ही सप्ताह दूर थे।

---

टीएमसी में बगावत पर छलका महुआ मोइत्रा का दर्द

# सायोनी जैसे लोग पाला बदल लें तो किस पर भरोसा करेंगे?



**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

टीएमसी में बगावत और टूट की चर्चाओं के बीच पार्टी की सांसद महुआ मोइत्रा ने कहा है कि बीजेपी लोकसभा में बहुमत हासिल करने के लिए जोड़-तोड़ की राजनीति कर रही है। महुआ मोइत्रा ने कहा कि बीजेपी झूठ फैला रही है कि लोग टीएमसी से नाराज हैं।

टीएमसी की मुखर नेता महुआ मोइत्रा ने कहा कि टीएमसी को पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव में 2.6 करोड़ वोट मिले और बीजेपी को 2.9 करोड़। उन्होंने कहा कि फर्क सिर्फ 30 लाख वोटों का है और और 30 लाख वोटर्स जांच के दायरे में भी हैं।

इस सवाल के जवाब में कि क्या टीएमसी को चुनाव से पहले ही अपने भ्रष्ट नेताओं के खिलाफ कार्रवाई नहीं करनी चाहिए थी, महुआ ने कहा कि वह इस बात से सहमत हैं लेकिन जब सायोनी घोष जैसा व्यक्ति पाला बदल ले तो आप किस पर भरोसा करेंगे? कुछ ऐसा ही बागी विधायक अखरुज़्ज़मान ने किया।

महुआ मोइत्रा ने कहा कि योग्यता और मेहनत मायने रखती है लेकिन वफादारी बहुत जरूरी है। टीएमसी सांसद ने कहा, च्कुछ बातों से मुझे वाकई दुख हुआ है, सायोनी मेरी बच्ची जैसी है, मेरी बहन जैसी है, अगर कोई और हमारा साथ छोड़ता तो मुझे दुख नहीं होता लेकिन जब मैं उसकी ओर देखती हूं, वह मुझे मेरी बेटी की उम्र की लगती है, मैं उसे उसी तरह प्यार करती हूं।महुआ ने कहा कि सायोनी का भविष्य उज्जवल है, वह गरीबी से आई है, मेहनती है और उसमें प्रतिभा भी है, वह लोगों से जुड़ती है और अच्छे स्वभाव की है। अभी वह सिर्फ 33 साल की है, ऐसे लोगों को मेरी सलाह है कि देखो- मैं जानती हूं कि तुम डरे हुए हो लेकिन जब तक हम डर पर काबू नहीं पा लेते तब तक हम कुछ भी हासिल नहीं कर सकते। महुआ ने कहा कि लोकसभा में हम सभी लोग पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी की वजह से चुनाव जीते। एक महीने पहले तक काकोली घोष दस्तीदार और शताब्दी रॉय टीएमसी के उम्मीदवारों के लिए प्रचार कर रहे थे।

महुआ ने कहा कि ऋतुब्रत बनर्जी को टीएमसी ने राज्यसभा का सांसद बनाया और यह बहुत बड़ी गलती थी। महुआ ने यह भी कहा कि अगर बगावत करने वाले विधायकों को ममता बनर्जी या अभिषेक से इतनी परेशानी थी तो उन्हें वही करना चाहिए था जो शुभेंदु अधिकारी ने किया।

महुआ ने कहा, अगर इन लोगों को ममता बनर्जी और अभिषेक से नफरत होती तो वे ममता बनर्जी की पार्टी की टिकट पर चुनाव लड़ने से इनकार कर सकते थे लेकिन उनके अंदर ऐसा करने की हिम्मत नहीं थी। उन्होंने कहा है कि कानून कहता है कि विपक्ष के नेता और पार्टी के चीफ व्हिप का चुनाव राजनीतिक दल द्वारा किया जाता है ना कि विधायक दल के द्वारा, इसलिए हम लोग इस मामले में अदालत गए हैं।

पश्चिम बंगाल की कृष्णानगर लोकसभा सीट से सांसद महुआ ने कहा कि कोई भी पार्टी अपने आप में परफेक्ट नहीं होती लेकिन फासीवादी ताकतों से लड़ने के लिए यह मेरे पास अच्छा प्लेटफार्म है और मैं इसी में रहूंगी।

---

## ईरान, बहरीन, कुवैत पर ड्रोन और मिसाइलों की बौछार, होर्मुज बंद, अमेरिका की चेतावनी-अब सिर्फ बमों से होगी बात



**तेहरान/वाशिंगटन/ कुवैत सिटी/ मनामा ■ एजेंसी**

अमेरिका ने ईरान को दिन में तारे दिखा दिए हैं। अमेरिका की सेना इस समय भी ईरान पर मिसाइल और ड्रोन से से हमले कर रही है। ईरान ने भी होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करते हुए अमेरिका के साथी देशों बहरीन और कुवैत पर हमले शुरू कर दिए हैं। इससे समूचे मध्य पूर्व में सैन्य तनाव चरम पर पहुंच गया है।

गल्फ न्यूज, अल जजीरा और सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका ने ईरान पर फिर हमले किए हैं। तेहरान का कहना है कि उसने होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद कर दिया है। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ( आईआरजीसी) ने गुरुवार सुबह कहा कि अमेरिकी हमलों के बाद उसने कुवैत और बहरीन में अमेरिकी ठिकानों पर हमला किया। अमेरिकी मध्य कमान का कहना है कि आत्मरक्षा के लिए हमले जारी रहेंगे।

सेंटकॉम ने कहा कि अमेरिका ने रात भर पूरे ईरान पर ताजा हमले किए। इससे तीन महीने से चल रहे संघर्ष को खत्म करने की कोशिशें रुक गईं। तेहरान ने चेतावनी दी कि अब कोई जहाज होर्मुज से गुजर कर दिखाए। तेहरान ने कहा कि बहरीन और कुवैत में जहाजों और अमेरिकी संपत्तियों पर हमला किया गया है। वाशिंगटन ने कहा कि इस रणनीतिक जलमार्ग को बंद करने का दावा झूठा है। कमर्शियल टैंकर गुजर रहे हैं। कुवैत की सेना ने कहा कि देश पर लगातार हमले हो रहे हैं। वायु रक्षा प्रणाली ईरान के मिसाइल और ड्रोन हमलों का सामना कर रही है। आईआरजीसी ने कहा कि बहरीन पर भी हमला किया गया है। ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी इरना के अनुसार, अली और अहमद एयर फोर्स बेस पर अमेरिकी सेना के 18 महत्वपूर्ण ठिकानों को निशाना बनाया गया। शेख ईसा एयर बेस को उड़ा दिया गया है। बहरीन के गृह मंत्रालय गुरुवार सुबह कहा कि देश पर ईरान ने ड्रोन और मिसाइल से हमला किया है। उल्लेखनीय है कि बहरीन में अमेरिकी नौसेना का पांचवां बेड़ा तैनात है।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि हमने कल भी ईरान पर हमला किया था, आज उससे भी बड़ा हमला होगा। अमेरिका किसी को भी नहीं डरता। जिस दिन चाहेगा, नेतृत्व का झंडा उठाने वालों का हश्र सर्वोच्च नेता खामेनेई जैसा करेगा।

---

### आगामी चुनावों में उप्र की जनता पुनः मोदी-योगी को देगी आशीर्वाद : गोयल



**लखनऊ।** केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को लखनऊ में कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता आगामी चुनावों में एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को आशीर्वाद देगी। उन्होंने कहा कि पिछले 12 साल के कार्यकाल में प्रधानमंत्री मोदी ने देश को विकसित और आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए कई ऐतिहासिक काम किए हैं, ये सभी काम सुनहरे अक्षरों में लिखे जाएंगे।

## प्रधानमंत्री के जी7 में सहयोगी देशों के साथ द्विपक्षीय बैठकें और बातचीत की उम्मीद: विदेश मंत्रालय

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 14 से 18 जून के बीच फ्रांस और स्लोवाकिया की यात्रा पर रहेंगे और इस दौरान वे दुनिया की 7 बड़ी अर्थव्यवस्थाओं वाले देशों के समूह जी-7 के शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे।



विदेश मंत्रालय में पश्चिमी मामलों के सचिव सिबी जॉर्ज ने बताया कि 15 से 17 जून तक फ्रांस के एवियन में जी-7 शिखर सम्मेलन का आयोजन हो रहा है। 16 और 17 जून जी7 शिखर सम्मेलन के आउटरीच सत्रों के लिए तय किए गए हैं। प्रधानमंत्री अन्य आमंत्रित देशों के साथ इसमें भाग लेंगे। भारत को साझेदार देश के रूप में आमंत्रित किया गया है। यह जी-7 शिखर सम्मेलन में भारत की 13वीं भागीदारी होगी और प्रधानमंत्री मोदी लगातार सातवीं बार इस सम्मेलन में शामिल होंगे। जार्ज ने कहा, 'इस साल भारत को जी7 की कई बैठकों और कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए बुलाया गया था। विदेश मंत्री ने इस साल की शुरुआत में पेरिस में हुई जी7 देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लिया था। शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री के जी7 देशों, सहयोगी देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के साथ द्विपक्षीय बैठकें और बातचीत करने की भी उम्मीद है।' विदेश मंत्रालय के अनुसार प्रधानमंत्री की यात्रा फ्रांस के तीन शहरों- नीस, एवियन और पेरिस तथा स्लोवाकिया को कवर करेगी। प्रधानमंत्री फ्रांस में 52वें जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे और साथ ही फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे।

### संदेशखाली में तालाब से 16 आग्नेयास्त्र और 2345 जिंदा कारतूस बरामद

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के संदेशखाली हथियार मामले में राज्य पुलिस की विशेष कार्य बल (एसटीएफ) को जांच के दौरान एक और बड़ी सफलता मिली है। ताजा कार्रवाई में बसिरहाट पुलिस जिला क्षेत्र में चलाए गए तलाशी अभियान के दौरान गुरुवार को एक तालाब से 16 अतिरिक्त आग्नेयास्त्र और 2345 जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। एसटीएफ द्वारा जारी आधिकारिक बयान के अनुसार, यह कार्रवाई बसिरहाट और बारुईपुर क्षेत्र में चल रहे संयुक्त अभियान का हिस्सा है।

---

## मेघालय की आवाज बनेंगे जेम्स संगमा राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित

**शिलांग ■ एजेंसी**



मेघालय की एकमात्र राज्यसभा सीट पर नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) के वरिष्ठ नेता जेम्स संगमा निर्विरोध निर्वाचित हो गए हैं। नामांकन वापसी प्रक्रिया पूरी होने के बाद मेघालय विधानसभा के सचिव एवं रिटर्निंग अधिकारी माल्थस एस. संगमा ने उन्हें निर्वाचन प्रमाण पत्र सौंपकर उनकी जीत की औपचारिक घोषणा की।

प्रमाण पत्र प्राप्त करने के बाद जेम्स संगमा ने कहा कि राज्यसभा में मेघालय का प्रतिनिधित्व करना उनके लिए सम्मान के साथ-साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा कि वह संसद में मेघालय और पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र की आवाज को मजबूती से उठाने का प्रयास करेंगे, ताकि क्षेत्र से जुड़े मुद्दों को राष्ट्रीय स्तर पर उचित महत्व मिल सके।

उन्होंने कहा कि खासी और गारो भाषाओं को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल कराने तथा मेघालय में इनर लाइन परमिट (आईएलपी) लागू करने जैसे लंबे समय से लंबित मुद्दों को वह प्राथमिकता के आधार पर संसद में उठाएंगे। उन्होंने कहा कि इन दोनों विषयों पर मेघालय विधानसभा पहले ही प्रस्ताव पारित कर चुकी है।जेम्स संगमा ने यह भी कहा कि वह राज्य सरकार और केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों के साथ समन्वय स्थापित कर विकास परियोजनाओं को गति देने तथा सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रयास करेंगे। अपनी उम्मीदवारी को लेकर सत्तारूढ़ गठबंधन के भीतर मतभेदों की अटकलों पर उन्होंने कहा कि अंततः सभी सहयोगी दलों ने सर्वसम्मति से उनका समर्थन किया। उन्होंने इसे लोकतांत्रिक प्रक्रिया का स्वाभाविक हिस्सा बताया। सीमा सुरक्षा और बुनियादी ढांचे के मुद्दों पर संगमा ने कहा कि वह सीमा बाड़बंदी सहित लंबित परियोजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए राज्य और केंद्र सरकार के साथ मिलकर काम करेंगे।

### अरुणाचल : ताई तागाक राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित

**इटानगर।** अरुणाचल प्रदेश से राज्यसभा के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार ताई तागाक को गुरुवार को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। नामांकन वापस लेने की समय-सीमा खत्म होने तक मैदान में कोई अन्य उम्मीदवार नहीं था। अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया पेज पर यह जानकारी दी और कहा कि ताई तागाक का राज्यसभा सांसद के तौर पर निर्विरोध चुना जाना अरुणाचल प्रदेश के लिए गर्व का क्षण है। वर्षों तक राज्य की सेवा करने के बाद, अब उन पर राष्ट्रीय स्तर पर हमारे लोगों की उम्मीदों, चिंताओं और आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करने की जिम्मेदारी है। सार्वजनिक जीवन में उनका व्यापक अनुभव निश्चित रूप से संसद में अरुणाचल प्रदेश की आवाज को मजबूत करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा है कि इस योग्य उपलब्धि के लिए उन्हें मेरी हार्दिक बधाई।

## ब्रिक्स सम्मेलन में भारत का संदेश, छोटे किसानों को मजबूत किए बिना खाद्य सुरक्षा संभव नही

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**



मध्य प्रदेश की व्यावसायिक राजधानी और स्वच्छता के प्रतीक इंदौर में ब्रिक्स देशों के कृषि मंत्रियों के दो दिवसीय सम्मेलन का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भारत की कृषि शक्ति, सांस्कृतिक मूल्यों और वैश्विक सहयोग की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में च्वसुधैव कुटुंबकमज्ज् की भावना को आगे बढ़ाते हुए दुनिया को एक परिवार मानकर शांति, समन्वय और साझेदारी आधारित विकास पर जोर दिया। कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर भी मौजूद रहे।

शिवराज सिंह चौहान ने अपने संबोधन में अतिथि देवो भवः की भारतीय परंपरा का उल्लेख करते हुए सभी प्रतिनिधियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि भारत हमेशा वैश्विक एकता, शांति और सहयोग का समर्थक रहा है। उनके अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का दृष्टिकोण युद्ध नहीं, शांति; संघर्ष नहीं, समन्वय पर आधारित है, जो वैश्विक कृषि सहयोग के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत बन सकता है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह मंच विशेष रूप से छोटे और सीमांत किसानों के सामने मौजूद चुनौतियों, जैसे जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक संसाधनों पर बढ़ते दबाव और बाजार की अनिश्चितताओं का सामूहिक समाधान खोजने के लिए महत्वपूर्ण है।

---

*अमेरिका-ईरान संघर्ष के बीच ओमान से भारत के लिए बुरी खबर*

# ओमान में जहाज पर हमला, 20 भारतीय सही सलामत

**मस्कट /तेहरान /वाशिंगटन / नई दिल्ली ■ एजेंसी**

*अमेरिका और ईरान के हमलों के बीच आज ओमान से भारत के लिए अच्छी खबर नहीं आई। ओमान में कमर्शियल जहाज पर हमले की पुष्टि भारत सरकार ने कर दी है। इसमें 20 भारतीय नाविक सवार हैं। सुकून यह है कि सभी सही सलामत हैं। ईरान की सेना ने अमेरिकी हमलों के जवाब में ड्रोन और मिसाइल की बौछार कर बहरीन, कुवैत और जॉर्डन को दहला दिया है। पूरा मध्य पूर्व तनाव से हिल गया है। चीन से सभी पक्षों से पीछे लौटने की अपील की है। ईरान ने कहा है कि उसने होर्मुज जलडमरूमध्य को पूरी तरह बंद कर दिया है।*

*टाइम्स ऑफ ओमान, अल जजीरा, गल्फ न्यूज, सीबीएस न्यूज और सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार भारत ने अमेरिका से फारस की खाड़ी इलाके में जहाजों पर हमले रोकने को कहा है। इस जहाज पर हमले से पहले ऐसी ही घटना में तीन भारतीयों की मौत हो चुकी है। भारत ने कड़ी चिंता जताते हुए अमेरिका से होर्मुज जलडमरूमध्य के पास जहाजों पर हमले रोकने को कहा है।*



*नई दिल्ली में आज संवाददाता सम्मेलन में भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि एमटी सेटेबेलो जहाज पर हमले के बाद अमेरिकी पक्ष के सामने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। भारत के विदेश मंत्रालय के सचिव असीम महाजन ने आज बताया कि आज ही ओमान के तट के पास एक और कमर्शियल जहाज एमटी जलवीर पर भी हमला किया गया। गिनी-बिसाऊ के झंडे वाले इस जहाज पर 20 भारतीय क्रू मेंबर है। सभी सुरक्षित बताए जा रहे हैं।*

*ओमान में भारतीय दूतावास ने कहा है कि वह उत्तरी ओमान के शिनास पोर्ट के पास एक जहाज से जुड़ी घटना पर बारीकी से नजर रख रहा है और क्रू की सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रयासों के तहत स्थानीय अधिकारियों के साथ तालमेल बिठा रहा है। दूतावास ने पुष्टि की कि एमटी जलवीर से क्रू सदस्यों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। इसमें रॉयल नेवी ऑफ ओमान की मदद ली गई। उल्लेखनीय है कि शिनास पोर्ट ओमान के नॉर्थ अल बातिनाह गवर्नरेट में स्थित है और देश के समुद्री व्यापार के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र है।मौजूदा परिदृश्य पर ईरानी अधिकारी ने कहा कि जब तक अमेरिका ईरान के हितों का सम्मान नहीं करता, तब तक युद्ध जारी रहेगा। अधिकारी मोहम्मद मोखबेर ने कहा कि भविष्य में अमेरिका के किसी भी हमले का ईरान और भी कड़े और जोरदार तरीके से जवाब देगा।*

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल**
**(विद्युत विभाग)**

क्रमांक 113/ वि.शा./2025 — भोपाल, दिनांकः 11.06.2025

निम्नलिखित कार्य हेतु दो लिफाफा पद्धति के अनुसार मोहरबंद निविदायें निर्धारित प्रपत्र पर ऑनलाईन आमंत्रित की जाती हैं-

| क्रमांक | ऑन लाईन निविदा क्रमांक | कार्य का विवरण | अनुमानित राशि | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र की कीमत | ठेकेदार की श्रेणी | कार्य हेतु निर्धारित सामग्री | निविदा की अवधि | कार्य की की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD _514964_1 | Lighting arrange-ment at Indira Nagar Multi (Kushabhau Thakre Phase-02) in Ward No. 48 Bhopal. | 4,77,360/- | 4,775/- | 2,000/- | Registered Electrical Contractor in central-ized regis-tration sys-tem in MPPWD having valid electrical license | MPUADD SOR2021 items | 15 Days | 30 Days |

**नियम एवं शर्तेः-**

(1). निविदा प्रपत्र की निर्धारित राशि/धरोहर राशि एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करने होंगे। अन्य समस्त विस्तृत जानकारी www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

(2). ऑनलाईन निविदा में सभी प्रकार के संशोधनों की जानकारी मात्र www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है।

(3). 18% GST अतिरिक्त देय होगा।

सहायक यंत्री (वि.)
नगर निगम, भोपाल

नि.क्र. 305/026/027



भोपाल। आज नाइन मसाले में मध्य प्रदेश शिक्षक संघ द्वारा आयोजित पत्रकार वार्ता में मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर छात्रबीर सिंह राठौर द्वारा बताया कि 2025 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा शिक्षकों की परीक्षा के लिए गए दिए गए निर्णय को लेकर सुप्रीम कोर्ट द्वारा यथावत रखे जाने के कारण मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ क्षितिज सिंह राठौड़ एवं महामंत्री राकेश गुप्ता द्वारा बताया कि सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय को बदलने के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को ज्ञापन दिया जाएगा। इस संबंध में प्रदेश अध्यक्ष द्वारा विस्तार जानकारी दी।

### भोपाल में टैक्सी ड्राइवरों ने कटोरा लेकर मांगी भीख

# फटे कपड़ों में ओला-उबर की नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन, बोले- भीख मांगने की नौबत आ गई

भोपाल ■ अमृत दर्शन

राजधानी भोपाल में ऐप आधारित टैक्सी सेवाओं के खिलाफ शुक्रवार को अनोखा प्रदर्शन देखने को मिला। भोपाल टैक्सी चालक संघ के बैनर तले बड़ी संख्या में ड्राइवर बोर्ड ऑफिस चौराहे पर इकट्ठा हुए और फटे कपड़े पहनकर कटोरा लेकर प्रतीकात्मक भीख मांगते नजर आए। ड्राइवरों ने ओला, उबर और रेपिडो कंपनियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और आरोप लगाया कि कंपनियों की नीतियों ने उन्हें इस हालात में पहुंचा दिया है। प्रदर्शन के दौरान एक ड्राइवर ने भावुक होकर कहा, भैया, कंपनियों ने हमारी हालत ऐसी कर दी है कि कपड़े तक नहीं खरीद पा रहे। चड्डी-बनियान



तक फट चुकी है। रेट इतने कम हैं कि गाड़ी चलाना भी मुश्किल हो गया है।

**9 प्रति किमी मिल रहा, खर्च 11 तक:** संघ के कार्यवाहक अध्यक्ष श्रवण कुमार शर्मा ने बताया कि वर्तमान में ड्राइवरों को औसतन 9 प्रति किलोमीटर तक ही किराया मिल रहा है, जबकि डीजल, पेट्रोल और सीएनजी के बढ़े दामों के कारण गाड़ी का खर्च 11 प्रति किलोमीटर तक पहुंच गया है। उन्होंने कहा, दो में से एक ही काम हो पा रहा है, या तो घर चला लें या गाड़ी की किस्त भरें। दोनों एक साथ संभव नहीं है।

**सरकार और कंपनियों पर अनदेखी का आरोप:** महामंत्री राजेश कुमार नागले ने कहा कि आरटीओ की गाइडलाइन के अनुसार जो किराया तय किया गया है, उसका पालन कंपनियां नहीं कर रही हैं। उन्होंने बताया, 2014-15 में जब कंपनियों ने भोपाल में काम शुरू किया था, तब गाइडलाइन का पालन हुआ। लेकिन बाद में मनमानी शुरू हो गई और अब हालात ऐसे हैं कि ड्राइवरों का जीना मुश्किल हो गया है।

**आश्वासन मिलता है, समाधान नहीं:** चालकों का कहना है कि वे लंबे समय से अपनी मांगें उठा रहे हैं, लेकिन हर बार केवल आश्वासन देकर मामला टाल दिया जाता है। एक चालक ने कहा, निर्णय कुछ नहीं निकलता, बस आश्वासन देकर निकल जाते हैं।

**किराया बढ़ाने के अलावा कोई विकल्प नहीं:** संघ ने स्पष्ट किया कि उनका मुख्य मुद्दा सरकार द्वारा निर्धारित किराए का पालन कराना है। आरोप है कि कंपनियां एक प्रावधान का हवाला देकर निर्धारित किराए से भी कम भुगतान कर रही हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### एमपी के रिटायर्ड IAS नियाज खान का विवादित बयान, बोले- मुस्लिम ज्यादा बच्चे पैदा करते हैं

भोपाल। मध्यप्रदेश कैडर के रिटायर्ड आईएएस अधिकारी और लेखक नियाज खान एक बार फिर अपने बयानों को लेकर चर्चा में हैं। डॉन अबू सलेम की प्रेम कहानी और 'ब्राह्मण द ग्रेट' जैसे उपन्यास लिख चुके नियाज खान ने देश में बढ़ती आबादी को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर विवादित टिप्पणी की है। उन्होंने सरकार से जबरन नसबंदी लागू करने की मांग करते हुए खासतौर पर मुस्लिम समुदाय का उल्लेख किया है। नियाज खान ने शुक्रवार सुबह किए गए अपने पोस्ट में लिखा कि देश की डेढ़ अरब आबादी अब नासूर बन चुकी है। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि लोगों की जबरदस्ती नसबंदी कराने पर विचार किया जाए। उन्होंने लिखा कि लोग स्वयं नसबंदी कराएं या सरकार इसे अनिवार्य बनाए। खान ने आगे कहा कि मुस्लिम समुदाय में ज्यादा बच्चे पैदा होते हैं, इसलिए उनकी नसबंदी कड़ाई से कराई जानी चाहिए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि ऐसा नहीं किया गया तो देश का भविष्य अंधकारमय हो जाएगा।

### भोपाल-ग्वालियर के बीच बनेगा नया ग्रीनफील्ड कॉरिडोर

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में एक और ग्रीनफील्ड हाईवे प्रोजेक्ट आकार लेने जा रहा है। भोपाल और ग्वालियर के बीच नया 4-लेन ग्रीनफील्ड कॉरिडोर बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। परियोजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने के लिए इसी महीने टेंडर जारी किए जाएंगे। नए मार्ग के बनने से दोनों शहरों के बीच की दूरी मौजूदा लगभग 425 किलोमीटर से घटकर 340-350 किलोमीटर रह जाएगी। इस नए कॉरिडोर के जरिए भोपाल से ग्वालियर की यात्रा में लगने वाला समय भी कम होगा। वर्तमान में यह सफर 7 से 8 घंटे में पूरा होता है, जबकि नई सड़क बनने के बाद करीब साढ़े पांच घंटे में गंतव्य तक पहुंचा जा सकेगा। मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम (एमपीआरडीसी) इस परियोजना को बीओटी (बिल्ड-ऑपरेट-ट्रांसफर) मॉडल पर अगले तीन वर्षों में पूरा करने की योजना बना रहा है।

### सड़क हादसे में घायल वृद्ध ने अस्पताल में तोड़ा दम

**भोपाल।** श्यामला हिल्स थाना इलाके में हुए सड़क हादसे में घायल वृद्ध की अस्पताल में मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुचीं पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक 75 वर्षीय मोहर सिंह को बीती रात करीब बारह बजे गंभीर हालत में इलाज के लिये हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सूचना मिलने पर पहुचीं पुलिस को जानकारी मिली की जो व्यक्ति घायल को अस्पताल लेकर आया था। वह उन्हें उसे भर्ती कराकर चला गया। उसने ही घायल का नाम मोहर सिंह लिखवाया था। अस्पताल में थोड़ी देर बाद ही डॉक्टर ने बुजुर्ग को मृत घोषित कर दिया। मर्ग कायम कर आगे की जांच की जा रही है। जॉच टीम का कहना है कि फिलहाल हादसे का सही कारण साफ नहीं हो सका है। पुलिस उनके परिजनों के बारे में जानकारी जुटा रही है। इधर बजरिया पुलिस ने बताय की चांदबड़ इलाके में नाले में मिले अज्ञात व्यक्ति के शव की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस को सूचना मिली थी कि गरमगड्डा क्षेत्र के पास नाले की पुलिया के नीचे एक शव पड़ा हुआ है। मौके पर पहुचीं पुलिस ने देखा कि शव काफी पुराना और सड़ चुका था।

### जी का जंजाल बना जाम-तो फिर पुलिस का क्या काम?

# वेंटिलेटर पर भोपाल का ट्राफिक सिस्टम ट्रीटमेन्ट के लिये नहीं मिल रहा कोई सिंघम

भोपाल ■ क्राईम रिपोर्टर

गंभीर बीमारी के ग्रस्त ट्राफिक सिस्टम को वेंटिलेटर पर रख दिया गया है। ट्रीटमेन्ट सही नहीं मिला तो ट्राफिक सिस्टम का क्या होगा इसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। राजधानी का कोई कोना ऐसा नहीं क्या है जहां जाम मे आम नागरिक न फसता हो पर पुलिस के आला अधिकारी इस बात को आसानी से मानने को तैयार नहीं है। जबकि सत्यता यह है कि ट्राफिक जाम जी का जंजाल बन चुका है। कर्मचारी रोजमर्रा कमाने खाने वाले मजदूर कारोबारी खरीददार विद्यार्थी मरीज हर कोई ट्राफिक जाम से त्रस्त हो रहे हैं यह समस्या कभी कभार या एक दो दिन की नहीं बल्कि हर रोज सुबह से देर शाम तक की है।



फाईल फोटो

ट्राफिक जाम में यदि कोई नहीं फसता है तो वह है पॉवर फुल नेता या बड़े प्रशासनिक अधिकारी क्योंकि इनकी आवाजाही के लिये ट्राफिक पुलिस कर्मी खुद सेवा में मुस्तैद दिखाई देने लगते है यही नहीं यातायात को व्यवस्थित करने के उद्देश्य से बड़े अफसर भी लावलश्कर के साथ मोर्चा सम्हाल लेते हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार टी.टी. नगर, हमीदिया रोड, छोला रोड, भोपाल टाकीज, रायलमार्केट, बैरागढ़, कोलार, गोविन्दपुरा, पिपलानी, एमपी नगर, प्रभात चौराह, हबीबगंज, मंडीदीप रोड पर ट्राफिक जाम की स्थिति बेहद चिंता जनक हो चुकी है। चेकिंग पाइंट पर हेलमेट न पहनने वालों पर एक्शन लिया जा रहा है परन्तु जाम के मामले में शायद पुलिस के पास समय का अभाव रहता होगा रहा सवाल चेकिंग का तो इसके लिये समय ही समय रहता है क्योंकि बात ही कुछ और है।

#### ट्राफिक सुधारने पर विशेष कार्य जारी है: डीसीपी

पिछले एक डेढ़ साल से काफी काम चल रहा है पहले जो जाम की स्थिति बनती थी उसमे सुधार हुआ है एडिशनल डीसीपी बसंत कुमार कौल ने अमृत दर्शन से चर्चा करते हुए कहा कि मेट्रो का कार्य चलने के कारण कुछ समस्याएं हुई है। 06 नं. फ्लेट फार्म के तरफ मेट्रो का सेन्ट्रल लाइब्रेरी से काली मंदिर तक बैरियर लगाये गये हमीदिया रोड पर भी बैरियर लगा दिया गया है रायल मार्केट पहले जैसी स्थिति नहीं है जहां-जहां पहले जाम लगने से समस्या उत्पन्न होती थी अब उन स्थानों पर विशेष कार्य किये जा रहे हैं ताकि शहरवासी ट्राफिक जाम से राहत महशूस कर सकें।



### भोपाल में संदिग्ध हालत में महिला की मौत

# शराब पीकर लौटे पति से हुआ था विवाद, पिता ने हत्या का आरोप लगाया



भोपाल ■ अमृत दर्शन

भोपाल के कोलार थाना क्षेत्र की बंजारा बस्ती में महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद मायके पक्ष ने महिला के पति पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतका की पहचान बबीता अहिरवार (30) के रुप में हुई है।

**बेटे ने नाना को दी सूचना:** मृतका के पिता हरनाम सिंह ने बताया कि गुरुवार रात करीब 8 बजे उनका 7 साल का नाती समर्थ दौड़ता हुआ उनके घर पहुंचा और कहा कि 'पापा ने मम्मी को मार दिया है।' यह सुनते ही परिवार के लोग बबीता के घर पहुंचे, जहां वह जमीन पर पड़ी मिली।

**शरीर पर मिले चोट के निशान:** परिजनों का कहना है कि मौके पर बबीता की चूड़ियां टूटी हुई थीं। उसके हाथ पर चोट के निशान थे, जबकि गले पर उंगलियों जैसे निशान दिखाई दे रहे थे। पिता का आरोप है कि उसकी गला दबाकर हत्या की गई है।

**9 साल पहले हुई थी शादी:** बबीता और सुनील की शादी करीब 9 साल पहले हुई थी। उनके दो बच्चे हैं, जिनमें 7 साल का बेटा समर्थ और 4 साल की बेटी है।

#### पति की शराब की आदत को लेकर होता था विवाद

परिजनों के अनुसार बबीता का पति सुनील अहिरवार वेल्डिंग का काम करता है और शराब पीने का आदी है। वह अक्सर शराब के नशे में घर आता था, जिसका बबीता विरोध करती थी। इसी बात को लेकर दोनों के बीच आए दिन विवाद होता था। घटना वाली रात भी पति शराब पीकर घर लौटा था और दोनों के बीच कहासुनी हुई थी।



भोपाल। कांग्रेस के विधायकगण एवं वरिष्ठ नेता राष्ट्रपति से मिलने दिल्ली पहुंचे लेकिन राष्ट्रपति सचिवालय से ईमेल के माध्यम से समय न होने की सूचना दे दी गई।

# म.प्र. स्वर्णकार समाज कल्याण समिति के चुनाव जुलाई में

भोपाल ■ अमृत दर्शन

म.प्र. स्वर्णकार समाज कल्याण समिति के त्रैवार्षिक चुनाव जुलाई 2026 में कराने का निर्णय साधारण सभा में लिया गया था। इस वास्ते रजिस्ट्रार फर्म एवं सोसाइटी को इस संबंध में पत्र के माध्यम से अवगत करा दिया गया है। निर्वाचन अधिकारियों की बैठक में महामंत्री अखिलेश सोनी ने चुनाव की पूरी प्रक्रिया से अवगत कराया। प्रदेश अध्यक्ष ओ.पी. सोनी ने 30 वर्षों से चले आ रहे चुनाव के संबध में तीनों निर्वाचन अधिकारियों को अवगत कराया। निर्वाचन अधिकारी पी.एन. स्वर्णकार एडवोकेट विनोद सोनी (कलेक्ट्रेट)



तरुण सोनी एडवोकेट को चुनाव के लिये अपने अपने सुझाव दिये जिसे समिति ने स्वीकार कर लिया । यह चुनाव तीन वर्षों के लिये आदर्श विधान की धारा 10 (अ) के अनुसार किये जाते रहे हैं।

### आपके काम की बात -पंडित जगत शर्मा

# अधिक मास का अंतिम प्रदोष व्रत आज, शिव आराधना से होगा लाभ

भोपाल ■ अमृत दर्शन

अधिक मास (पुरुषोत्तम मास) अपने समापन की ओर है। आज अधिक मास का अंतिम प्रदोष व्रत है। अधिक मास में आने वाले प्रदोष व्रत का महत्व और पूजा फल सामान्य दिनों से कई गुना अधिक बढ़ जाता है। इस पावन समय में महादेव के साथ-साथ भगवान श्रीहरि विष्णु की कृपा भी एक साथ प्राप्त होती है, जिसे 'हरि-हर' संयोग कहा जाता है।

**अधिक मास प्रदोष व्रत का महत्वपुण्यों की वृद्धि:** अधिक मास में किए गए व्रत, दान और तप का फल अनंत गुना होकर मिलता है। ऐसी मान्यता है कि अधिक मास में भगवान शिव की आराधना का महत्व सावन के महीने में की जाने वाली शिवभक्ती बराबर ही है।

**पापों का नाश:** मान्यता है कि इस दिन सच्चे मन से शिव-पार्वती की आराधना करने से संचित पाप नष्ट हो जाते हैं।

**ग्रह दोषों से मुक्ति:** यह व्रत कुंडली के चंद्र दोष, शनि दोष और अन्य ग्रहों की बाधाओं को शांत करने में अत्यधिक प्रभावी माना जाता है।

**सौभाग्य और समृद्धि:** इस दिन पूजा करने से घर में सुख, शांति, लक्ष्मी का वास और अखंड सौभाग्य का वरदान मिलता है।

**आवश्यक पूजा सामग्री :** शाम की पूजा से पहले अपनी थाली में इन मुख्य सामग्रियों को अवश्य शामिल करें। जैसे शुद्ध गंगाजल, कच्चा दूध, दही, शहद, और घी (पंचामृत)बेलपत्र (कटे-फटे न



हों), धतूरा, और मदार के फूलचंदन (सफेद या पीला), अक्षत (अखंडित चावल)कलावा (मौली), जनेऊ, अबीर, गुलालधूप, अगरबत्ती, कपूर, और गाय के घी का दीपकव्रत ।

**पूजा की संपूर्ण विधि:** प्रदोष व्रत की मुख्य पूजा प्रदोष काल (सूर्यास्त के समय और उसके ठीक बाद का काल) में की जाती है।

**प्रातः काल की विधिसंकल्प:**

1.सूर्योदय से पहले उठकर स्नान करें और साफ वस्त्र धारण करें। हाथ में जल लेकर व्रत का संकल्प करें।

2. शिव स्मरण: भगवान शिव की सामान्य पूजा करें, जलाभिषेक करें और पूरे दिन फलाहार या निर्जला व्रत रखें।

**प्रदोष काल ( शाम की मुख्य पूजा )**

**1.तैयारी:** शाम को सूर्यास्त से ठीक पहले दोबारा स्नान करें या हाथ-पैर धोकर स्वच्छ वस्त्र पहनें।

**2. अभिषेक:** शिवलिंग पर पहले गंगाजल, फिर पंचामृत (दूध, दही, घी, शहद, शक्कर) और अंत में दोबारा शुद्ध जल चढ़ाएं।

**3. श्रृंगार:** शिवजी को चंदन का तिलक लगाएं। अक्षत, बेलपत्र, धतूरा और फूल '? नमः शिवाय' मंत्र बोलते हुए अर्पित करें। कथा और आरती:

4. प्रदोष व्रत की पौराणिक कथा (जैसे विदर्भ देश के राजकुमार धर्मगुप्त की कथा) पढ़ें या सुनें। इसके बाद कपूर जलाकर शिवजी और माता पार्वती की आरती करें।

**5. क्षमा याचना:** पूजा के अंत में अनजाने में हुई गलतियों के लिए भगवान से क्षमा मांगें। इसके बाद ही अपना व्रत खोलें (फलाहार या सात्विक भोजन करें)।

**व्रत के मुख्य नियम और सावधानियां**

1. तुलसी निषेध: शिव पूजा में भूलकर भी तुलसी के पत्तों का उपयोग न करें।

**2. सात्विकता:** व्रत के दिन मांस, मदिरा, तामसिक भोजन (प्याज-लहसुन) और नकारात्मक विचारों से पूरी तरह दूर रहें।

**3. अखंड चावल:** शिवलिंग पर चढ़ाए जाने वाले चावल (अक्षत) टूटे हुए नहीं होने चाहिए।

### अचारपुरा में अवैध खनन, जांच के आदेश

# अभियान के नाम पर अधिकारी के बेटे ने निकाला 150 डंपर कोपरा

भोपाल ■ अमृत दर्शन

भोपाल के अचारपुरा के डोबरा रोड स्थित कुठार की चंदेरी झील में जल गंगा संवर्धन अभियान के नाम पर अवैध उत्खनन का मामला सामने आया है। आरोपों के बाद एडीएम सुमित पांडे ने जिला खनिज अधिकारी से रिपोर्ट तलब की है। शिकायत में आरोप है कि झील से करीब 150 डंपर कोपरा निकालकर बिना रॉयल्टी बेचा गया।

जानकारी के अनुसार, कुठार के सरपंच पति गिरजेश ने खुदाई का काम जिला खनिज अधिकारी एलएम गोयल के बेटे शुभम गोयल को सौंपा था। प्रारंभ में मिट्टी निकाली गई, लेकिन बाद में कोपरा निकाले जाने की शिकायत सामने आई है। अब यह जांच की जाएगी कि निकाला गया कोपरा कहां और किसे बेचा गया।

**खनिज अधिकारी को ही जांच का जिम्मा:** एडीएम ने बताया कि कोपरे के उत्खनन और बिक्री की जांच के निर्देश जिला खनिज अधिकारी एमएस रावत को दिए गए हैं। जिले में पिछले एक महीने से तालाबों और नदियों के गहरीकरण का काम चल रहा है। आरोप हैं कि कई स्थानों पर अभियान की आड़ में रेत, मुरम और कोपरा निकालकर बेचा जा रहा है।

अर्रावती और फुल्हौर ग्राम पंचायतों में पंचायत सचिव राजपाल सिंह सोलंकी ने चार पुलिया, दो सीसी सड़क, श्मशान घाट सौंदर्यीकरण, चबूतरा और टीनशेड के काम सिर्फ कागजों में करा दिए।

प्रकाशक ,मुद्रक एवं स्वामी डी.पी. गोयल द्वारा सुख सागर,6 पत्रकार नगर, कोलार रोड, भोपाल से प्रकाशित तथा श्री बालाजी प्रिन्टर्स, 21- एच. इंडस्ट्रीयल एरिया, गोविन्दपुरा, भोपाल-462023 (म.प्र.) से मुद्रित । फोनः 4240007 फैक्स 0755-4296195 , आर.एन.आई नं. 50259/90 डाक पंजीयन नं. म.प्र./भोपाल/86/24-26 न्यायिक क्षेत्र भोपाल होगा। प्रधान संपादकः डी.पी. गोयल । मोबाईल नं. 9827054436 ।